www.anantgyaan.in
हैप्पी रक्षाबंधन
# अनंत ज्ञान
रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 9 अगस्त 2025 | 25 श्रावण, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 222, कुल पृष्ठ 12+2 (जैकेट) =14 मूल्य : 5 रुपए follow us on: 8894521702



**पुराने बिलासपुर की डूबती यादें**

# भाखड़ा बांध ने छीना वजूद, आज भी 'प्लॉट' की राह देख रहे हैं विस्थापित



जलमग्न हुआ बिलासपुर के राजा का राजमहल। (फाइल फोटो)

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

*उन्होंने अपने आंगन छोड़ दिए, ताकि देश के घर रोशन हो सकें... उन्होंने अपने पुरखों की मिट्टी को जल को समर्पित कर दिया, ताकि विकास की नई धारा बहे...*

***9 अगस्त 1961:*** *एक तारीख, जो सिर्फ कैलेंडर का पन्ना नहीं, बल्कि हजारों जिंदगियों के बिछड़न की गवाही है।*

*भाखड़ा बांध के निर्माण ने जहां देश को ऊर्जा दी, वहीं हजारों परिवारों को उनकी जड़ों से उखाड़ दिया। पुराना बिलासपुर शहर जल समाधि ले चुका था और उसके साथ ही डूब गईं लोगों की यादें, विरासतें और सपने। 'वो कोई आम नदी नहीं थी जो किनारा तोड़ आई, वो एक पूरा इतिहास था जो पानी में डूब गया...'*


**आज 9 अगस्त है,** वह तारीख जिसे पुराने बिलासपुर के लोग कभी भूल नहीं पाए। सन् 1961 में भाखड़ा बांध का जलस्तर बढ़ते ही पूरा पुराना बिलासपुर शहर जलमग्न हो गया। हरे-भरे बाग-बगीचों, बाजारों, मंदिरों, घरों और इतिहास से लबालब वह शहर पानी में समा गया। लाखों आंसुओं के बीच शुरू हुआ नए बिलासपुर का निर्माण, लेकिन पुराने शहर की यादें और विस्थापन का दर्द आज भी लोगों के दिलों में जिंदा है।

## भाखड़ा बना ऊर्जा का स्रोत, लेकिन उजड़ गया एक वजूद

**भाखड़ा** बांध को भारत के विकास की रीढ़ कहा गया, लेकिन इसकी कीमत हजारों बिलासपुरी परिवारों ने अपने घर, जमीन, जड़ें खोकर चुकाई। करीब 30,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए, जिन्हें देश के अलग-अलग हिस्सों में पुनर्वासित किया गया, किसी को हरियाणा, किसी को पंजाब और कुछ को बिलासपुर में ही प्लॉट देने का वादा किया गया।

## भाखड़ा विस्थापन: केवल बिलासपुर नहीं, ऊना और सोलन भी सहते रहे हैं दर्द

**भाखड़ा** बांध के निर्माण को विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम कहा गया, परंतु इसके पीछे छिपी मानवीय पीड़ा को कभी राष्ट्रीय विमर्श में वो स्थान नहीं मिला, जिसकी यह हकदार थी। अक्सर जब भाखड़ा विस्थापन की बात होती है, तो केवल बिलासपुर शहर के डूबने का ज़िक्र होता है, जबकि इसकी चपेट में ऊना और सोलन जिलों के भी अनेक गांव आ गए थे।




ऐसा दिखता था पुराना बिलासपुर। (फाइल फोटो)

## डूबा क्या-क्या?

- पुराना बस स्टैंड
- लखपत राय बाजार
- रघुनाथ मंदिर
- एसडी स्कूल
- राजा की कोठी
- ऐतिहासिक कुएं और बावड़ियां
- लोक संस्कृति की जड़ें

## ऊना जिला: भूले नहीं हैं 'पेखुबेला' 'थानाकलां' और 'बंगाणा' जैसे इलाके

**ऊना** जिले के सीमावर्ती क्षेत्र, विशेषकर बंगाणा उपमंडल, सीधे तौर पर प्रभावित हुए। इन इलाकों से विस्थापित लोगों को न तो समय पर उचित मुआवजा मिला, और न ही वैकल्पिक भूमि। कई परिवार दशकों बाद भी अपने पुनर्वास की उम्मीदों में जी रहे हैं। कुछ को हरियाणा और राजस्थान भेजा गया, तो कुछ लोग जिला ऊना में ही इधर-उधर बस गए, पर जमीन नहीं मिल सकी।

## सोलन जिला: कसौली, कुनिहार धर्मपुर की घाटियों में बिखरी पीड़ा

**सोलन** जिले के कुछ गांव, जैसे कि पुराने कुनिहार क्षेत्र, भी आंशिक रूप से विस्थापित हुए। यहां के किसान जो सतलुज के किनारे अपने छोटे खेतों में जीवन गुजारते थे, वे पानी में सब कुछ खोकर अब मजदूरी पर आश्रित हो गए। कई लोगों ने स्थानीय नगरों की झुग्गियों में शरण ली, परंतु सरकार की ओर से पुनर्वास योजनाएं उन तक कभी नहीं पहुंच सकीं।

## भाखड़ा बना तो देश ने तरक्की की, पर हम पीछे छूट गए

**यह** भाव आज भी बिलासपुर, ऊना और सोलन के अनेक बुजुर्गों की आंखों में देखा जा सकता है। भाखड़ा बांध देश का गौरव बना, पर इसके नीचे दब गया हजारों लोगों का इतिहास, उनकी जड़ें और उनका भविष्य। क्या अब समय नहीं आ गया कि पुनर्वास की अधूरी कहानियों को पूरा किया जाए? सरकारें बदलीं, योजनाएं बनीं, पर जो लोग न पीढ़ियों पहले संभल पाए और न आज पूरी तरह स्थापित हो सके, क्या उनके लिए कोई जवाबदेही तय होगी? अब जरूरत है एक विशेष पुनर्वास आयोग की, अब जबकि बिलासपुर विस्थापन को 64 वर्ष हो चुके हैं, सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि सरकार को एक 'बिलासपुर विस्थापित न्याय आयोग' गठित कर, बकाया मामलों की त्वरित सुनवाई व समाधान सुनिश्चित करना चाहिए।

## नया शहर, लेकिन आत्मा तो पुराने शहर में ही छूट गई...



**पुराने** शहर से जुड़े राजपाल सरीन का कहना है कि हमने शहर नहीं, अपनी पहचान खोई है। आज भी जब बारिश होती है, ऐसा लगता है जैसे पुराने बिलासपुर की गलियां पुकार रही हों। उन्होंने बताया कि विस्थापन के बाद सरकार ने मुआवजा तो दिया लेकिन वह ऊंट के मुंह में जीरे के समान था। अधिकांश लोग तो अपना घर भी नहीं बना सके और सबसे बड़ी बात की बिलासपुर शहर। 999 वर्ष की लीज पर खड़ा है इसमें किसी को भी अपना मालिकाना हक नहीं है अभी भी विस्थापित संघर्ष कर रहे हैं और मूलभूत सुविधाएं चाहते हैं।

## सरकारी रिकॉर्ड और जमीनी सच्चाई में भारी अंतर

**आधिकारिक** तौर पर कहा जाता है कि 'अधिकांश विस्थापितों को मुआवज़ा व पुनर्वास प्रदान कर दिया गया है', लेकिन आरटीआई से प्राप्त जानकारी और स्थानीय संगठनों की रिपोर्टें बताती हैं कि करीब 1,200 से ज्यादा परिवार आज भी पुनर्वास की सूची से बाहर हैं या कानूनी उलझनों में फंसे हुए हैं।

## 64 साल बाद भी अधूरे हैं वादे



**1961** से लेकर 2025 तक 64 साल बीत चुके हैं, लेकिन कई विस्थापित परिवार आज भी 'प्लॉट' के इंतजार में हैं। पुनर्वास के नाम पर मिले आश्वासनों की फेहरिस्त तो लंबी है, लेकिन जमीन पर हालात बिलकुल उलट। सेवानिवृत्त मुख्य अध्यापक सुखराम आजाद कहते हैं कि उन्होंने हायर सेकेंडरी पुराने बिलासपुर से ही पास की थी। उनके आंखों के सामने ही पूरी धरोहर डूब गई, जिसमें पानी के कई जल स्रोत, राजा का महल और लोगों के घर तथा कई बीघे जमीन भी शामिल थी।

## जिन्होंने जन्मस्थान खोया उनके लिए कॉलोनियां सिर्फ 'ईंट-पत्थर'



**सेवानिवृत्त** हेड ड्राफ्ट्समैन तथा बिलासपुर के वरिष्ठ नागरिक राम सिंह का कहना है कि वर्तमान बिलासपुर भले ही सुनियोजित कॉलोनियों में बस गया हो, लेकिन जिन लोगों ने अपना जन्मस्थान खोया, उनके लिए यह बस 'ईंट-पत्थर' है। वे बताते हैं कि पुराना बिलासपुर सिर्फ एक शहर नहीं था, बल्कि एक संस्कृति थी। हर गली में मंदिर, हर मोड़ पर पीपल का पेड़ और हर चौक पर चहल-पहल थी।

# हिमाचल परिवहन विभाग ने 16 महीनों में कमाए 1236.53 करोड़ : डिप्टी सीएम

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के परिवहन विभाग ने राजस्व अर्जन के क्षेत्र में एक नया इतिहास रच दिया है। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि विभाग ने पिछले 16 महीनों में कुल 1236.53 करोड़ का रिकॉर्ड तोड़ राजस्व अर्जित किया है। यह विभाग की पारदर्शी, सुधारात्मक और कुशल कार्यप्रणाली का सीधा प्रमाण है। विभाग ने तकनीकी सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देते हुए, वाहन पंजीकरण, परमिट और टैक्स से जुड़ी प्रक्रियाओं को पूरी तरह से ऑनलाइन और पारदर्शी बनाया है, जिससे नागरिकों को घर बैठे ही ये सुविधाएं मिल रही हैं और कर चोरी की संभावनाएं भी कम हुई हैं। यह उपलब्धि राज्य की आर्थिक मजबूती की ओर एक बड़ा कदम है।

डिप्टी सीएम ने आंकड़ों के साथ इस उपलब्धि को स्पष्ट किया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभाग ने 912.18 करोड़ का राजस्व कमाया। इसके बाद, वित्तीय वर्ष 2025-26 के शुरुआती चार महीनों (अप्रैल से जुलाई) में ही 324.35 करोड़ की

### पारदर्शी और डिजिटल व्यवस्था से परिवहन विभाग ने रचा नया कीर्तिमान



भारी-भरकम आय दर्ज की गई। इन 16 महीनों के रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन से यह साबित होता है कि विभाग ने कर चोरी रोकने को ठोस कदम उठाए हैं।


परिवहन विभाग की यह सफलता महज संयोग नहीं है। यह सरकार के नीतिगत फैसलों और सुधारों का नतीजा है। विभागीय पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई और कर संग्रहण की पूरी प्रक्रिया को तकनीकी प्रणाली के जरिए सुधारा गया। इन सभी प्रयासों से न केवल राजस्व बढ़ा है, बल्कि नागरिकों के लिए प्रक्रियाएं भी आसान और पारदर्शी हो गई हैं।

### इंडियन मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 160.28 करोड़ कमाएं

**इंडियन** मोटर व्हीकल एक्ट के तहत परमिट, लाइसेंस और पेनल्टी से पिछले वित्तीय वर्ष में 160.28 करोड़ और इस वित्तीय वर्ष के शुरुआती 4 महीनों में 63.09 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। वहीं, राज्य मोटर व्हीकल अधिनियम के तहत टोकन टैक्स, कंपोजिट फीस, स्पेशल रजिस्ट्रेशन शुल्क, एसआरटी और ग्रीन टैक्स से पिछले वित्तीय वर्ष में 712.82 करोड़ और इस वित्तीय वर्ष के शुरुआती 4 महीनों में 250.01 करोड़ की आय हुई। इसके अलावा, अन्य शुल्कों और ग्रीन टैक्स इत्यादि से विभाग ने 39.08 करोड़ (पिछले वित्तीय वर्ष में) और 11.25 करोड़ (इस वित्तीय वर्ष में) भी कमाए। अधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि इस वित्तीय वर्ष के अंत तक यह आंकड़ा 1000 करोड़ से अधिक पहुंच सकता है। उप-मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि के लिए विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी है, जिन्होंने इस शानदार प्रदर्शन को संभव बनाया।

# परमवीर मेजर सोमनाथ का स्मारक बनाने का फैसला शांता को भाया

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने पालमपुर नगर निगम द्वारा भारत के पहले परम वीर चक्र विजेता शहीद मेजर सोमनाथ की मूर्ति के सौंदर्यीकरण को लेकर खुशी जताई है। उन्होंने बताया कि इस पर आठ लाख रुपए खर्च किए गए हैं और 15 अगस्त को नगर निगम कार्यालय के पास इस ऐतिहासिक मूर्ति का अनावरण किया जाएगा।



शांता ने नगर निगम के महापौर गोपाल नाग और उनके सहयोगियों को इस कार्य के लिए बधाई दी है।

शहीद मेजर सोमनाथ, जो पालमपुर के नजदीकी डाढ गांव के निवासी थे, ने 1947 में पाकिस्तान के आक्रमणकारियों से श्रीनगर के हवाई अड्डे की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। उनके नेतृत्व में भारतीय सैनिकों ने अंत तक संघर्ष किया, जबकि पाकिस्तान की सेना अधिक संख्या में थी। मेजर सोमनाथ का अंतिम संदेश था, 'हम थोड़े सैनिक रह गए हैं, लेकिन हम अंतिम सांस तक लड़ते रहेंगे।' शांता कुमार ने कहा कि मेजर सोमनाथ के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता, और उनकी वीरता इतिहास में अमर रहेगी। हालांकि, उन्हें अफसोस था कि इस शहीद का स्मारक बनाने में 75 साल का विलंब हुआ। उन्होंने डाढ में बनाए जा रहे भव्य स्मारक के लिए सांसद इंदु गोस्वामी और पूर्व विधायक प्रवीण शर्मा की सराहना की।

# सावधान! स्टारलिंक फाइनेंस डॉटकॉम के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** ऑनलाइन अपराध के मामलों में एक नया और खतरनाक तरीका सामने आया है, जिसमें जालसाज स्टारलिंक फाइनेंस डॉट कॉम नामक एक नकली जालस्थल का उपयोग कर रहे हैं। इस नई तरह की धोखाधड़ी में लोगों को एक निर्धारित प्रपत्र के साथ एक कड़ी भेजी जा रही है, और इसके माध्यम से उनसे लाखों रुपए की ठगी की जा रही है। जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों में, 1930 साइबर सहायता केंद्र पर इस नए कपट को लेकर बड़ी संख्या में शिकायतें दर्ज की गई हैं। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग द्वार पर भी अब तक लगभग 8-10 शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं, जिनमें 15 से 20 लाख रुपए की धोखाधड़ी की पुष्टि हुई है।

**जालसाजी का नया व अनूठा तरीका, साइबर अपराधियों ने निकाला ठगी का नया तरीका, 24 घंटे में करोड़ों का चूना**

**1930 सहायता केंद्रों पर शिकायतों की आई बाढ़**

**कुल्लू में सैकड़ों लोग हुए शिकार:** इस ठगी से सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में से एक कुल्लू जिला है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, सिर्फ कुल्लू में ही करीब 400 से 500 लोग इस साइबर जाल में फंस चुके हैं। जैसे-जैसे लोगों को इस ठगी का आभास हो रहा है, वे अपनी शिकायतें दर्ज कराने के लिए 1930 सहायता केंद्र पर दूरभाष कर रहे हैं।

### करोड़ों के नुकसान की आशंका

**दर्ज** की गई शिकायतों और पीड़ितों की संख्या को देखते हुए यह अनुमान लगाया जा रहा है कि इस धोखाधड़ी में कुल नुकसान करोड़ों रुपए तक पहुंच सकता है। पुलिस ने लोगों को इस तरह के संदिग्ध कड़ी पर क्लिक न करने और अपनी व्यक्तिगत या वित्तीय जानकारी किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करने की सलाह दी है। इस तरह के किसी भी संदिग्ध कड़ी, डाक, या संदेश से बचें और अपनी निजी जानकारी किसी को भी न दें। अगर आपको किसी तरह की धोखाधड़ी का संदेह हो, तो तुरंत 1930 साइबर सहायता केंद्र पर शिकायत दर्ज कराएं।

# कांग्रेस को जल्द मिलेगा नया प्रदेश अध्यक्ष: सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दिल्ली से लौटने के बाद कैबिनेट विस्तार को लेकर संकेत दिए हैं। उन्होंने पार्टी हाईकमान को चिट्ठी लिखकर यह सुझाव दिया है कि या तो अनुसूचित जाति से किसी को कांग्रेस अध्यक्ष बनाया जाए, या फिर यदि कोई मंत्रिमंडल का सदस्य अध्यक्ष बनना चाहे तो उन्हें बना दिया जाए। उन्होंने किसी विशेष व्यक्ति का नाम नहीं सुझाया और कहा कि उनके लिए सभी एक समान हैं।



पूर्व विधायक सुधीर शर्मा, जो हाल ही में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं, पर मुख्यमंत्री ने तंज कसा। उन्होंने कहा कि सुधीर शर्मा द्वारा आपदा प्रभावित परिवारों को दी गई 51 लाख रुपए की राशि वही तो नहीं है, जो उन्हें पार्टी बदलने के लिए मिली थी। वहीं, सरकार द्वारा शुरू की गई ऑनलाइन लॉटरी को लेकर भाजपा के आरोपों पर मुख्यमंत्री ने जवाब दिया कि भाजपा शासित कई राज्यों में भी लॉटरी चल रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि हिमाचल में यह लॉटरी केवल ऑनलाइन बिकेगी और दुकानों पर उपलब्ध नहीं होगी।

# संजौली मस्जिद मामले की सुनवाई 21 को

**अनंत ज्ञान, शिमला।** संजौली मस्जिद मामले की सुनवाई अब 21 अगस्त को होगी। शुक्रवार को जिला अदालत चक्कर में संजौली मस्जिद मामले पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान वक्फ बोर्ड के अधिवक्ता ने बोर्ड अधिकारियों के उपलब्ध न होने पर कोर्ट से अगली तारीख देने की मांग की, जिस पर अदालत ने 21 अगस्त को सुनवाई का समय दिया है। हिमाचल वक्फ बोर्ड ने संजौली मस्जिद मामले में नगर निगम आयुक्त के अदालत के फैसले को शिमला जिला अदालत में चुनौती दी है। वक्फ बोर्ड के अधिवक्ता बीएस ठाकुर ने अदालत से कहा कि हिमाचल वक्फ बोर्ड के अधिकारी रिकार्ड अपडेट करवाने के संबंध में दिल्ली गए हुए है। वह अदालत में वक्फ बोर्ड के अधिकारियों की मौजूदगी में ही बहस करना चाहते है। इसी आधार पर वक्फ बोर्ड ने अदालत से समय मांगा।

**आरोप** | **प्रदेश कांग्रेस सरकार की निष्क्रियता से तबाह हो रही आर्थिकी**

# सरकार की लापरवाही से आपदा प्रभावित क्षेत्रों में हालात जस के तस: जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रतिपक्ष के जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार की कार्यशैली पर तीखे सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि आपदा को सवा महीने से ज्यादा का समय बीत चुका है, लेकिन ज्यादातर प्रभावित इलाकों में हालात अब भी जस के तस हैं। मुख्य सड़कें तो दूर, लिंक रोड भी पूरी तरह से बहाल नहीं हो पाए हैं, जिसकी वजह से लोगों को जानलेवा रास्तों से गुजरना पड़ रहा है।

जयराम ने शिमला से जारी बयान में कहा कि सरकार की इस संवेदनहीनता को उसकी नाकामी बताया और कहा कि बार-बार आग्रह करने के बावजूद भी सरकार ने सड़कों को खोलने



के लिए कोई युद्ध स्तर पर अभियान नहीं चलाया, जिसका खामियाजा त्रासदी झेल रहे लोग भुगत रहे हैं।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आपदा ग्रस्त इलाकों की आजीविका फूलों की खेती, बागवानी और कृषि उत्पादों पर निर्भर है। इनमें से ज्यादातर उत्पाद बहुत जल्दी खराब हो जाते हैं और उन्हें समय पर बाजार तक पहुंचाना बेहद जरूरी होता है, लेकिन 39 दिनों के बाद भी सड़कों की खराब हालत के कारण ये उत्पाद बाजार तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि कुदरत की मार से जो फसलें बच गईं, वो अब सरकार की अकर्मण्यता से नष्ट हो रही हैं। लोगों को अपने कीमती उत्पाद फेंकने पड़ रहे हैं, जिससे आपदा प्रभावित क्षेत्रों की बची-खुची आर्थिकी भी तबाह हो रही है।

जयराम ने कहा कि सरकार ने अपनी बदनीयती के कारण ही कला शिक्षकों की नियुक्ति को ढाई साल तक जान-बूझकर लटकाए रखा। उन्होंने याद दिलाया कि हमारी सरकार ने ही पोस्ट कोड 980 के तहत 314 कला शिक्षकों के पद सृजित किए थे, बजट का प्रावधान किया था और 2022 में परीक्षा भी करवाई थी। केवल अंतिम परिणाम घोषित होना बाकी था।

### जयराम ने प्रदेशवासियों को दीं रक्षाबंधन की शुभकामनाएं

**जयराम** ठाकुर ने भाई-बहन के निश्चल प्रेम और समर्पण की कामना की। अंत में जयराम ठाकुर ने प्रदेशवासियों को भाई-बहन के निश्चल प्रेम और समर्पण के प्रतीक, रक्षाबंधन के पावन पर्व की शुभकामनाएं दीं।

# हिमाचल में मतदान केंद्रों की सूचियां जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सभी 68 विधानसभा चुनाव क्षेत्रों के मतदान केंद्रों की सूचियां भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जारी कर दी गई हैं। ये सूचियां 7 अगस्त, 2025 को प्रकाशित की गई हैं, और आम लोगों के मुफ्त निरीक्षण के लिए 13 अगस्त, 2025 तक उपलब्ध रहेंगी। आप इन सूचियों को कार्यालय समय के दौरान सभी जिला चुनाव कार्यालयों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (उपमंडल अधिकारी), और तहसील व उपतहसील कार्यालयों में देख सकते हैं। इसके अलावा, सूचियां मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हिमाचल प्रदेश की वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं।

यदि आपको मतदान केंद्रों के युक्तिकरण (सुधार) से संबंधित कोई आपत्ति या सुझाव देना है, तो आप 13 अगस्त तक अपना आवेदन अपने जिले के संबंधित जिला चुनाव अधिकारी (उपायुक्त) या निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (अपर जिला दंडाधिकारी/उपमंडल अधिकारी) के पास जमा कर सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य मतदान प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी और सुलभ बनाना है। सभी जागरूक नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे इस प्रक्रिया में भाग लें और अपने सुझाव दें।

# ब्रह्मकुमारी बहनों ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को बांधी राखी



ब्रह्मकुमारी बहनें राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को राखी बांधते हुईं।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

रक्षाबंधन के पावन पर्व की पूर्व संध्या पर, प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सुन्नी और पंथाघाटी केंद्रों की बहनों ने राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को राखी बांधी।

इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और समाज के प्रति उनके सेवा भाव की कामना की। राज्यपाल ने उनके इस स्नेहपूर्ण व्यवहार के लिए आभार व्यक्त किया और उन्हें रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी कहा कि यह त्योहार स्नेह, आपसी सम्मान और सद्भाव की भावना को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

हैप्पी रक्षाबंधन

रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 9 अगस्त 2025 | follow us on: | 8894521702

सूर्योदय 5:43 सूर्यास्त 7:12

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू | 25 अधि |
| धर्मशाला | 22 न्यू | 31 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79,858 |
| निफ्टी | 24,363 |

सोना 1,01,406 | चांदी 1,14,893

# चुराह में 500 मीटर गहरी खाई में गिरी कार, 6 लोगों की मौत

## चनवास रोड पर पहाड़ी से बड़ा पत्थर कार पर गिरने से पेश आया दर्दनाक हादसा

**हाशू शेख, अनंत ज्ञान**



**चुराह।** चुराह उपमंडल के चनवास रोड पर वीरवार रात एक दर्दनाक हादसे में कार में सवार सभी 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, रात करीब 10 बजे हेल्पलाइन नंबर 112 पर सूचना मिली कि चनवास रोड पर एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई है।

पुलिस थाना तीसा की टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि एक सफेद स्विफ्ट कार भंजराड़ू से गांव शिरीगढ़ की ओर जा रही थी। मुकाम साऊआ पधरी के पास पहाड़ी से अचानक एक बड़ा पत्थर कार पर गिरा, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर लगभग 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। मृतकों में सेना का जवान भी शामिल है। स्थानीय लोगों, फायर ब्रिगेड और पुलिस की मदद से शवों को गहरी खाई से बाहर निकाला गया।

**मृतकों में एक सेना का जवान**

मृतकों की पहचान राजेश कुमार (40) पुत्र नरेण सिंह, गांव बुलवास, हंसो (36) पत्नी राजेश कुमार, गांव बुलवास, आरती (17) पुत्री राजेश कुमार, गांव बुलवास, दीपक (15) पुत्र राजेश कुमार, गांव बुलवास, राकेश कुमार (44) पुत्र हरि सिंह, गांव बुलवास व हेम पाल (37) पुत्र इंद्र सिंह, गांव सलांचा, डाकघर भंजराड़ू (चालक) के रूप में हुई है। तीसा के एसएचओ अशोक ने बताया कि पहाड़ी से चट्टान के सीधे गाड़ी से टकराने से हादसा हुआ है। इस हादसे में किसी का कोई दोष नहीं है। उन्होंने बताया कि सिविल अस्पताल तीसा में पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं।

### सीएम और डिप्टी सीएम ने जताया शोक

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हादसे पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति और परिजनों को इस कठिन घड़ी में धैर्य प्रदान करें। वहीं, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी इस हादसे को हृदयविदारक बताया और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी संवेदनाएं व्यक्त कीं और ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को शांति और परिजनों को इस कठिन घड़ी में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।

# उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को केंद्र से मिलती रहेगी सब्सिडी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**केंद्रीय कैबिनेट की असम-त्रिपुरा में 4 प्रोजेक्टों को मंजूरी**

**केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी जानकारी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की शुक्रवार को बैठक हुई। बैठक में लिए फैसलों के बारे में जानकारी देते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट की बैठक में 5 अहम फैसले लिए गए हैं। इसके लिए कुल 52,667 करोड़ रुपए के फंड्स/प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई है।

केंद्रीय रेल मंत्री वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 2025-26 में भी सब्सिडी दी जाएगी, जिसके लिए 12,060 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पीएम उज्ज्वला योजना को समावेशी विकास (सबके लिए विकास) के लिए वैश्विक स्तर पर सराहना मिली है। इसका मकसद लोगों की जिंदगी में बदलाव लाना है। रेल मंत्री में बताया कि मीटिंग में तय हुआ है कि घरेलू एलपीजी पर घाटे की भरपाई के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों को 30,000 करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाएगा।

वहीं, तकनीकी शिक्षा में सुधार के लिए MERITE योजना को 4,200 करोड़ रुपए की मदद दी जाएगी। इसके अलावा असम और त्रिपुरा के लिए विशेष विकास पैकेज की मौजूदा योजना के तहत 4 नए प्रोजेक्ट को मंजूरी मिली है, जिन पर कुल 4,250 करोड़ रुपए खर्च होंगे। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि तमिलनाडु में मरकानम-पुडुचेरी के बीच 46 किमी लंबा चार लेन हाईवे बनाया जाएगा, जिस पर लगभग 2,157 करोड़ रुपए की लागत आएगी। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज शॉर्ट्स

### बांके बिहारी ट्रस्ट पर सुप्रीम कोर्ट की अस्थायी रोक

**एजेंसी, मथुरा।** सुप्रीम कोर्ट ने बांके बिहारी ट्रस्ट पर अस्थायी रोक लगा दी। शुक्रवार को कोर्ट ने कहा कि बांके बिहारी मंदिर न्यास अध्यादेश, 2025 के तहत समिति के संचालन को सस्पेंड किया जा रहा है। कोर्ट ने अध्यादेश की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका को हाईकोर्ट ट्रांसफर किया है। दरअसल, 15 मई को सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को मंदिर के धन का उपयोग कॉरिडोर विकास के लिए और मंदिर के आसपास की 5 एकड़ भूमि अधिग्रहण करने की अनुमति दी। शर्त यह थी कि अधिग्रहित भूमि ठाकुरजी के नाम पर पंजीकृत होगी। (अनंत ज्ञान)

### एक्ट्रेस हुमा कुरैशी के चचेरे भाई का मर्डर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के निजामुद्दीन इलाके में बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी के चचेरे भाई की हत्या हो गई। यह घटना गुरुवार रात करीब 11 बजे जंगपुरा भगोल लेन में हुई। पुलिस ने बताया कि हुमा के भाई आसिफ कुरैशी का अपने पड़ोस के दो लोगों से मेन गेट के सामने स्कूटर पार्क करने पर झगड़ा हुआ। विवाद के बाद आरोपियों ने आसिफ पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। गंभीर हालत में आसिफ को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। (अनंत ज्ञान)

### पीएम मोदी ने फोन पर पुतिन से की बात

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की है। ट्रंप टैरिफ विवाद के बीच पीएम मोदी और पुतिन ने भारत-रूस संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि मेरी राष्ट्रपति पुतिन के साथ बहुत डिटेल में बातचीत हुई। मैंने यूक्रेन के हालात पर जानकारी शेयर करने के लिए उन्हें धन्यवाद कहा। हमने अपने आपसी सहयोग बढ़ाने और भारत-रूस की रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई। मैं इस साल के अंत में राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा का इंतजार कर रहा हूं। (अनंत ज्ञान)

# डलहौजी के होटल में युवक का मर्डर

## कुक का करता था काम, हेल्पर ने चाकू से गोदा

**अनंत ज्ञान, डलहौजी ( चंबा )**



**पुलिस ने कुछ ही घंटों में गिरफ्तार किया आरोपी**

डलहौजी में वीरवार रात एक निजी होटल के कमरे में कुक की निर्मम हत्या कर दी गई। 26 वर्षीय मनीष को चाकू के वार से लहूलुहान कर उसे मौत की नींद सुला दिया गया। आरोपी कोई बाहरी नहीं, बल्कि होटल का ही हेल्पर 22 वर्षीय अमन कुमार निकला, जो वारदात के तुरंत बाद फरार हो गया। वहीं, सूचना मिलने पर डलहौजी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने कमरे का दरवाज़ा खोला तो फर्श पर मनीष बेहोश पड़ा था। उसे सिविल अस्पताल डलहौजी ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एसपी चंबा अभिषेक यादव ने खुद मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। आरोपी की तलाश में कई टीमें गठित की गईं, जिन्होंने आसपास के इलाकों में लगातार दबिश दी। कुछ ही घंटों में अमन को उसके छिपने के ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अब हत्या के असली कारणों का पता लगाने के लिए पूछताछ कर रही है।

### इसलिए किया कत्ल

**प्रारंभिक** जांच में सामने आया कि मनीष और अमन के बीच देर रात कहासुनी हुई। गुस्से में अंधा होकर अमन ने किचन से चाकू उठाया और मनीष पर कई वार कर दिए। वारदात के बाद वह होटल से बाहर निकल भागा और अंधेरे में गुम हो गया।

### मुख्यमंत्री सुक्खू ने शिक्षा क्षेत्र में हिमाचल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का किया वादा

# सुक्खू ने 312 ड्राइंग टीचर्स को बांटे नियुक्ति पत्र

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**जापान के शैक्षिक भ्रमण पर रवाना किए पांच विद्यार्थी**

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का वादा किया है। शुक्रवार को शिमला में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने नव-चयनित 312 ड्राइंग टीचरों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इसके साथ ही, उन्होंने जापान के शैक्षिक भ्रमण पर जा रहे सरकारी स्कूलों के पांच विद्यार्थियों के समूह को शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर शिक्षा से जुड़ी कई नई योजनाओं की भी शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले ढाई वर्ष में शिक्षा की गुणवत्ता में हिमाचल ने शानदार प्रगति की है। जहां पहले राज्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में 21वें स्थान पर था, वहीं अब यह पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के बीच में शिक्षकों को सेवानिवृत्त न करने पर विचार कर रही है ताकि छात्रों की पढ़ाई बाधित न हो। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार ने मेडिकल, नॉन-मेडिकल और आर्ट्स के 5,100 टीजीटी पदों पर भी नियुक्तियां दी हैं। जल्द ही राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूलों के लिए भी विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। शिक्षा के अलावा, मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में भी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं।

उन्होंने कहा कि जल्द ही अस्पतालों में रोबोटिक सर्जरी शुरू होगी और पुराने उपकरणों को बदला जाएगा। इसके अलावा, अटल सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को एम्स जैसी सुविधाओं से लैस किया जाएगा।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- फोरलेन ही बनेगा रानीताल-कोहली एनएच -पेज 2
- स्मार्ट सिटी में पीली लाइन से चिन्हित होगी पार्किंग -पेज 3
- हाईकमान का फैसला सर्वमान्य, वर्कर्स का सम्मान जरूरी: प्रतिभा -पेज 4
- अवैध मछली शिकार करने पर 11 लोगों से वसूला 12 हजार जुर्माना -पेज 7
- सेब के दामों में गिरावट से बागवान हुए निराश -पेज 10


## ईडी ठगों की तरह काम नहीं कर सकती: कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को सख्त लहजे में कहा कि वह ठग की तरह काम नहीं कर सकती। उसे कानून की सीमा में रहकर ही कार्रवाई करनी होगी। कोर्ट ने यह टिप्पणी मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून के तहत ईडी को गिरफ्तारी की शक्ति देने वाले 2022 के फैसले की समीक्षा याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान की। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने ईडी की छवि को लेकर भी चिंता है। जस्टिस भुइयां ने कहा कि पिछले पांच साल में ईडी ने करीब 5 हजार मामले दर्ज किए, लेकिन इनमें सजा की दर 10 प्रतिशत से भी कम है। जब लोग 5-6 साल जेल में रहने के बाद बरी हो जाते हैं, तो इसकी भरपाई कौन करेगा? इस पर केंद्र और ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि प्रभावशाली आरोपी जानबूझकर जांच में देरी करते हैं। (अनंत ज्ञान)



**कानून की सीमा में रहकर ही करनी होगी कार्रवाई**

# हिमाचल में 11 से 14 अगस्त तक भारी बारिश का अलर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**मौसम विभाग ने आज और कल के लिए येलो अलर्ट किया जारी**

हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर मौसम विभाग ने भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, आने वाले दिनों में राज्य में अत्यधिक बारिश होने की संभावना है। 11 से 14 अगस्त के बीच चार दिनों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि 9 और 10 अगस्त के लिए येलो अलर्ट रहेगा। इस दौरान प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश की आशंका जताई गई है।

मौसम विज्ञान केंद्र, शिमला के मुताबिक, ऊना, कांगड़ा, मंडी, सोलन, सिरमौर और कुल्लू जिलों में बहुत ज्यादा बारिश हो सकती है। इन जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। पिछले 24 घंटों में मानसून की रफ्तार धीमी रही, जिससे कुछ ही स्थानों पर हल्की बारिश दर्ज की गई। हालांकि, राज्य में कुछ दिनों के लिए मौसम साफ रहने के बाद अब एक बार फिर से बारिश लोगों को परेशान कर सकती है। राज्य में हुई भारी बारिश से पहले ही करोड़ों रुपए का नुकसान हो चुका है और कई लोगों ने अपनी जान गंवाई है। ऐसे में, मौसम विभाग की नई चेतावनी ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। पिछले दिनों शिमला में सुबह मौसम साफ रहा था और अच्छी धूप भी खिली थी, लेकिन दोपहर बाद फिर से शहर धुंध की आगोश में घिर गया था। मैदानी और ऊंचाई वाले दोनों ही क्षेत्रों में हल्की बारिश दर्ज की गई है। लोगों को बारिश से थोड़ी राहत मिली थी, लेकिन अब फिर से सतर्क रहने की जरूरत है।

## नरेंद्र मोदी वोट चुराकर प्रधानमंत्री बने : राहुल

**एजेंसी, बेंगलुरु।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कर्नाटक के बेंगलुरु में फ्रीडम पार्क में आयोजित कांग्रेस की वोट अधिकार रैली में कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार 25 सीट के मार्जिन से प्रधानमंत्री बने हैं। 25 सीट ऐसी हैं, जिन्हें भाजपा ने 35 हजार या कम वोट से जीतीं। अगर हमें इलेक्ट्रानिक डेटा मिल जाए तो हम साबित कर देंगे कि मोदी चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं। राहुल ने कहा- चुनाव आयोग को पिछले 10 साल की देश की सारी इलेक्ट्रॉनिक वोटर लिस्ट और वीडियोग्राफी देनी चाहिए। ये सब नहीं देंगे तो क्राइम है। पूरे देश को चुनाव आयोग से वोटर्स का डेटा मांगना चाहिए। वहीं, चुनाव आयोग ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से कहा है कि वे वोट चोरी के अपने दावे को सही मानते हैं तो हलफनामे पर साइन करके दें। अगर उन्हें अपने दावों पर भरोसा नहीं है तो देश से माफी मांगें। (अनंत ज्ञान)








धर्म-कर्म

### भूमि पूजन के लिए 21 तीर्थों की मिट्टी, 11 नदियों का मंगवाया था जल

# शाह ने सीतामढ़ी में रखी माता जानकी मंदिर की नींव

**एजेंसी, पटना**



**50 एकड़ में 882 करोड़ से होगा मां जानकी मंदिर का निर्माण**

गृहमंत्री अमित शाह और नीतीश कुमार ने शुक्रवार को सीतामढ़ी में माता जानकी मंदिर का भूमि पूजन किया। इस दौरान डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी भी उनके साथ मौजूद रहे। मूसलाधार बारिश के बीच गृहमंत्री अमित शाह ने मंदिर की पहली ईंट रखी। मंदिर को नेपाल के फूलों से सजाया गया है। भूमि पूजन के लिए 21 तीर्थों की मिट्टी, 11 नदियों का जल मंगवाया गया था। अयोध्या के हनुमान गढ़ी से ईंट भी पहुंची थी। 50 एकड़ में 882 करोड़ की लागत से मां जानकी के भव्य मंदिर का निर्माण किया जाएगा। पूरे मंदिर का निर्माण खास किस्म के सैंड स्टोन (बलुआ पत्थर) से होगा। ये पत्थर राजस्थान से मंगवाए जा रहे हैं। मंदिर की ऊंचाई 156 फीट होगी, जो अयोध्या के राम मंदिर से 5 फीट कम है। अमित शाह ने समस्तीपुर से दिल्ली के लिए अमृत भारत ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई। कार्यक्रम में पीएम मोदी की अयोध्या में पूजा की तस्वीरें दिखाई गईं। (अनंत ज्ञान)

### पाकिस्तान को घुसकर मारा

**ऑपरेशन** सिंदूर का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में लोग बम धमाके कर भाग जाते थे। कोई पूछने वाला नहीं था। हमने पहलगाम हमले का बदला लिया। पाकिस्तान को घर में घुसकर मारा। यह लालू एंड पार्टी इस पर सवाल उठाती है।

### जो भारत में नहीं जन्मा, उसे वोट देने का अधिकार नहीं

**कार्यक्रम** में अमित शाह ने एसआईआर से लेकर ऑपरेशन सिंदूर पर अपनी बात रखी। उन्होंने यह भी बताया कि मोदी बिहार का दौरा कर रहे हैं। मैं संगठन की मीटिंग कर रहा हूं। बिहार में स्पष्ट बहुमत से एनडीए की सरकार बन रही है। अमित शाह ने एसआईआर पर लालू-राहुल को घेरते हुए कहा कि जो भारत में जन्मा नहीं, उसे वोट देने का अधिकार नहीं। घुसपैठिए महागठबंधन के वोट बैंक हैं, इसलिए इनको परेशानी है। बिहार के सभी अखबारों में सवाल उठाए जा रहे हैं एसआईआर होना चाहिए कि नहीं होना चाहिए। देश से घुसपैठिए बाहर होने चाहिए कि नहीं होने चाहिए। लालू यादव आप किसे बचाना चाहते हो, जो बांग्लादेश से आकर मेरे बिहार के लोगों की नौकरी खा जाते हैं क्या आप उन्हें बचाना चाहते हो। लालू एंड कंपनी को जवाब दीजिए। घुसपैठियों के वोट चाहिए तो बिहार की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। राहुल गांधी को भी कहना चाहता हूं आप चुनाव पर चुनाव हारते हैं, इसलिए लोगों को इस तरह की वजह बताते हैं।'




## न्यूज ब्रीफ

### 10 को हमीरपुर के कुछ क्षेत्रों में 2 घंटे बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अणू स्थित 132 और 33 केवी विद्युत उपकेंद्रों में 10 अगस्त को उपकरणों की आवश्यक मरम्मत के चलते गसोता और खग्गल के 33केवी उपकेंद्रों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों और हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, हीरानगर, कृष्णानगर, फॉरेस्ट कॉलोनी, गांधी चौक, नालटी, कुठेड़ा तथा एनआईटी फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में सुबह 5 से 7 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सुरेश कुमार ने यह जानकारी दी।

### तकनीकी विवि में एमसीए की 123 सीटें आवंटित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में शुक्रवार को एमसीए में प्रवेश के लिए पहले चरण की काउंसिलिंग हुई। हिमाचल प्रदेश कॉमन एंट्रेंस टेस्ट की मेरिट के आधार पर काउंसिलिंग में अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गईं। एमसीए की काउंसिलिंग में 123 सीटें आवंटित की। जिन अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गई हैं, उन्हें 12 अगस्त तक संबंधित शिक्षण संस्थान में रिपोर्ट करनी होगी। वहीं, एमबीए की पहले चरण की काउंसिलिंग 11 अगस्त को होगी। तकनीकी विवि परिसर और संबंधित शिक्षण संस्थानों में एमबीए की कुल 555 सीटें हैं।

### विधायक ने पौधरोपण कर किया बगीचे का शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** एचपी शिवा परियोजना के अंतर्गत बीर बगेहड़ा पंचायत में विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए बगीचे का अमरूद के पौधे का रोपण कर शुभारंभ किया। उद्यान विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश्वर परमार ने बागवानों को वैज्ञानिक तरीके से पौधे लगाने की विधि बताई और अमरूद के लाभ के बारे में भी अवगत करवाया। मुख्य अतिथि ने भी लोगों को और क्षेत्र इस परियोजना के अंतर्गत लाने को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर पंचायत प्रधान भी उपस्थित रही। इस अवसर पर उद्यान विभाग के अधिकारी एसएमएस डॉ. जीना बन्याल, उद्यान विकास अधिकारी डॉ. उषा, डॉ. सूरज कश्यप, डॉ गोपाल चैहान, क्लस्टर इंचार्ज अंकिता, फैसिलिटेटर अनिल, मुकेंद्र और मोहित उपस्थित रहे।

### पुलिस थाना में मां दुर्गा मूर्ति स्थापना समारोह आज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सीनियर सिटीजन काउंसिल एवं गीता प्रचार प्रसार संस्थान हमीरपुर के संपूर्ण सहयोग से सदर थाना हमीरपुर परिसर में शिव मंदिर के अंदर माता भगवती दुर्गा की भव्य मूर्ति वार्ड नंबर 4 की रहने वाली सेवानिवृत्त अध्यापिका शर्मिष्ठा नंदा द्वारा प्रतिस्थापित की जा रही है। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम शनिवार को प्रातः 10 से दोपहर एक बजे तक चलेगा। सभी मां के भक्तों से अनुरोध है कि वे समय पर पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं। अंत में प्रसाद वितरित किया जाएगा।

### धूमल व मोदी सरकार के फैसलों की अर्चना ने की सराहना

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** भाजपा महिला मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष अर्चना चौहान ने कहा कि परिवहन विभाग ने 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन महिलाओं और छात्राओं के लिए बाहरी राज्य पथ परिवहन निगम की सिटी सर्विस बसों में निशुल्क यात्रा की घोषणा की है। पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने अपने कार्यकाल में ऐसा ही फैसला लेकर यह साबित किया कि नेतृत्व का असली चेहरा केवल प्रशासन नहीं बल्कि समाज की आत्मा से जुड़ा होता है। अर्चना चौहान ने कहा कि धूमल ने रक्षाबंधन जैसे पावन पर्व के अवसर पर महिलाओं को राज्य परिवहन की बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा देकर एक ऐसी परंपरा की शुरुआत की, जो राजनीति नहीं बल्कि रिश्तों का उपहार बन गई। इसके अलावा उन्होंने पंचायतीराज लोकतंत्र की प्रणाली में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण दिया था। केंद्र की मोदी सरकार ने महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देकर कीर्तिमान स्थापित किया है। यह अपने आप में देशभर की महिलाओं को गौरवान्वित करने वाली बात है।

### धूमल के महिला सशक्तिकरण को लेकर ऐतिहासिक कदम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी की पूर्व जिला उपाध्यक्ष व भाजपा नेत्री उषा बिरला ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व केवल भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक नहीं, बल्कि सुरक्षा, सम्मान और विश्वास का संकल्प भी है। इसी भावना को सार्थक करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने अपने कार्यकाल में महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए। भाजपा नेत्री उषा बिरला ने कहा कि प्रो. धूमल ने अपने कार्यकाल में रक्षाबंधन और भाई दूज के पावन अवसर पर महिलाओं के लिए राज्य परिवहन निगम की बसों में किराया पूर्णतः माफ करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया था। यह तोहफा केवल आर्थिक राहत नहीं था, बल्कि महिलाओं की स्वतंत्र आवाजाही, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम था। प्रो. धूमल जी ने यह संदेश दिया कि महिलाओं का सम्मान केवल शब्दों में नहीं, बल्कि ठोस कार्यों में दिखना चाहिए।

### डीएवी स्कूल आलमपुर में अध्यापकों ने सीखे गुर

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** डीएवी स्कूल आलमपुर में क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र द्वारा अध्यापकों की तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का समापन 8 अगस्त को हुआ। इस अवसर पर डीएवी घुमारवीं, डीएवी नगरोटा सूरियां, डीएवी बिलासपुर, डीएवी तियारा व डीएवी चलवाड़ा के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। हिमाचल प्रदेश जोन- बी व आई के अंतर्गत डीएवी के 12 विद्यालयों ने इस कार्यशाला में भाग लिया जिनके कक्षा तीसरी से दसवीं तक के समस्त शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यशाला में सभी शिक्षकों ने नवाचार गतिविधियां, पठन व लेखन कौशल को विकसित करने के आयाम व खेल विधि द्वारा व्याकरण को रोचक बनाने के तरीकों के बारे में सामूहिक चर्चा की व अपनी प्रस्तुतियां दीं। क्षेत्रीय निर्देशक व जोन -बी के क्लस्टर हेड स्कूल के प्रधानाचार्य बिक्रम सिंह ने सभी का हार्दिक धन्यवाद किया तथा अध्यापकों को आत्मसात किए गए ज्ञान को छात्रों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया ताकि छात्रों का अतिरिक्त ज्ञानवर्धन हो सके।

### त्रिशा कॉलेज में राखी प्रतियोगिता आयोजित



**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में कॉलेज अध्यक्ष एनके शर्मा के मार्गदर्शन में रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में राखी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए सुंदर-सुंदर राखियां तैयार कीं। कॉलेज अध्यक्ष एनके शर्मा ने रक्षाबंधन का महत्व बताया। उन्होंने कॉलेज परिसर में सावन के महीने में प्रशिक्षु अध्यापकों के लिए झूलों की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर कॉलेज के प्रवक्ता हर्ष गुलेरी,सुनीता कुमारी, यशिका कुसुम, वर्षा शर्मा, आरती कुमारी, मुकेश कुमार, पंकज कुमार व प्रशिक्षु अध्यापक उपस्थित रहे।

### भाजपा आजादी का जश्न मनाएगी : राकेश



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारत की आजादी के 79वें वर्ष के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा-तिरंगा यात्रा नाम से एक बड़े पैमाने पर देशभक्ति अभियान शुरू करने की घोषणा की जो 10 से 15 अगस्त तक जिला हमीरपुर के सभी मंडलों में आयोजित किया जाएगा। राकेश ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ता 10 से 14 अगस्त तक प्रत्येक मंडल में तिरंगा यात्राएं आयोजित करेंगे। 13 से 15 अगस्त तक, पार्टी कार्यकर्ता हर घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराना सुनिश्चित करके हर घर तिरंगा पहल को आगे बढ़ाएंगे। 14 अगस्त को, पार्टी भोरंज विधानसभा क्षेत्र के टाउन भराड़ी में आयोजित जिला स्तरीय संगोष्ठी के माध्यम से विभाजन के दर्दनाक बलिदानों को याद करने के लिए विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाएगी। राकेश ठाकुर ने इस अभियान के लिए नियुक्त मंडल-स्तरीय प्रभारियों के नामों की भी घोषणा की, जिनमें राजेश सहगल को भोरंज मंडल, विक्रमजीत सिंह बन्याल को समीरपुर मंडल, विपिन अग्निहोत्री को टौणी देवी मंडल, मंजीत ठाकुर को सुजानपुर मंडल, चमन ठाकुर को हमीरपुर शहरी मंडल, जगन कटोच को हमीरपुर ग्रामीण मंडल, अजय रिंटू शर्मा को बड़सर मंडल, होशियार सिंह को बिझड़ डढवाल मंडल, विनोद ठाकुर को नादौन मंडल और संजीव शर्मा को गलोड़ मंडल के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# फोरलेन ही बनेगा रानीताल-कोहली एनएच

## डीपीआर के लिए कंसल्टेंसी शुरू, अभी टू-लेन ही हो रहा था तैयार

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** निर्माणाधीन मटौर-शिमला फोरलेन का कोई भी हिस्सा टू-लेन नहीं रहेगा। रानीताल-नादौन-कोहली तक जिस हिस्से को फिलहाल टू-लेन बनाया जा रहा है, उसे भी फोरलेन ही बनाया जाएगा। इसके लिए मंत्रालय ने कंसल्टेंसी बुला ली है। सैद्धांतिक रूप में फोरलेन बनाने को भी मंजूरी दे दी है। इसके लिए कंसल्टेंसी शुरू कर दी है। कंसल्टेंसी का कार्य मुकम्मल होते ही इसकी डीपीआर तैयार होगी और मौजूदा जिस टू-लेन को इसी साल अक्तूबर के आखिर में यातायात के लिए शुरू कर देने का एनएचएआई ने दम भरा हुआ है। इसी के साथ ही यहां दूसरी लेन भी अलग से तैयार होगी।

सूत्रों के मुताबिक कंसल्टेंसी का टेंडर भी हो गया है और बहुत जल्द इसकी डीपीआर की तस्वीर भी सामने आ जाएगी। काबिले गौर यह है कि मटौर से शिमला तक घोषित तो फोरलेन ही हुआ था, लेकिन बाद में ट्रैफिक का हवाला देकर इसके लगभग 40 किलोमीटर के सफर को टू-लेन बनाने की योजना को अमलीजामा पहनाए जाने के बाद कई सवाल भी उठे थे। सांसद अनुराग ठाकुर ने भी इस मुद्दे को उठाया था और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भी भूतल परिवहन मंत्रालय के मंत्री से मिलकर यह दावा किया था कि यह फोरलेन ही बनेगा और जल्दी ही इसकी बाकी की औपचारिकताएं मुकम्मल होंगी।




नेरी, वलेटा इलाके में कुनाह खड्ड पर तैयार हो गया टू-लेन पुल।

**मटौर-शिमला फोरलेन का यह हिस्सा अक्तूबर तक ट्रैफिक के लिए हो रहा तैयार**

**कई सवाल हो रहे खड़े :** सवाल तो कई खड़े हो रहे हैं, क्योंकि अब एक और टू-लेन सड़क तैयार होगी। इसके लिए जमीन एक्वायर की जाएगी। मौजूदा जिस नेशनल हाईवे को बनाया जा रहा है, उसमें भी कई जगह तोड़फोड़ होगी, इसलिए इस पर भी अलग से सवाल उठ रहे हैं, मगर इतना तय है कि अब यह फोरलेन तो बनेगा ही।

कोहली, यानी के हमीरपुर से आगे डंगार घुमारवीं और भगैड़ तक फोरलेन की एलाइनमेंट को लेकर अभी भी ऊहापोह बरकरार है। इसकी तीन एलाइनमेंट तैयार की गई हैं। यानी तीन अलग-अलग डीपीआर तैयार हैं। इसकी फाइनल स्वीकृति अगले साल मार्च माह तक क्लियर होने की बात कही जा रही है। स्थिति साफ नहीं होने की वजह से जिन लोगों के मौजूदा भवन इसकी चपेट में आने वाले हैं, वे इस इंतजार में हैं कि जल्द फोरलेन की एलाइनमेंट तय हो क्योंकि बहुत सारे परिवारों को मौजूदा जगह से उजड़ना तो पड़ेगा ही।

काबिले गौर है कि इस पूरे फोरलेन की तकरीबन 56 किलोमीटर दूरी शिमला के लिए काम हो जाएगी।

**एक साल बाद सारी स्थिति होगी क्लियर**

एनएचएआई के हमीरपुर स्थित प्रोजेक्ट ऑफिसर विक्रम मीणा का कहना है कि डीपीआर के लिए कंसल्टेंसी बुला ली गई है। निश्चित रूप में मंत्रालय ने इस तकरीबन 40 किलोमीटर के लंबे मार्ग को सैद्धांतिक रूप में फोरलेन बनाने को कह दिया है। अब कंसलटेंसी बुलाई गई है। एक साल के बाद इसकी सारी स्थिति क्लियर हो जाएगी, लेकिन बनेगा फोरलेन ही।

## एनएच के निर्माण में लगे मजदूर कामकाज छोड़कर सड़कों पर उतरे



परेशान मजदूरों ने कंपनी को काम छोड़ने का 20 दिन का नोटिस दिया।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हमीरपुर से मंडी निर्माणाधीन नेशनल हाईवे नंबर-3 पर काम पर लगे मजदूर शुक्रवार को कामकाज छोड़ सड़कों पर उतर आए। कंपनी में काम कर रहे करीब 22 मजदूरों ने आरोप लगाया है कि निर्माण कंपनी न तो समय पर वेतन देती है और न ही समय पर खाना। खाने की क्वालिटी निम्न स्तर की है। आज भी खाने में कीड़े निकले और यह हालात रोज के हैं।

खाना प्रतिबंधित प्लास्टिक के लिफाफों में आ रहा है, जिससे उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। बशारत, मंजीत, अशोक, अवतार, उमेश आदि ने बताया कि सभी मजदूर आज ही निर्माण कंपनी को काम छोड़ने का 20 दिन का नोटिस सौंप रहे हैं। मजदूरों का कहना है कि कंपनी श्रम कानूनों का उल्लंघन कर मजदूरों का शोषण कर रही है। अब यह शोषण सहन नहीं होगा। मजदूरों ने कहा कि निर्माण कंपनी उन्हें पुलिस से डराकर झूठे केस बनाने की धमकी देती है। कई बार बिना कसूर उन्हें पेनल्टी डाल डेबिट डाल देती है। वीकली रेस्ट कोई नहीं मिलता। काम करने के घंटे निश्चित नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि सूर्य इंफ्रा इंजीनियरिंग कंपनी हमारा हिसाब किताब पूरा करे और हम अब इस कंपनी में काम नहीं करना चाहते। मजदूरों ने कहा कि हम बीस दिन काम करेंगे और कंपनी हम पर कोई झूठा आरोप न लगाए। मशीनरी की हिफाजत करना कंपनी का काम है। नोटिस के बीस दिन बाद भी हमारा हिसाब नहीं हुआ तो हम जिला प्रशासन तक अपनी बात रखेंगे। हाईवे इंजीनियर अंकित सिंह ने कहा कि एक दो मजदूर अन्य मजदूरों को भ्रमित कर रहे हैं। यदि इस दौरान किसी मशीनरी को नुकसान पहुंचा तो कार्रवाई की जाएगी।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर अतिरिक्त बोझ का यूनियन ने किया विरोध, सौंपा ज्ञापन



सामाजिक कल्याण विभाग के कामों को भी करवाने के निर्णय का किया विरोध।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्परस यूनियन संबंधित सीटू के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कार्यक्रम अधिकारी के माध्यम से निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग को ज्ञापन सौंपा।

यूनियन की जिला सचिव राजकुमारी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल जिसमें सीटू के जिला अध्यक्ष प्रताप राणा रंजन शर्मा सहित दर्जनों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। गौर रहे कि प्रदेश सरकार ने सामाजिक कल्याण विभाग के माध्यम से लगने वाली पेंशन और अन्य कामों को भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से करवाने का निर्णय लिया है, जिसका यूनियन विरोध करती है। पहले ये कार्य तहसील कल्याण अधिकारी के माध्यम से करवाते थे। यूनियन की सचिव राजकुमारी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आईसीडीएस के कामों के लिए रखा गया है, जबकि अब और अन्य विभागों के कामों को भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से ही करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे कार्यकर्ताओं पर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है जिसे यूनियन बर्दाश्त नहीं करेगी।

यूनियन ने कहा है कि उपरोक्त निर्णय को वापस लिया जाए, अन्यथा संघर्ष के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इस प्रतिनिधिमंडल में राजकुमारी के अलावा सोनू देवी, सीमा, कौशल्या बिंबो देवी सहित सीटू के जिला अध्यक्ष प्रताप राणा, रंजन शर्मा सहित लोग मौजूद रहे।

## प्रो. ध्रुव सर्जिकल विभाग के नए विभागाध्यक्ष नियुक्त



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में डॉ. ध्रुव शर्मा सर्जिकल विभाग में बतौर विभागाध्यक्ष सेवाएं देंग, जिन्होंने इससे पहले भी जोनल अस्पताल हमीरपुर में वर्ष 2000 से 2005 तक अपनी सेवाएं दी हैं। इसके बाद उनका स्थानांतरण आईजीएमसी शिमला हो गया था।

आईजीएमसी शिमला में 20 वर्षों तक सेवाएं देने के बाद दोबारा से मेडिकल कॉलेज में उनका स्थानांतरण हुआ है। मूलतः भोरंज के रहने वाले प्रो. ध्रुव शर्मा हमीरपुर जिले के मरीजों की सेवा करेंगे, साथ ही मेडिकल कॉलेज के छात्रों को पढ़ाएंगे। उन्होंने बताया सर्जिकल विभाग में विभागाध्यक्ष का पद संभाल लिया है तथा अब लोगों की सेवा के लिए तैयार हैं।

## बाबा बालक नाथ मंदिर के गेट नंबर पांच के पास भारी भूस्खलन, बड़ा हादसा टला

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** उत्तर भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े 10.30 बजे गेट नंबर 5 के पास भारी भूस्खलन हुआ। हालांकि इस हादसे में किसी प्रकार की जानमाल की हानि नहीं हुई, लेकिन यह एक बड़ा हादसा भी हो सकता था।

भूस्खलन मंदिर परिसर में स्थित बटवृक्ष के पास की पहाड़ी से हुआ, जहां से कई भारी चट्टानें गिरकर गेट नंबर 5 के पास बने शेड और पौड़ियों (सीढ़ियों) पर आ गिरीं। इन चट्टानों से शेड की ग्रिल को भारी नुकसान पहुंचा है। गनीमत यह रही कि घटना के समय गुफा दर्शन के लिए मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की संख्या बहुत कम थी, यदि यह हादसा रविवार को हुआ होता, जब मंदिर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहता है, तो स्थिति काफी गंभीर हो सकती थी। भूस्खलन के बाद गेट नंबर 5 और गेट नंबर 2 से श्रद्धालुओं की एंट्री फिलहाल बंद कर दी गई है।



भूस्खलन से दियोटसिद्ध मंदिर के गेट नंबर पांच में चट्टानें गिर गईं।

मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम ने बताया कि चट्टानों और मलबे को हटाने का कार्य तुरंत शुरू कर दिया गया था और शुक्रवार शाम तक अधिकांश मलबा हटा लिया गया है। जब तक सफाई और सुरक्षा कार्य पूर्ण नहीं हो जाता, तब तक गेट नंबर 5 से श्रद्धालुओं की आवाजाही पूरी तरह बंद रहेगी।

## जर्जर स्कूल भवन बना बच्चों की जान को खतरा, अभिभावकों ने जताई चिंता

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज की धमरोल जोल पंचायत के राजकीय प्राथमिक स्कूल की हालत देखकर हर कोई हैरान है। आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षण में स्कूल की जर्जर स्थिति उजागर हुई है, जो प्रदेश सरकार और शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है। स्कूल की इमारत लगभग पचास वर्ष पुरानी है और इसकी छत से लगातार पानी टपक रहा है।



धमरोल जोल पंचायत के स्कूल की जर्जर स्थिति की जानकारी देते गणमान्य।

बरसात के मौसम में कक्षाओं में बैठना तो दूर, खड़े रहना भी खतरे से खाली नहीं है। फर्श उखड़ा हुआ है और बच्चों के बैठने की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। शौचालय की हालत अत्यंत दयनीय है, जो स्वच्छ भारत अभियान की पोल खोलता है। स्कूल की चारदीवारी न होने के चलते बेसहारा पशु और जंगली जानवर अक्सर परिसर में प्रवेश कर जाते हैं, जिससे बच्चों की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। इससे न केवल शिक्षा प्रभावित हो रही है, बल्कि अभिभावक भी बच्चों को स्कूल भेजने से कतराने लगे हैं। स्कूल प्रबंधन समिति की प्रधान सुषमा कुमारी सहित स्थानीय निवासी कुलदीप चंद, प्रदीप कुमार, धर्म चंद और मेहर चंद ने बताया कि शिक्षा विभाग ने इस भवन को वर्ष 2023 में ही 'अनसेफ' घोषित कर दिया था, लेकिन आज तक न तो नई बिल्डिंग का निर्माण हुआ है और न ही बच्चों के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।

कई बार प्रशासन और स्थानीय विधायक को अवगत करवाया गया, लेकिन परिणाम शून्य ही रहा।स्थानीय लोगों ने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द स्कूल के लिए सुरक्षित भवन की व्यवस्था की जाए, ताकि बच्चों की शिक्षा और जीवन दोनों सुरक्षित रह सकें।

## करंट से नहीं, लापरवाही से हुई महिला की मौत

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** थाना सुजानपुर में 7 अगस्त को एक मृतक महिला कैरों देवी पत्नी प्रेम चंद गांव बूहला गरौड़ू तहसील सुजानपुर को अस्पताल लाने की सूचना पुलिस मिली थी। महिला उपरोक्त के शव का डॉ. आरकेजीएमसी अस्पताल हमीरपुर में पोस्टमार्टम करवाया गया था, जो प्रारंभिक जांच से उपरोक्त महिला को बिजली का करंट लगने का मामला पाया गया था।

पुलिस थाना सुजानपुर की टीम द्वारा मामले की जांच करने हेतु घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तो शिकायतकर्ता राजेश कुमार पुत्र प्रेम चंद गांव बूहला गरौड़ू डाकघर कनेरड़ ने दर्ज करवाया कि इसकी माता स्व.कैरों देवी की मृत्यु जोगिन्द्र सिंह के द्वारा लापरवाही से अपने खेतों में करंट की तार लगाने व उस तार से करंट लगने के कारण हुई है। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

## प्राकृतिक खेती को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए कृषि सखियों को दिया प्रशिक्षण



कृषि सखियों को गांव-गांव के किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने के लिए प्रशिक्षण दिया गया।

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान**

**बड़ा।** कृषि विज्ञान केंद्र हमीरपुर (धनपुर) में 4 से 8 अगस्त तक राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन के अंतर्गत कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन एवं कृषि सखियों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में हमीरपुर जिले की नादौन, हमीरपुर एवं बिझड़ी तहसीलों से कुल 35 कृषि सखियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों को प्राकृतिक खेती के विभिन्न पहलुओ जैसे पोषण प्रबंधन, कीट प्रबंधन और रोग प्रबंधन की वैज्ञानिक विधियों की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ. विशाल डोगरा, मृदा विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. नवनीत जरियाल, बागवानी महाविद्यालय नेरी से डॉ. दीपा शर्मा और डॉ. शिवानी चौहान मुख्य प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहे। आतमा परियोजना निदेशक डॉ. नितिन कुमार शर्मा ने प्राकृतिक खेती मिशन से जुड़ी प्रक्रियाओं, लक्ष्य और योजनाओं के बारे में जानकारी साझा की। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षित फार्मर मास्टर ट्रेनर ललित कालिया एवं प्रमोद सिंह पठानिया ने अपने अनुभव साझा किए। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को कृषि प्रसार सामग्री भी वितरित की गई, ताकि वे किसानों को सटीक जानकारी के साथ मार्गदर्शन प्रदान कर सकें।

हमीरपुर जिले में अब तक 72 कृषि सखियों का पंजीकरण किया जा चुका है और इनके माध्यम से 36 क्लस्टरों का गठन हुआ है। प्रत्येक क्लस्टर में लगभग 155 किसान प्राकृतिक खेती मिशन से जोड़े गए हैं। मिशन के तहत प्रति एकड़ 4000 रुपए वार्षिक प्रोत्साहन राशि निर्धारित की गई है, ताकि किसानों को इस पद्धति को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके।

**निपुण** बड़ू स्थित बहुतकनीकी कॉलेज हमीरपुर में संपन्न हुआ फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम

## आईओटी व एआई से अपडेट हुए तकनीकी शिक्षक

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** प्रदेश के विभिन्न इंजीनियरिंग एवं बहुतकनीकी कालेजों, आईटीआई और अन्य शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों को इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी नवीनत्तम तकनीक से अवगत एवं अपडेट करवाने के लिए यहां बड़ू स्थित बहुतकनीकी कॉलेज हमीरपुर में आयोजित पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शुक्रवार को संपन्न हो गया।

इलेक्ट्रॉनिक्स एंड आईसीटी अकादमी, सी-डैक मोहाली तथा राजकीय बहुतकनीकी कॉलेज हमीरपुर के संयुक्त तत्वावधान में तथा केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के प्रायोजन से 'आईओटी एवं एआई का परिचय' विषय पर आधारित यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों के अनुरूप आयोजित किया गया। 4 अगस्त को



फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के दौरान गणमान्यों को सम्मान किया गया।

इस कार्यक्रम का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करते हुए तकनीकी शिक्षा विभाग के निदेशक अक्षय सूद ने इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को शिक्षकों के लिए तकनीकी अद्यतन एवं शोध कार्यों में उपयोगी बताया।

कार्यक्रम के पांचों दिन आयोजित अलग-अलग सत्रों के दौरान आईओटी एवं एआई के विशेषज्ञों ने शिक्षकों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां तथा प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया। सी-डैक मोहाली के समन्वयक डॉ. बलविंदर सिंह ने माइक्रोकंट्रोलर एवं एम्बेडेड सिस्टम्स की बारीकियां समझाईं। एनआईटी हमीरपुर के सह-प्रोफेसर डॉ टीपी शर्मा ने प्रतिभागियों को आईओटी एवं एआई के विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया। सी-डैक मोहाली की अंजू कृष्णा ने पायथन पर विस्तृत जानकारी दी।

अन्य प्रमुख वक्ताओं में एनआईटी हमीरपुर के डॉ. राजीव कुमार और डॉ प्रदीप सिंह, सी-डैक मोहाली के रोहन ढलोअड़, सीएसआईओ-सीएसआईआर के ललित बंसल और शुभम दीक्षित तथा मेजबान बहुतकनीकी कालेज के पंकज ठाकुर शामिल रहे। इन विशेषज्ञों ने एआई एवं मशीन लर्निंग के मूल सिद्धांतों, एआई के उपयोग, सेंसर एवं एक्चुएटर्स, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, आर्डुइनो, रास्पबैरी पाई के साथ आईओटी, क्लाउड इंटीग्रेशन, कम्युनिकेशन मॉड्यूल्स, थिंगस्पीक के साथ नोड-रैड और एमक्यूटीटी जैसे विषयों पर व्याख्यान और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

अंतिम दिन प्रतिभागियों ने आईओटी आधारित मिनी प्रोजेक्ट भी तैयार किए। कार्यक्रम के समापन अवसर पर एनआईटी हमीरपुर के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियंत्रण विभाग के प्रमुख डॉ. अश्वनी कुमार राणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को नवाचार, पेटेंट तथा स्टार्ट-अप गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। मेजबान कॉलेज के प्राचार्य चंद्रशेखर ने सभी वक्ताओं और प्रतिभागियों का धन्यवाद किया और भविष्य में भी ऐसे उच्च-स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया।

## मंडलाध्यक्ष ने की घोषणा, रमन भटनागर बने सुजानपुर भाजपा शहरी इकाई के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

नगर परिषद सुजानपुर के पूर्व में रहे अध्यक्ष रमन भटनागर को भाजपा सुजानपुर शहरी इकाई का अध्यक्ष बनाया गया है। यह घोषणा सुजानपुर भाजपा के दोनों मंडल अध्यक्षों प्रो. विक्रम राणा और जसवंत ठाकुर ने की है। जानकारी देते हो सुजानपुर भाजपा मंडल के मीडिया प्रभारी सुधीर भटनागर ने बताया कि गुरुवार को पार्टी कार्यालय में कार्यकारिणी घोषणा को लेकर जानकारी दी गई हैं।



घोषित कार्यकारिणी में अध्यक्ष रमन भटनागर, सरवन कुमार, स्वरूप कुमार, डॉ. देश राज चौधरी, प्रदीप सोनी, निर्मला ठाकुर, रविंदर डोगरा को उपाध्यक्ष, रमन धीमान व परमीत ठाकुर को महासचिव, अश्विनी धीमान (सेवानिवृत्त) सौरव गुप्ता, कपिल शर्मा, अनूप कुमार, तारा चंद चैधरी व मनोज को सचिव, अरुण जैन को कैशियर नियुक्त किया गया हैं। इसके साथ कानूनी सलाहकार के लिए हिमांशु शर्मा व समीर वर्मा सोशल मीडिया समन्वयक, आईटी संयोजक संदीप कुमार, आईटी सह-संयोजक बनाया गया हैं। इसके अलावा सुनील कुमार (काका) को मीडिया प्रभारी सहित सरवन कुमार कृष्ण स्वरूप, पुरुषोत्तम चंद, देश राज, सुभाष ठाकुर, कैप्टन बेनी प्रसाद, रविंदर रांगड़ा (रवि), देवींदर रांगड़ा चुंजा मेहरा, प्रदीप शास्त्री, अजीत कुमार (बिल्ला) मनोज गुप्ता (रीटायर्ड) जीवन ऋषि महाजन, राजिंदर गुप्ता (फौजी) को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

विशेष आमंत्रित सदस्य में डॉ. अनिल गुप्ता (सुनु) प्रेम डोगरा सरदारी लाल को बनाया गया है। घोषित कार्यकारिणी को सुजानपुर के भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि घोषित कार्यकारिणी को जो भी जिम्मेदारी दी गई है, उसका वे ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वहन करें।

# स्मार्ट सिटी में पीली लाइन से चिन्हित होगी पार्किंग

## 'पी' लिखा बॉक्स होगा पेड पार्किंग, देनी होगी तय फीस, लाइन लगाने का कार्य शुरू

राजेश कुमार, अनंत ज्ञान

**धर्मशाला।** स्मार्ट सिटी धर्मशाला को पार्किंग की दृष्टि से स्मार्ट बनाने की दिशा में नगर निगम कार्य कर रहा है। इसी कड़ी शहर में पार्किंग पेड व आम पार्किंग स्थल चिन्हित किए जाएंगे। निगम प्रशासन की मानें तो सड़क किनारे जहां 'पी' लिखा बॉक्स बना होगा, मतलब वो एरिया पेड पार्किंग होगी। यही नहीं शहर में लोगों की निजी वाहनों पर निर्भरता कम करने के लिए तीन इंट्रा सिटी बस रूट भी शुरू किए जा रहे हैं, जिससे लोगों को शहर में परिवहन सेवा उपलब्ध हो सके।

नगर निगम की ओर से सड़क किनारे पीली लगाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। जहां वाहन चालक, सवारी को उतार या वाहन में बिठा सकते हैं, इस तरह के प्वाइंट चिन्हित किए जाएंगे। इसके अलावा जहां रोड किनारे बॉक्स बना होगा, जिसमें 'पी' लिखा होगा, उसका मतलब है कि यह पेड पार्किंग है, इसकी फीस भी नोटिफाई की जाएगी। जल्द ही शहर में इंट्रा सिटी बस सेवा भी शुरू होगी, जिसके लिए एचआरटीसी के माध्यम से तीन रूट स्वीकृत करवाए गए हैं। इस बस सेवा से भी लोगों को शहर के एक छोर से दूसरे छोर तक जाने की सुविधा मिलेगी। शहर में पार्किंग की बेहतर व्यवस्था हो, जिसके लिए साइन बोर्ड लगाए जाएं और पार्किंग स्थल की मार्किंग की जाए। इसको लेकर विस्तृत प्लान तैयार करके एसडीएम के माध्यम से डीसी कांगड़ा को भेजा जाएगा।

पुलिस के अनुसार व्हाइट लाइन के अंदर पार्किंग नहीं की जा सकती। नियमानुसार व्हाइट लाइन के अंदर टेम्परेरी गाड़ी खड़ी की जा सकती है और चालक गाड़ी में ही होना चाहिए, जबकि ऐसा नहीं है कि व्हाइट लाइन के अंदर कोई गाड़ी खड़ी करके चला जाए। ऐसी स्थिति में धर्मशाला में आइडल पार्किंग के चालान किए जाते हैं।



धर्मशाला का कचहरी चौक।

### शहर में तीन इंट्रा सिटी बस सेवाएं होंगी शुरू

नगर निगम पीली लगाने की दिशा में कार्य कर रहा है। जहां वाहन चालक, सवारी को उतार या वाहन में बिठा सकते हैं, प्वाइंट चिन्हित किए जाएंगे। रोड किनारे बॉक्स बना होगा, जहां पी लिखा होगा, जो पेड पार्किंग होगी। तीन इंट्रा सिटी बस सेवाएं शुरू की जा रही हैं।



-जफर इकबाल, कमिश्नर, नगर निगम धर्मशाला।

### व्यापारिक केंद्रों में रहती है ज्यादा भीड़

**कचहरी** चौक, फव्वारा चौक, कोतवाली बाजार, दाड़ी व्यापारिक केंद्र हैं, जहां व्यापार की दृष्टि से भीड़ ज्यादा रहती है। जहां भी नगर निगम की ओर से पार्किंग बनाई गई हैं, वहां साइन बोर्ड लगाकर लोगों को बताया जाएगा कि शहर में चिन्हित पेड पार्किंग इतने मीटर पर है। जहां पार्किंग स्थल विकसित करने की जगह नहीं है, ऐसे स्थलों पर खुली जगह पर पार्किंग की व्यवस्था के प्रयास किए जाएंगे।

धर्मशाला में फ्री व पेड पार्किंग स्थल चिन्हित किए जाएंगे। जहां व्हाइट लाइन के अंदर पार्किंग नहीं की जा सकती। व्हाइट लाइन के अंदर टेम्परेरी गाड़ी खड़ी की जा सकती है और चालक गाड़ी में ही होना चाहिए, ऐसा न होने पर चालान किए जाएंगे।



-हितेष लखनपाल, एएसपी, जिला कांगड़ा।

# तीन युवकों से 8 .5 ग्राम हेरोइन बरामद



हेरोइन सहित गिरफ्तार आरोपी पुलिस टीम के साथ।

अनंत ज्ञान, धर्मशाला

धर्मशाला पुलिस ने तीन युवकों को 8.5 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान 22 वर्षीय अनिकेत, 21 वर्षीय अक्षित कुमार व 23 वर्षीय आर्यन वर्मा के रूप में हुई है।

तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार वीरवार को गश्त के दौरान धर्मशाला पुलिस ने उक्त तीन युवकों से हेरोइन बरामद की।

एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने पुष्टि करते हुए बताया कि तीनों युवकों को गिरफ्तार करके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस की नशे के खिलाफ मुहिम आगे भी जारी रहेगी।

## कांगड़ा में मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस समारोह

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन की तैयारियों को लेकर आज एसडीएम कांगड़ा इशांत जस्वाल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन उनके कार्यालय कक्ष में किया गया। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित व्यापार मंडल के अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा और विभिन्न स्कूलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि इस बार स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त नगर परिषद मैदान कांगड़ा में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा । बैठक में उपमंडल स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### एनिमल हस्बेंडरी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड गठित : प्रो. बघेल

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** पशु पालकों को उनके उत्पादों के आकर्षक मूल्य सुनिश्चित करने ने एनिमल हस्बेंडरी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड गठित किया गया है। इस फंड के अंतर्गत अब तक 14,413.88 करोड़ लागत की 402 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं जिसमें 10,095.23 करोड़ ऋण राशि है। यह जानकारी केंद्रीय पशु पालन, मत्स्य और डेयरी राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने सांसद इंदु गोस्वामी को सदन में दी।

### गैलेक्सी स्कूल की एचपीसीए अकादमी का रूटीन निरीक्षण



**अनंत ज्ञान, शिव गुलेरिया, नगरोटा सूरियां।** गैलेक्सी पब्लिक स्कूल नगरोटा सूरियां की एचपीसीए अकादमी में एचपीसीए के जिला कांगड़ा के मुख्य कोच राजेश्वर ठाकुर ने रूटीन निरीक्षण किया। इस दौरान एचपीसीए अकादमी में जो बच्चे क्रिकेट खेल में हिस्सा लेते हैं उनको क्रिकेट की बारीकियों के बारे में अवगत करवाया गया। राजेश्वर ने बताया कि यह एक रूटीन निरीक्षण था तथा बच्चों से बात करके उनको खेल की बारीकियों से भी अवगत करवाना एचपीसीए का मुख्य उद्देश्य है। इस दौरान स्कूल प्रबंधक गुलशन कुमार, कोच दिनेश सहित बच्चे मौजूद रहे । स्कूल प्रधानाचार्य अनुराग शर्मा ने बताया कि जल्द ही अंडर 9, अंडर 12, तथा अंडर 16 के लड़के तथा लड़कियों के क्रिकेट ट्रायल भी आयोजित होंगे।

### धीरा स्कूल में मनाया उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** उपमंडल धीरा में स्वतंत्रता दिवस के आयोजन के लिए बैठक का आयोजन एसडीएम सलीम आजम धीरा की अध्यक्षता में शुक्रवार को किया गया। इस बैठक में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धीरा में करवाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान उपमंडल के अंतर्गत आने वाले सभी शहीदों के परिवारों को सम्मानित करने का निर्णय लिया।

### डाडासीबा महाविद्यालय में 12 को होगा पीटीए का गठन

**अनंत ज्ञान, डाडा सीबा।** बाबा कांशी राम राजकीय महाविद्यालय डाडा सीबा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए माता-पिता शिक्षक संघ की नई कार्यकारिणी का गठन 12 अगस्त को किया जाएगा। यह जानकारी महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य जितेंद्र कुमार ने दी। नई कार्यकारिणी के गठन हेतु 12 अगस्त को प्रातः 11 बजे महाविद्यालय परिसर में एक बैठक आयोजित की जाएगी।

### बालन से भरा पिकअप टैम्पो वन विभाग ने किया जब्त

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडा सीबा वन विभाग की सतर्क टीम ने नाकाम कर दिया। गुरुवार देर रात वन परिक्षेत्र अधिकारी राजेश कुमार की अगुवाई में चल रही गश्त के दौरान चनौर और बढ़ल सीमा पर लगाए गए नाके पर एक पिकअप टेंपो को जांच के लिए रोका गया। वाहन में बालन सीरम और सिंबल जैसी प्रजातियों की लगभग 35 क्विंटल लकड़ी लदी हुई थी। गाड़ी के चालक संजय कुमार, जो कि स्वयं को ठेकेदार बता रहा था, मौके पर कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि यह बालन ज्वालाजी रेंज से लोड कर होशियारपुर ले जाया जा रहा था। वन विभाग की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गाड़ी को जब्त कर लिया और आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### धर्मशाला में होगा अग्निवीर भर्ती का ग्राउंड टेस्ट

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** सेना भर्ती कार्यालय, पालमपुर के द्वारा सूचित किया गया है कि भर्ती वर्ष 2025-26 की अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क/ स्टोर कीपर तकनीकी, अग्निवीर ट्रेडसमेन (दसवीं पास), अग्निवीर ट्रेडसमेन (आठवीं पास) के ग्राउंड टेस्ट के एडमिट कार्ड 6 अगस्त, 2025 को जारी किए जा चुके हैं। उम्मीदवार अपना एडमिट कॉर्ड भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। यदि किसी उम्मीदवार को एडमिट कार्ड डाउनलोड से सम्बंधित किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो वह निजी तौर पर अथवा ईमेल या दूरभाष नम्बर 88940-88311 के द्वारा सेना भर्ती कार्यालय, पालमपुर से संपर्क कर सकते हैं। यह ग्राउंड टेस्ट 20 अगस्त, 2025 से 31 अगस्त, 2025 तक युवा सेवाएं एवं खेल विभाग, धर्मशाला के सिंथेटिक ट्रैक पर आयोजित किया जाएंगे।

### बलराज और बिनता को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** सेराथाना के समीप खड्ड में आई बाढ़ में फंसे बलराज और बिनता को रेस्क्यू ऑपरेशन से निकाले जाने के बाद शुक्रवार को नगरोटा बगवां ब्लॉक कांग्रेस के प्रधान मान सिंह, वरिष्ठ उपप्रधान प्रताप, जिला परिषद सदस्य सोनिया ने उनका माता चामुंडा जी की चुनी देकर सम्मानित किया।

### शिवनगर कॉलेज में किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा रेड रिबन क्लब के साथ मिलकर एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने सभी को इस कार्यक्रम की उपयोगिता बताते हुए मानव जीवन और प्रकृति के लिए वृक्षों के महत्व से परिचित कराया। सभी स्वयंसेवियों ने अपनी मां के नाम से एक-एक पौधा रोपा। इसके साथ ही प्राचार्या, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. योगेश पाण्डेय और रेड रिबन क्लब की संयोजक डॉ. नीतिका शर्मा व अन्य प्राध्यापकों ने भी पौधरोपण किया।

### नवोदय विद्यालय परीक्षा के लिए 13 तक करें पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय, पपरोला राजेश कुमार ने जानकारी दी कि जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा छः के 2026-26 के सत्र की चयन परीक्षा में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 13 अगस्त, 2025 कर दिया गया है। जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा, वर्तमान में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा पांच में अध्ययनरत मेधावी विद्यार्थियों के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय, पपरोला, जिला कांगड़ा जैसे प्रतिष्ठित आवासीय विद्यालय में प्रवेश पाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। पंजीकरण की तिथि बढ़ाए जाने से ऐसे विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा जो किन्हीं कारणवश पूर्व में आवेदन नहीं कर सके थे।

### गड्ढे में फंसे दो पशुओं को निकाला बाहर

**शिवम शर्मा, अनंत ज्ञान, परागपुर।** हार (नेहरनपुखर )पंचायत क्षेत्र में नौण टैंक के पास पंचायत द्वारा महीनों पहले खोदे गए एक गहरे गड्ढे में दो बेसहारा बैल गिरकर बुरी तरह फंस गए। लोगों ने बैलों की आवाजें सुनीं तो हड़कंप मच गया। वहीं पूर्व बीडीसी सदस्य सुनील और ग्रामीणों ने दोनों बैलों को सुरक्षित बाहर निकाला।

### नगरोटा सूरियां कॉलेज में लगाई पुस्तक प्रदर्शनी

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियां में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस आयोजन के मुख्यातिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा रहे। प्राचार्य प्रो. उपेन्द्र शर्मा ने कहा यह आयोजन निश्चित रूप से छात्रों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा क्योंकि इसमें छात्र विभिन्न प्रकार की पुस्तकों से परिचित हो सकेंगे और उनके अंदर पुस्तक पढ़ने की रुचि भी उत्पन्न होगी।

### पालमपुर से 7 डॉक्टरों का जाना दुर्भाग्यपूर्ण : त्रिलोक



**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** भाजपा प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने कहा कि पालमपुर विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था वह पूरी तरह चरमरा गई है। आठ महीने से पीएचसी मनियाड़ा में डॉक्टर नहीं है। मनियाडा पीएचसी की यह स्थिति है कि जो कंडवाड़ी पीएचसी के डॉक्टर हैं वह 2 दिन गोपालपुर में, 2 दिन मनियाड़ा में और 2 दिन कंडवाड़ी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं जबकि यह तीनों ग्रामीण क्षेत्र है। कपूर ने कहा कि सबसे बड़ी उम्मीद के रूप में पालमपुर का सिविल हॉस्पिटल है। पालमपुर हॉस्पिटल से एक साथ सात डॉक्टरों का तबादला करना गंभीर विषय है। इस अवसर पर यशपाल वालिया ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थामा। वालिया ने कहा कि मुझसे 15 साल गलती हो गई थी जो मैंने कांग्रेस का दामन थामा था।

## छात्रों को शैक्षणिक अनुभव से किया जागरूक



प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट में आयोजित कार्यशाला में छात्रों को जागरूक करते हुए प्रोफेसर व अन्य।

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

**पठानकोट।** बीएमएल मुनजल विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित प्रोफेसरों द्वारा प्रताप वर्ल्ड स्कूल, पठानकोट में आयोजित कार्यशाला प्रताप वर्ल्ड स्कूल ने गर्व के साथ बीएमएल मुनजल विश्वविद्यालय के सहयोग से एक समृद्ध ऑफलाइन कार्यशाला का आयोजन किया। यह सत्र दो प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, प्रोफेसर सलील मिश्रा और सहायक प्रो. अंकुर शुक्ला द्वारा संचालित किया गया, जिन्होंने छात्रों को प्रेरित करने के लिए अपने व्यापक शैक्षणिक अनुभव और वास्तविक जीवन की समझ साझा की।

तीन घंटे की इस इंटरएक्टिव कार्यशाला में वाणिज्य, मानविकी और विज्ञान संकाय के छात्रों ने भाग लिया, जिससे उन्हें ऐसे प्रतिष्ठित फैकल्टी सदस्यों के साथ सीधे संवाद करने का दुर्लभ अवसर प्राप्त हुआ।

इस सत्र ने छात्रों को आलोचनात्मक सोच विकसित करने, व्यापक दृष्टिकोण अपनाने और अपने शैक्षणिक ज्ञान को व्यापक सामाजिक मुद्दों से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। प्रताप वर्ल्ड स्कूल, बीएमएल मुनजल विश्वविद्यालय का हार्दिक आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने इस कार्यशाला को संभव बनाने में अमूल्य सहयोग दिया। इस अवसर पर सनी महाजन, निदेशक, प्रताप वर्ल्ड स्कूल ने कहा हम अपने विद्यार्थियों को कक्षा से बाहर भी सीखने के अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## कूका ने विधायक व लोनिवि की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां

पूर्व भाजपा विधायक अरुण कुमार मेहरा (कूका) ने स्थानीय विधायक एवं कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली तथा लोक निर्माण विभाग ( पीडब्ल्यूडी) की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से प्राप्त धनराशि का उपयोग नियमानुसार नहीं किया जा रहा है और टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने की आवश्यकता है। पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि टेंडर प्रक्रिया में स्थानीय ठेकेदारों की अनदेखी कर बाहरी ठेकेदारों को प्राथमिकता दी जा रही है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत सात सड़कों के कार्यों को अलग-अलग टेंडर करने की बजाय एक बड़े टेंडर में सम्मिलित कर दिया गया, जिससे स्थानीय ठेकेदार वंचित रह गए। उन्होंने यह भी कहा कि नगरोटा बगवां में रैन बसेरा एवं सामुदायिक भवन को तोड़ने का ठेका 1.92 लाख रुपए में दिया गया, जबकि उसमें प्रयुक्त सामग्री का मूल्य इससे कहीं अधिक हो सकता था।

इसके अतिरिक्त, प्रस्तावित डे-बोर्डिंग स्कूल के निर्माण स्थल को लेकर भी उन्होंने चिंता जताई। कूका ने कहा कि यदि नियमों का पालन सुनिश्चित नहीं किया गया तो वह कानूनी विकल्पों पर विचार करेंगे। वहीं जिला भाजपा उपाध्यक्ष बलराम पुरी, संदीप शर्मा, मंडलाध्यक्ष अजीत राणा सहित पार्टी क के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।



जानकारी देते पूर्व भाजपा विधायक अरुण कुमार कूका।

## हैप्पी बर्थडे



कुमी कठयाल के रोहन को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## 230 ग्राम चरस के साथ धरा नगरोटा का दुकानदार

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां/कांगड़ा

अवैध नशा बेचने के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नगरोटा बगवां पुलिस टीम ने गश्त के दौरान रढ चौक पर एक व्यक्ति की तलाशी लेने का प्रयास किया तो व्यक्ति वहां से भाग गया, लेकिन पुलिस कर्मियों ने उसका पीछा करते हुए धरदबोचा। जिसके बाद उसके पास बैग की तलाशी लेने पर उसमें 230 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी की पहचान सतीश कुमार निवासी कालीजन गांव के रूप में हुई है। डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी नागरोटा बगवां में कपड़ों की एक छोटी सी दुकान का मालिक है। नगरोटा पुलिस इस संबंध में कई सूचनाएं मिली, जिसके बाद निगरानी रखी जा रही थी। उन्होंने बताया कि आरोपी को एनडीपीएस अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है तथा आगामी कार्रवाई जारी है।

## संस्कृत भाषा हमारी प्राचीन धरोहर

आशीष दमीर, अनंत ज्ञान

**कांगड़ा।** संस्कृत दिवस पर एमसीएम डीएवी कॉलेज कांगड़ा के संस्कृत विभाग में एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस दौरान संस्कृत के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अरुणदीप शर्मा ने कहा कि विश्व संस्कृत दिवस पर हमें संस्कृत भाषा के महत्व और उसकी विशिष्टता को समझने का अवसर मिलता है। संस्कृत भाषा न केवल हमारी प्राचीन धरोहर है, बल्कि यह हमें जीवन के मूल्यों और आदर्शों को भी सिखाती है। संस्कृत भाषा में हमारे पूर्वजों के ज्ञान, विज्ञान, और साहित्य का भंडार है। प्रधानाचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने संस्कृत दिवस पर शुभकामनाएं दी।



## किशोरी लाल ने दिल्ली में की रजनी पाटिल से भेंट



**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशोरी लाल ने राज्य सभा सांसद और हिमाचल प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल से दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर उनके साथ भोरंज विधानसभा से विधायक सुरेश कुमार, इंदौरा से विधायक मलेंद्र राजन, चिंतपूर्णी से विधायक सुदर्शन बबलू और बैजनाथ से कांग्रेस नेता रविंद्र बिट्टू भी मौजूद रहे। विधायक किशोरी लाल और उनके साथ कांग्रेसी विधायकों ने प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल से प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से अवगत करवाया।

## संस्कृत दिवस पर धर्मशाला कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में शुक्रवार को संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में संस्कृत विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रो. डॉ. सुभाष चंद्र गुप्ता ने भारतीय ज्ञान परंपरा अतीत की धरोहर, भविष्य की राह विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में विचार साझा किए। कार्यक्रम के मुख्यातिथि और महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की ज्ञान परंपरा ने देश को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## मैक्लोडगंज में मनाया कीर्ति रीपोंछे का जन्मोत्सव

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** बौद्ध नगरी मैक्लोडगंज में शुक्रवार को 11वें कीर्ति रीपोंछे का 83वां जन्मदिन कीर्ति मोनेस्ट्री में हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दिरण मोनेस्ट्री में विशेष पूजा का आयोजन किया गया, साथ ही केक भी काटा गया। दलाईलामा के 90वें जन्मोत्सव वर्ष को इस बार ईयर ऑफ कंपेशन के तहत ही सेलिब्रेशन किया जा रहा है, उसी कड़ी में उक्त समारोह आयोजित किया गया।

## विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति पर किया जागरूक

**नरिंद्र शर्मा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में छात्रवृत्ति जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन छात्रवृति समिति के नोडल अधिकारी प्रो. रविंद्र जग्गी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रो. हरजिंदर सिंह मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे उन्होंने आवेदन प्रक्रिया पर जानकारी दी।

## कृषि विश्वविद्यालय में मनाया राष्ट्रीय हथकरघा दिवस



राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाने के दौरान मौजूद गणमान्य और छात्राएं।

अनंत ज्ञान, अजय पाल ,पालमपुर

चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के वस्त्र एवं परिधान डिजाइनिंग विभाग ने 11वां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस उत्साह के साथ मनाया। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. चंद्रकांता वत्स ने मुख्यतिथि के रूप में शोभा बढ़ाई। कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने कार्यक्रम आयोजन के लिए महाविद्यालय को बधाई दी। विभागाध्यक्ष डॉ. सपना गौतम ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया।

मुख्यातिथि, डॉ. चंद्रकांता वत्स ने हथकरघा संस्कृति को पुनर्जीवित करने में विभाग की पहल की सराहना की। इस दौरान क्विज, ड्रेस-अप, पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान विजेताओं को सम्मानित भी किया गया।

## जेबीटी कमीशन के नाम पर प्रशिक्षुओं से किया जा रहा भद्दा मजाक : परयाल



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** हिमाचल राज्य चयन आयोग द्वारा काफी लंबे अरसे बाद जेबीटी कमीशन की अधिसूचना जारी की गई जिसमें जेबीटी की 600 पदों को भरने की बात की गई है , जिसको लेकर प्रदेश के जेबीटी वर्ग में काफी आक्रोश है।

जेबीटी/डीएलएड प्रशिक्षत बेरोजगार संघ ने कहा कि जेबीटी की 600 पोस्ट पर कमीशन की नोटिफिकेशन जारी हुई है, यह जेबीटी के साथ बहुत अन्याय है, 6 सालों से जेबीटी प्रशिक्षु कमीशन का इंतजार कर रहे थे ओर अब उन्हें ट्रेनी पॉलिसी वाली 600 पोस्ट दी जा रही हैं। संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश परयाल का कहना है कि यह एग्जाम नहीं प्रदेश के 60 हजार जेबीटी साथ धोखा किया गया है।

## सुखाश्रय योजना के तहत खर्च किए 10 करोड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी सुखाश्रय योजना के तहत कांगड़ा जिला में दस करोड़ की राशि व्यय करके 1241 निराश्रित बच्चों को संबल प्रदान किया गया है। शुक्रवार को डीसी कार्यालय में सुखाश्रय योजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त हेमराज ने कहा कि व्यवसायिक प्रशिक्षण के लिए 158 बच्चों को 41 लाख 19 हजार, कोचिंग के लिए तीन बच्चों को एक लाख 68 हजार, विवाह अनुदान के तौर पर अस्सी बच्चों को एक करोड़ 59 लाख, गृह निर्माण के लिए 122 बच्चों को एक करोड़ 22 लाख तथा सामाजिक सुरक्षा के तहत 878 बच्चों को छह करोड़ 55 लाख की राशि प्रदान की गई है।

बैठक में उच्च शिक्षा व्यवसायिक प्रशिक्षण, विवाह अनुदान, गृह निर्माण तथा स्टार्ट अप के 58 लाख के 37 नए मामले भी स्वीकृत किए गए। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि 18 से 27 आयु वर्ग के निराश्रित बच्चों को व्यवसायिक प्रशिक्षण, कौशल विकास में मदद करने के लिए वित्तीय और संस्थागत लाभ प्रदान करने का प्रावधान किया गया है।

## नौरा कॉलेज में किया पौधरोपण


**अनंत ज्ञान, डरोह।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय नौरा ने ग्राम पंचायत बलोटा स्थित शंभूमहादेव मंदिर परिसर में पौधरोपण अभियान का आयोजन किया। यह कार्यक्रम कॉलेज के प्राचार्य राजेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम के दौरान आम, आंवला, जामुन आदि स्थानीय पारिस्थितिकी के अनुकूल फलदार पौधों का रोपण किया गया।

## आईटीआई बैजनाथ में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाई

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बैजनाथ की प्रधानाचार्या रीता शर्मा ने बताया कि प्रवेश के द्वितीय चरण के आधार पर 1 अगस्त को जिन अभ्यर्थियों की संस्थान में प्रवेश हेतु सूची जारी की गई थी उन्हें आवंटित प्रशिक्षण संस्थानों में 8 अगस्त तक प्रवेश करना निर्धारित किया गया था। अब अभ्यर्थियों के लिए अंतिम तिथि को 8 अगस्त से बढ़ाकर 12 अगस्त कर दिया गया है।

## मशरूम की खेती पर दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जाइका द्वारा समर्थित, हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (चरण-दो) के तहत पालमपुर में स्थापित शिटाके मशरूम प्रशिक्षण केन्द्र में शिटाके मशरूम उत्पादन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला परियोजना प्रबंधक कांगड़ा डॉ. योगेंद्र कौशल ने किसानों को शिटाके की व्यावसायिक खेती कर अपना जीवनयापन का स्तर में सुधार लाने का आहवाहन किया।



# विधायक ब्राक्टा ने बाड़ीधार में किया नवनिर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण



बाड़ीधार पंचायत भवन का लोकार्पण करते हुए विधायक मोहनलाल ब्राक्टा।

अनंत ज्ञान, रोहड़ू

**रोहड़ू** के विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने शुक्रवार को बाड़ीधार पंचायत में नवनिर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण किया। यह भवन 73 लाख रुपए की लागत से बना है। इस दौरान विधायक ने बताया कि कांग्रेस पार्टी व प्रदेश सरकार विकास के प्रति हमेशा से गंभीर है। कांग्रेस सरकार एवं पूर्व मुख्यमंत्री राजा वीरभद्र सिंह ने रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास किया है।

इस अवसर पर विधायक ने लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और अधिकतर समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया। इस अवसर प्रधान ग्राम पंचायत बाड़ी धार सुधीर चौहान, उप प्रधान शूरवीर सिंह, रवि रावतझामटा, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य विद्योत्तमा शर्मा, रामेश्वर कंवर, बेबी नायक, हैपी वनित मेहता, विनोद ठाकुर, पवन चौहान, पंकज ठाकुर, प्रधान ग्राम पंचायत समरकोट शकुंतला घामटा, उपप्रधान ग्राम पंचायत जगोटी यशपाल ठाकुर उपप्रधान ग्राम पंचायत भलाड़ा अशोक डंडा, डॉ. आगर दास, त्रिलोक मेहता सहित ग्राम पंचायत के सैकड़ों लोग एवं सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# हाईकमान का फैसला होगा सर्वमान्य कार्यकर्ताओं का सम्मान जरूरी : प्रतिभा

## कहा- कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बिना पार्टी अधूरी, अनदेखी का होगा नुकसान

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने आज साफ कर दिया कि प्रदेश में संगठन के गठन को लेकर हाईकमान का फैसला अंतिम और सर्वमान्य होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी पार्टी का संगठन सर्वोपरि होता है और इसका कोई भी निर्णय सभी को मान्य होता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि है और उनकी भावनाओं की अनदेखी करना पार्टी के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

राजीव भवन में हुई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रतिभा सिंह ने कहा कि पिछले 9 महीनों से प्रदेश में संगठन न होने के बावजूद कार्यकर्ताओं ने जिस मजबूती से काम किया, वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनावों में कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से ही प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी। प्रतिभा सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं की भावनाओं का पूरा सम्मान किया जाना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह ने हमेशा कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए प्रदेश की सेवा की। यही कारण है कि उन्हें छह बार मुख्यमंत्री के तौर पर सेवा करने का मौका मिला।



### वीरभद्र सिंह की विरासत व पार्टी का भविष्य

**प्रतिभा** सिंह ने कहा कि वीरभद्र सिंह की विरासत और उनके प्रेम व बगैर किसी भेदभाव के विकास का पथ आज भी बहुत बड़ा वर्ग अपनाए हुए है। अगर इस रास्ते की अनदेखी की जाती है, तो यह प्रदेश में पार्टी के लिए बहुत नुकसानदायक साबित हो सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि 'होली लॉज' हमेशा ही इस पथ का अनुसरण करता रहेगा।

### निकाय चुनाव और सरकार से तालमेल

**प्रतिभा** सिंह ने कहा कि जल्द ही प्रदेश में नगर निकाय और पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव होने वाले हैं। किसी भी पार्टी की विचारधारा इन्हीं चुनावों से आगे बढ़ती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस मजबूत स्थिति में है, बस जरूरत है कि सरकार कार्यकर्ताओं के साथ तालमेल बनाए और उन्हें उचित मान-सम्मान दे।

# राहुल गांधी का चुनाव आयोग को धमकाना दुर्भाग्यपूर्ण : सुरेश कश्यप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



- भाजपा सांसद ने राहुल पर लगाया 'सेलेक्टिव अप्रोच' का आरोप
- बोले- जब कांग्रेस जीतती है तो चुनाव आयोग निष्पक्ष, हारने पर गड़बड़ी का आरोप क्यों?

**भाजपा** के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद सुरेश कश्यप ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग को कथित तौर पर धमकी देने की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इस व्यवहार को 'अशोभनीय, अलोकतांत्रिक और दुर्भाग्यपूर्ण' बताया है।

सुरेश कश्यप ने कहा कि राहुल गांधी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एक संवैधानिक संस्था पर हमला करते हुए महाराष्ट्र और कर्नाटक के चुनावों पर सवाल उठाए हैं। सुरेश कश्यप ने बताया कि राहुल गांधी की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दो हिस्से थे, एक तकनीकी और दूसरा राजनीतिक। तकनीकी हिस्से में उन्होंने मतदान प्रक्रिया पर संदेह जताया।

उन्होंने सवाल उठाया कि अगर कांग्रेस के अनुसार देश का लोकतंत्र खत्म हो चुका है और चुनाव आयोग समझौता कर चुका है, तो कांग्रेस अपनी 99 सीटों की जीत का जश्न क्यों मना रही थी।

## न्यूज ब्रीफ

### रक्षाबंधन के त्योहार की दी शुभकामनाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भाई-बहन के पवित्र रिश्ते के त्योहार रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि रक्षाबंधन हमारी सामाजिक और धार्मिक संस्कृति को मजबूत बनाता है। इस दिन बहन अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर अपनी रक्षा का वचन लेती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह त्योहार हमारे समाज की समृद्ध विरासत को हमेशा मजबूती प्रदान करता रहेगा।

### टीबी मरीजों को बांटी पोषण किट

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** मां श्यामला वेलफेयर सोसायटी ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्र पहल के अंतर्गत दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) जोनल अस्पताल, शिमला में आठ तपेदिक (टीबी) रोगियों को पोषण किट वितरित की। इन



किटों में दालें, अनाज और घी जैसी आवश्यक खाद्य सामग्री शामिल थी, जो मरीजों को उपचार के दौरान संतुलित पोषण प्रदान करेगी। इस कार्यक्रम में उपस्थित सीएमओ शिमला, डॉ. यशपाल रांटा ने सोसायटी के इस प्रयास की सराहना की और इसे अन्य सामाजिक संगठनों के लिए एक प्रेरणा बताया। सोसायटी की पदाधिकारी कुसुम सदरेट ने जानकारी दी कि उनकी संस्था ने शिमला शहर के 60 टीबी रोगियों को गोद लिया है। इस अवसर पर जिला टीबी अधिकारी डॉ. विनीत कुमार, वरिष्ठ तपेदिक पर्यवेक्षक अनमोलराज कौंडल, स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ सदस्य के अतिरिक्त सोसाइटी के पदाधिकारियों में अनीता शर्मा, रमा ठाकुर, सुनील धर, जगजीत कौर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सीमा कॉलेज के प्रांगण में लगी हस्तनिर्मित राखी की प्रदर्शनी



सीमा कॉलेज में रक्षाबंधन के दौरान लगी हस्तनिर्मित राखियों का अवलोकन करते हुए।

दशमी रावत, अनंत ज्ञान

**रोहड़ू।** राजा वीरभद्र सिंह महाविद्यालय सीमा के फैशन डिजाइनिंग विभाग द्वारा रक्षाबंधन के पावन अवसर पर हस्तनिर्मित राखी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी 7 से 9 अगस्त को महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित की जाएगी।

छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए सुंदर व अनोखी राखियां तैयार की। हर राखी में पारंपरिकता एवं आधुनिकता का सुंदर समन्वय देखने को मिला। प्रदर्शनी को देखने के लिए कॉलेज के स्टाफ व छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. ललिता रावत ने प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्राओं की कला, मेहनत व उत्साह की सराहना की।

उन्होंने छात्राओं को भविष्य में भी इसी तरह नवाचार व परंपरा को जोड़ते रहने के लिए प्रेरित किया। फैशन डिजाइनिंग विभाग की शिक्षिका प्रो. दिल कुमारी के मार्गदर्शन में यह प्रदर्शनी सफलतापूर्वक आयोजित की गई। कॉलेज के अन्य शिक्षकों ने भी अपनी मौजूदगी से छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

# एसएफआई ने मांगों को लेकर कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**रामपुर बुशहर, अनंत ज्ञान।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की रामपुर इकाई ने शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महावीर सिंह को रामपुर महाविद्यालय से जुड़ी छात्र समस्याओं को लेकर रामपुर मै एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में एसएफआई ने छात्रों से संबंधित पाँच प्रमुख मांगें उठाईं जिसमें महाविद्यालय में छात्र संघ चुनाव बहाल किए जाएं। एमएससी फिजिक्स की कक्षा पुन: आरंभ की जाए। महाविद्यालय में रिक्त प्राध्यापक पदों को जल्द भरा जाए। छात्रावासों की तत्काल मरम्मत कराई जाए। सभी छात्रों को छात्रावास की समुचित सुविधा दी जाए। एसएफआई शिमला जिला उपाध्यक्ष राहुल विद्यार्थी ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद से छात्र संघ चुनावों पर लगे प्रतिबंध ने छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन किया है। इससे न केवल छात्र-प्रशासन संवाद की प्रक्रिया बाधित हुई है, बल्कि कैंपस में प्रशासनिक मनमानी और छात्रों की समस्याओं की अनदेखी भी बढ़ी है।

# त्रिशूल सिक्योरिटी ग्रुप वर्कर्स यूनियन ने रामपुर श्रम विभाग के खिलाफ किया विरोध-प्रदर्शन

आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** त्रिशूल सिक्योरिटी ग्रुप वर्कर्स यूनियन (संबद्ध सीटू), इकाई रामपुर के बैनर तले शुक्रवार को श्रम कानूनों के लागू न होने तथा हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन न दिए जाने के खिलाफ श्रम विभाग कार्यालय रामपुर के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन को सीटू शिमला जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह, निर्माण मजदूर यूनियन शिमला के महासचिव दिनेश मेहता, त्रिशूल सिक्योरिटी ग्रुप वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष देविंदर और महासचिव टीटू खन्ना ने संबोधित किया।

वक्ताओं ने कहा कि एक ओर प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सरकार व्यवस्था परिवर्तन के दावे कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि श्रम विभाग की निष्क्रियता के चलते मजदूरों का शोषण बदस्तूर जारी है। बंधुआ मजदूरी जैसी हालत में मजदूर नेताओं ने कहा कि त्रिशूल सिक्योरिटी ग्रुप के माध्यम से नियुक्त मजदूरों को न तो सुरक्षा दी जा रही है और न ही मूलभूत सुविधाएं। यदि कोई मजदूर अपने अधिकारों की बात करता है, तो उसे नौकरी से निकाल दिया जाता है। यूनियन ने प्रदर्शन के माध्यम से श्रम विभाग को चेतावनी दी कि यदि शीघ्र श्रम कानूनों को सख्ती से लागू नहीं किया, तो यूनियन को मजबूरी में उग्र आंदोलन छेड़ना पड़ेगा। प्रदर्शन में मिलाप नेगी, राजपाल, जगदीश, दीप कुमार, बबलू राणा, सुंदर सिंह, भगवान दास, हरि सिंह, राजू, दयाल, भीम, सुनामोनी, अनूप, राजकुमार, संजीव, ददन यादव, नील चंद, संदीप, चंद्रपाल आदि मौजूद रहे।

### न्यूनतम वेतन से भी कम मासिक वेतन

**प्रदर्शनकारियों** ने बताया कि मजदूरों को 8000 से 10000 मासिक वेतन दिया जा रहा है, जो वर्ष 2022 से ही सरकार द्वारा तय न्यूनतम वेतन से कम है। इसके बावजूद मजदूरों से प्रतिदिन 12 घंटे ड्यूटी ली जाती है, जबकि वेतन 8 घंटे का भी पूरा नहीं दिया जा रहा। साप्ताहिक अवकाश और ओवरटाइम का भी भुगतान नहीं हो रहा है।

### बिन वेतन स्लिप, बिन आई-कार्ड

**मजदूरों** को न तो वेतन स्लिप दी जाती है और न ही श्रम विभाग द्वारा सत्यापित पहचान-पत्र (एम्प्लॉयमेंट कार्ड)। कई मजदूरों का ईपीएफ व ईएसआई भी नहीं काटा जा रहा है। वर्ष 2022-23 और 2023-24 के लिए बोनस अधिनियम 1965 के तहत बोनस भी अभी तक नहीं दिया गया है। आकस्मिक, अर्जित व चिकित्सकीय अवकाश जैसी सुविधाएं भी इन मजदूरों से कोसों दूर हैं। वक्ताओं ने कहा कि यूनियन द्वारा कई बार श्रम विभाग रामपुर को लिखित व मौखिक शिकायतें दी गईं, परंतु आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। यह श्रम विभाग की उदासीनता और मजदूर विरोधी रवैये को दर्शाता है

# बिलासपुर पेंशनर्स संगठन में खींचतान तेज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

- 'स्वयंभू नेताओं' पर बरसा जगदीश गुट
- चेतराम के लिए लगा बधाइयों का तांता

हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के भीतर आंतरिक कलह अब खुलकर सामने आ गई है। एक ओर प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा चेतराम वर्मा को बिलासपुर जिला का कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर लगातार बधाइयों का तांता लगा है, तो दूसरी ओर मौजूदा जिला प्रधान जगदीश दिनेश के समर्थकों ने इस निर्णय को 'हास्यास्पद और षड्यंत्रपूर्ण' बताते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी है।

जगदीश दिनेश गुट जहां चेतराम वर्मा की नियुक्ति को असंवैधानिक बताते हुए विरोध के मूड में है, वहीं सुरेश ठाकुर समर्थकों का दावा है कि यह कदम संगठन में नई ऊर्जा का संचार करेगा।

ऐसे में देखना होगा कि आने वाले दिनों में यह टकराव संगठनात्मक स्तर पर संघर्ष की ओर जाता है या समाधान की ओर।

### जगदीश गुट का पलटवार : नया ग्रुप बनाकर जनता को गुमराह करने की हो रही कोशिश

**पेंशनर्स** वेलफेयर एसोसिएशन बिलासपुर के मुख्य प्रवक्ता हुकम सिंह ठाकुर की अगुआई में संगठन के जिला व प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों ने संयुक्त प्रेस बयान में चेतराम वर्मा की नियुक्ति को असंवैधानिक करार देते हुए तीखा प्रहार किया। बयान में कहा गया कि जगदीश दिनेश निर्वाचित, एकछत्र और संविधान सम्मत जिला प्रधान हैं, जिनके नेतृत्व में बिलासपुर पूरी तरह संगठित है और पेंशनर्ज की समस्याओं का समाधान हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि जिन लोगों को पहले संगठन विरोधी गतिविधियों के लिए निष्कासित किया जा चुका है, वे अब नया ग्रुप बनाकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। मुंगेरीलाल के हसीन सपने देखने वाले यह जान लें कि बिलासपुर की एकजुटता किसी भी षड्यंत्र को सफल नहीं होने देगी यह बयान में कहा गया।

### सुरेश ठाकुर गुट ने चेतराम को बताया योग्य विकल्प

**वहीं** दूसरी ओर, प्रदेशाध्यक्ष सुरेश ठाकुर की ओर से घोषित अधिसूचना के बाद चेतराम वर्मा को कार्यकारी जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर उन्हें बधाइयों का सिलसिला जारी है। घागस, कंदरौर, तलाई, मलोखर, औहर, दयोथ, कुठेड़ा, करलोटी, बरठी, स्वाहन, जुखाला सहित जिला व प्रदेश भर से विभिन्न इकाइयों के प्रमुखों व सचिवों ने इस निर्णय का स्वागत किया है। प्रदेश उपप्रधान कर्म सिंह चंदेल और सलाहकार अनिल ने भी इस फैसले को संगठन को सशक्त करने वाला बताया। कई स्थानीय नेताओं ने सुरेश ठाकुर का आभार प्रकट करते हुए संगठन की नई दिशा में विश्वास जताया।

# विकास की जगह विनाश की गाथा : संदीप सांख्यान

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया कॉर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने कहा कि देश की बदहाल



अवस्था के लिए केंद्र की भाजपा जिम्मेदार है और केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियां जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जो देश की अवस्था और व्यवस्था को जानने वाले आंकड़े सामने आए हैं वह चौकाने वाले हैं।

इन आंकड़ों पर अगर गौर किया जाए तो वर्ष 2014 की तुलना में देश में करंसी की कीमत अत्यधिक पिछले 11 वर्षों में गिरी है। उन्होंने साल 2014 तक रुपए की कीमत अंतराष्ट्रीय बाजार में जहां 55 से 65 रुपए की बीच मे रहती थी अब पिछले 11 वर्षों में यही कीमत 88 और 89 रुपए के बीच में रह रही है। संदीप सांख्यान ने कहा कि 180 देशों में से भारत का प्रेस फ्रीडम ग्लोबल इंडेक्स 78 से 151 स्थान पर पहुंच गया है।

# झंडूता में नए पुलिस थाना भवन के लिए भूमि का संयुक्त निरीक्षण

गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान

**झंडूता।** आनंदघाट में उपमंडलीय अधिकारी झंडूता अर्शिया शर्मा के नेतृत्व में आज पुलिस थाना झंडूता की नई इमारत के लिए प्रस्तावित भूमि का विभिन्न विभागों के साथ संयुक्त निरीक्षण किया गया।

इस महत्वपूर्ण कदम का उद्देश्य क्षेत्र में एक आधुनिक और सुविधाजनक पुलिस थाना स्थापित करने की दिशा में प्रक्रिया को आगे बढ़ाना है। निरीक्षण के दौरान खसरा नंबर की सीमाओं को स्पष्ट करते हुए सभी संबंधित विभागों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई। एसडीएम अर्शिया शर्मा ने बताया कि चयनित भूमि वन विभाग के अंतर्गत आती है, जिसके लिए वन भूमि की स्टेटस रिपोर्ट मांगी गई है। साथ ही, यह भी जांच की जाएगी कि प्रस्तावित स्थल पर कितने पेड़ प्रभावित होंगे, ताकि पर्यावरणीय दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

उपमंडलीय अधिकारी झंडूता अर्शिया शर्मा ने बताया की विभागों के साथ पुलिस थाना झंडूता की नई बिल्डिंग के लिए जगह का निरिक्षण किया। खसरा नम्बर की सीमा सभी विभागों को बता दी गई है।

# पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

निहारी गांव में भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओं की एक अहम बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय नेताओं व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ आगामी कार्यक्रमों के लिए दिशा-निर्देश देना था। बैठक के दौरान संगठन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने पार्टी की विचारधारा को जनमानस तक पहुंचाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

# 42 वर्षीय बैंक मैनेजर की रहस्यमयी मौत

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** उपमंडल घुमारवीं के अंतर्गत आने वाले बल्लू क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब एक व्यक्ति का शव उसकी ही गाड़ी के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया। मृतक की पहचान 42 वर्षीय विपिन ठाकुर निवासी गांव भपराल के रूप में हुई है, जो वर्तमान में मोरसिंघी स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा में प्रबंधक के पद पर कार्यरत था। बताया जा रहा है कि वह भारतीय नौसेना (नेवी) से सेवानिवृत्त होकर बैंक में सेवा दे रहा था। जानकारी के अनुसार, विपिन ठाकुर की गाड़ी बल्लू क्षेत्र में खड़ी मिली थी, जिसमें वह मृत अवस्था में पाए गए। पुलिस ने गाड़ी का निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल घुमारवीं भिजवाया। घुमारवीं डीएसपी चंद्र पाल सिंह ने कहा कि मामले की जांच जारी है। रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# आज चुनी जाएगी स्टेट बास्केटबॉल टीम

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** सिरमौर जिला के पांवटा साहिब में आगामी 15 अगस्त से 17 अगस्त तक चलने वाली राज्य स्तरीय अंडर-19 बास्केटबॉल खेल प्रतियोगिता के लिए जिला बिलासपुर बास्केट बॉल पुरुष और महिला वर्ग टीम के ट्रायल 09 अगस्त शनिवार को सुबह 9 बजे रौड़ा सेक्टर के बास्केटबॉल खेल मैदान में होंगे।संघ के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण रनौत और कोषाध्यक्ष अभिषेक टेस्सू ने बताया कि 01 जनवरी 2007 के बाद जन्मे खिलाड़ी पुरुष व महिला इस खेल प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। चयनकर्ता के रूप में अश्वनी कुमार, संजय शर्मा, राजकुमार राठौर, राजेश कुमार और सचिन कौंडल होंगे।

# घुमारवीं में रामलीला का शुभारंभ 22 सितंबर से

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** नाहर सिंह मंदिर में बीती शाम आदर्श राम नाटक समिति घुमारवीं की बैठक प्रधान संजय कुमार शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वर्ष 2025 में आयोजित होने वाली राम लीला और दशहरा पर्व को लेकर मंथन किया गया। प्रधान सतीश शर्मा ने बताया कि इस बार रामलीला का शुभारंभ 22 सितंबर 2025 से पुराना बस अड्डा घुमारवीं में हर साल की भांति पूरे विधिवत ढंग से किया जाएगा जबकि दशहरा 2 अक्तूबर सीर खड्ड की तलहटी में हर्षोल्लास मनाया जाएगा। रामलीला की रिहर्सल 14 अगस्त से प्राचीन श्री शालिग्राम नरसिंह मंदिर पुराना बस अड्डा घुमारवीं में शुरू कर दी जाएगी। बैठक में समिति ने आमसभा बैठक में सभी ने सर्वसम्मति से संजय कुमार अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी को रामलीला आयोजन के यज्ञ को पूरा करने के लिए समर्थन प्रदान किया। वहीं अध्यक्ष सतीश गौतम, महंत राम शर्मा, रविंद्र शर्मा, अभिषेक टेस्सू इसके सदस्य होंगे।

# 15 को धूमधाम से मनाई जाएगी श्री कृष्ण जन्माष्टमी

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई।** 15 अगस्त को श्री कृष्ण जन्म उत्सव की तैयारियां को लेकर मंदिर परिसर बाबा बालक नाथ तलाई के प्रांगण में बैठक संपन्न हुई। पिछले दो दशकों से ज्यादा समय से हो रहा मंदिर परिसर के प्रांगण में श्री कृष्ण जन्म उत्सव इस बार भी 15 अगस्त को रात्रि 9:00 बजे से कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया पहले 3:30 बजे मुख्य मंदिर प्रवेश के द्वारा पर मटकी फोड़ने का विशेष आकर्षण कार्यक्रम रहेगा। तदोपरांत बाजार में 4 बजे सायं राधा कृष्ण व अन्य सुंदर झांकियां रथ पर सावर वाध्य यंत्रों द्वारा जन्म उत्सव कार्यक्रम का आकर्षण रहेगा। रात्रि संध्या पर श्री कृष्ण जन्म उत्सव के मौका पर विशेष राधा कृष्ण भजनों से 9:00 बजे से लेकर 12:30 बजे तक कार्यक्रम प्रस्तुत विशेष कलाकारों द्वारा दर्शकों को दर्शाए जाने पर विशेष रूप से चर्चा रही।

# नेशनल में सिल्वर मेडल विजेता साक्षी का स्वागत

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** 9वें पेंचक सिलाट फैडरेशन कप प्रतियोगिता में रजत पदक विजेता साक्षी ठाकुर का मनाली पहुंचने पर जिला बिलासपुर पेंचक सिलाट एसोसिएशन के चेयरमैन चंद्रशेखर भारद्वाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर इस टूर्नामेंट में अन्य खिलाड़ी और कोच बृजलाल चैहान का स्वागत किया गया। चेयरमैन चंद्रशेखर भारद्वाज ने साक्षी ठाकुर को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर चेयरमैन चंद्रशेखर भारद्वाज द्वारा दोनों महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहन स्वरूप नकद पुरस्कार राशि देकर भी सम्मानित किया।

# डंगार में संस्कृत दिवस कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, दधोल।** राजकीय संस्कृत महाविद्यालय डंगार बिलासपुर में जिला स्तरीय संस्कृत दिवस कार्यक्रम का आयोजन हुआ इस जिला स्तरीय संस्कृत दिवस कार्यक्रम में जिला भर से छात्र उपस्थित हुए, इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पूर्व विभागाध्यक्ष गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर पंजाब डा. लेखराम शर्मा ने कार्यक्रम के मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। मुख्यातिथि महोदय ने दीप प्रज्वलन करके इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा उपस्थित सभी छात्रों को संस्कृत भाषा के प्राचीनतम इतिहास से अवगत करवाया।

# वन, खनन और शराब माफिया को सरकार का संरक्षण : रणधीर



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं नयना देवी विधानसभा क्षेत्र से विधायक रणधीर शर्मा ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में मौजूदा सरकार के कार्यकाल में माफिया राज बेलगाम हो चुका है, जिसमें वन माफिया, खनन माफिया और शराब माफिया सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि इन अवैध गतिविधियों को खुला राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते न तो पुलिस कोई कार्रवाई कर रही है और न ही संबंधित विभाग सक्रिय हैं।

रणधीर शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में यह अवैध कारोबार खुलेआम चल रहा है और सरकार इस पर जानबूझकर आंखें मूंदे हुए है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि लाखों-करोड़ों रुपए की हेराफेरी हो चुकी है, और खनन माफिया ने नदियों और खड्डों पर कब्जा जमा लिया है। उन्होंने कहा कि यहां भी खनन और अवैध लकड़ी कटान का सिलसिला लगातार जारी है। उन्होंने चेताया कि अगर समय रहते लगाम नहीं लगाई गई, तो भविष्य में इस क्षेत्र में आपदा जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। बीजेपी प्रवक्ता ने सरकार को चेताते हुए कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो भाजपा आंदोलन करेगी।

**पहल**

## एनटीपीसी कोलडैम में 'जेम 2025' का समापन, सुभाष बोले-

# शिविर नहीं, सामाजिक बदलाव की नींव

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान को सार्थकता देने की दिशा में एनटीपीसी कोलडैम ने एक और ऐतिहासिक कदम बढ़ाया। 12 जुलाई से 8 अगस्त 2025 तक चले 'बालिका सशक्तिकरण अभियान – जेम 2025' का समापन समारोह 8 अगस्त को हर्षोल्लास और गर्व के भाव के साथ संपन्न हुआ।

इस दौरान बतौर मुख्यातिथि एनटीपीसी कोलडैम परियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर, विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) एसएस राव और संगिनी संघ अध्यक्षा रेखा ठाकुर उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त आयोजन में मानव संसाधन प्रमुख उमेश कुमार, अपर महाप्रबंधक कुमार स्वाधीन, सुगाता दासगुप्ता, सीआईएसएफ के डीसी अजय कुमार बाली, सीएसआर टीम, यूनियन प्रतिनिधि, संगिनी संघ, माएजेन संस्था से जुड़े शिक्षक, कोऑर्डिनेटर, प्रतिभागी बालिकाएं और उनके अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



कार्यक्रम के समापन समारोह के दौरान मुख्यातिथि के साथ सभी बालिकाएं।

समारोह में अपने विचार रखते हुए परियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर ने कहा कि यह केवल प्रशिक्षण शिविर नहीं, बल्कि सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन की पहल है। एनटीपीसी कोलडैम को इस बात पर गर्व है कि हम बालिकाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की इस यात्रा में भागीदार बन पाए हैं। बालिकाओं ने देश की विविध सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत करते हुए मनमोहक नृत्य, योग, नाट्य और संवादों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समापन समारोह के दौरान सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस वर्ष बालिका सशक्तिकरण शिविर में परियोजना प्रभावित क्षेत्रों के 47 सरकारी स्कूलों से चयनित बालिकाओं ने भाग लिया।

इन बेटियों ने यह सिद्ध किया कि यदि उचित मार्गदर्शन, मंच और प्रेरणा मिले, तो ग्रामीण पृष्ठभूमि की बालिकाएं भी समाज निर्माण की अग्रिम पंक्ति में खड़ी हो सकती हैं। एनटीपीसी कोलडैम का यह आयोजन न केवल कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) का उत्कृष्ट उदाहरण है, बल्कि यह भी साबित करता है कि बेटियों को अवसर देने से समाज को दिशा मिलती है।

# करोड़ों की बकाया वसूली पर नगर परिषद मौन क्यों : चंदेल

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** 'क्या नगर परिषद भ्रष्टाचार की गठरी ढो रही है या फिर किसी बड़े खेल की तैयारी कर रही है?-यह सवाल उठाया है हिमाचल प्रदेश राज्य साम्यवादी दल के वरिष्ठ नेता और राज्य सचिवालय के सदस्य, वरिष्ठ अधिवक्ता परवेश चंदेल ने। चंदेल ने खुलासा किया कि नगर परिषद को अपने किरायेदारों से 1 करोड़ 82 लाख की बकाया वसूली करनी है, जिसमें एक अकेले किराएदार पर 1 करोड़ 47 लाख रुपए का बकाया है।



परवेश चंदेल ने इस मामले को 'नगर परिषद की नाकामी ही नहीं, बल्कि संभावित मिलीभगत' करार देते हुए कहा कि इतनी बड़ी राशि का वर्षों तक वसूल न होना दर्शाता है कि परिषद या तो जानबूझकर आंख मूंदे बैठी है या फिर किसी को बचाया जा रहा है। उन्होंने सवाल किया कि क्या नगर परिषद की संपत्तियों को कुछ खास लोगों के लिए 'निजी जागीर' बना दिया गया है? उन्होंने कहा कि यह संपत्ति बेरोजगार युवाओं को दी जा सकती थी, जिससे सैकड़ों परिवारों को रोजगार मिलता। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि नगर परिषद बार-बार छूट देकर जानबूझकर ऐसे किराएदारों को संरक्षण दे रही है, जो नियमों का खुला उल्लंघन कर रहे हैं। चेतावनी देते कहा कि परिषद ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो साम्यवादी दल इस भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ जन आंदोलन छेड़ेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### बाइक जलाने के आरोप में मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पुलिस थाना सरकाघाट के अंतर्गत भद्रवाई में एक युवक पर बाइक जलाने का मामला दर्ज हुआ है। अभियोग संख्या 147/25 7 अगस्त 2025 के अनुसार, शिकायतकर्ता अमित परमार पुत्र ललित निवासी भद्रवाई ने बताया कि वह अपनी गाड़ी में मंडी से घर लौटा और अपनी वैन को मेन अड्डा भद्रवाई सड़क किनारे खड़ा किया। पास में बाइक नंबर एचपी28सी-0396 भी खड़ी थी, जो पूरी तरह जली हुई हालत में मिली। अमित ने इस संबंध में सुभाष से फोन पर बात की तो सुभाष ने स्वयं स्वीकार किया कि उसने रात में बाइक को आग लगाई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 326(एफ) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले में सभी तथ्यों की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### 'बदरा मेरा पिया परदेश' लोकगीत रिलीज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जालपा माता प्रोडक्शन के बैनर तले सावनी चंबीयाली लोकगीत 'बदरा मेरा पिया परदेश' यूट्यूब पर रिलीज कर दिया गया है। गीत को चंबा के प्रसिद्ध लोक गायक लालचंद ने अपनी मधुर आवाज में गाया है। इसका रिकॉर्डिंग कार्य शीतला माता पावनियर स्टूडियो बसौली में निर्माता-निर्देशक चंचल कुमार सरोलवी की देखरेख में हुआ। वीडियो में कलाकार शशिकांत, राखी वलोरिया और तबला वादक अनमोल का योगदान सराहनीय रहा। वीडियोग्राफी राहुल भाटिया और मिक्सिंग शशि कुमार ने की। एल्बम की शूटिंग साहो और आसपास की सुंदर वादियों में की गई। चंचल सरोलवी ने बताया कि यह गीत पारंपरिक चंबीयाली लोकसंस्कृति को समर्पित है और संगीत प्रेमियों से यूट्यूब चैनल पर गीत को देखने, शेयर करने व गायक को आशीर्वाद देने की अपील की।




### पौधरोपण कर देखभाल का लिया संकल्प



**अनंत ज्ञान, चंबा।** सामाजिक संस्था प्रयास एक जरिया ने चंबा में एक विशेष पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में पूर्व नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) अधिकारी ओपी शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया। शर्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए युवाओं से प्रकृति के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने स्वयं पौधारोपण कर सबको प्रेरित किया। इस अभियान के अंतर्गत कई पौधे लगाए गए और सभी प्रतिभागियों ने उनकी देखभाल की व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेने का संकल्प भी लिया। संस्था के संस्थापक व सदस्यों ने शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन ऐसी पहलों को नई ऊर्जा देता है। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल पौधारोपण नहीं, बल्कि एक हरित और जागरूक समाज की नींव रखना है।

### रक्षाबंधन पर्व को लेकर बाजारों में रौनक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला में रक्षाबंधन की तैयारियों को लेकर बाजारों में रौनक हो गई है। शहर के लोअर बाजार समेत कई जगहों पर राखी के स्टाल सज चुके हैं। इन स्टालों पर महिलाएं और युवतियां अपनी पसंद की राखियां खरीदने के लिए उमड़ रही हैं। शुक्रवार को दिन भर लोअर बाजार में काफी भीड़-भाड़ देखने को मिली, जहां लोग जमकर खरीदारी करते नजर आए। वहीं दूसरी ओर, हलवाईयों की दुकानों पर भी मिठाइयों की भरमार है। इस बार रक्षाबंधन पर खास तौर पर पारंपरिक मिठाई घेवर की डिमांड काफी ज्यादा है। शहर में घेवर 620 रुपये प्रति किलो तक बिक रहा है और इसकी बिक्री जोरों पर है। अन्य तरह की मिठाइयां भी दुकानों में सजाई गई हैं, लेकिन घेवर ग्राहकों की पहली पसंद बना हुआ है। बहनें अपने भाइयों के लिए तरह-तरह की राखियां और मिठाइयां खरीद रही हैं, जिससे बाजार में उत्सव का माहौल बना हुआ है।

### एनएचएआई अधिकारी की दबंगई; पत्रकार को थप्पड़ मारने की दी धमकी, मीडिया में आक्रोश

**अनंत ज्ञान, मंडी।** कुल्लू-मनाली फोरलेन पर एनएचएआई अधिकारी की दबंगई पत्रकार को थप्पड़ मारने की धमकी दी। मीडिया जगत में आक्रोश कुल्लू-मनाली फोरलेन पर एनएचएआई अधिकारी की दबंगई का मामला सामने आया है। झीड़ी के पास भारी भूस्खलन के दौरान कवरेज कर रहे एक मीडियाकर्मी को अधिकारी ने सबके सामने थप्पड़ मारने की धमकी दे डाली। इस घटना से पत्रकार जगत में भारी आक्रोश है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि एनएचएआई लापरवाही से लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहा है। झीड़ी में बड़े पैमाने पर लैंडस्लाइड होने के बावजूद न तो कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया और न ही सुरक्षा के लिए माइक से अनाउंसमेंट की गई। लोगों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही से कुल्लू-मनाली हाईवे पर सफर जानलेवा बन चुका है। घटना के बाद क्षेत्र के पत्रकार संगठनों ने कड़ी निंदा करते हुए दोषी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है।

# डलहौजी में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल बनीखेत में पार्किंग का संकट : मनीष

## कांग्रेस नेता ने समस्याओं को लेकर उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल को सौंपा ज्ञापन

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**



कांग्रेस नेता मनीष सरीन समस्याओं को लेकर डीसी मुकेश रेपसवाल को ज्ञापन सौंपते हुए।

**चंबा।** डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता मनीष सरीन ने शुक्रवार को जिला चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल को दो अलग-अलग महत्वपूर्ण जनहित मुद्दों से संबंधित ज्ञापन सौंपे।

पहले ज्ञापन में मनीष सरीन ने बनीखेत कस्बे में बहु-स्तरीय पार्किंग सुविधा के निर्माण की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि बनीखेत, चंबा जिले का प्रमुख पर्यटन ट्रांजिट प्वॉइंट होने के साथ-साथ डलहौजी का प्रवेश द्वार है, जहां पर्यटन सीजन में भारी संख्या में वाहन पहुंचते हैं। वर्तमान पार्किंग व्यवस्था अपर्याप्त है, जिससे जाम, अवैध पार्किंग और स्थानीय निवासियों व पर्यटकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने प्रस्तावित किया कि पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस बनिखेत और जीपी पुखरी के प्रवेश द्वार के बीच स्थित विभागीय बंजर भूमि पर लगभग 100-150 वाहनों की क्षमता वाला आरसीसी मल्टी-लेयर पार्किंग कॉम्प्लेक्स बनाया जाए, जिसमें ईवी चार्जिंग स्टेशन, सीसीटीवी मॉनिटरिंग, वर्षा जल संचयन व फायर सेफ्टी जैसी आधुनिक सुविधाएं हों। यह मामला हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह को उपायुक्त के माध्यम से भेजा गया है।

दूसरे ज्ञापन में, मनीष सरीन ने स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सीएच सलूनी, जो लगभग 35 पंचायतों और 35,000 की आबादी को स्वास्थ्य सेवाएं देता है, में आज तक न तो अल्ट्रासाउंड मशीन है और न ही रेडियोलॉजिस्ट। इसी तरह, सीएचसी बाथरी, जो 25 पंचायतों और करीब 25,000 की आबादी को चिकित्सा सुविधा देता है, वहां गायनेकोलॉजिस्ट तक नियुक्त नहीं है। उन्होंने तत्काल अल्ट्रासाउंड मशीन की उपलब्धता, रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति और बाथरी में गायनेकोलॉजिस्ट तैनात करने की मांग की।

यह मामला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. धनी राम शांडिल को उपायुक्त के माध्यम से भेजा गया है। मनीष सरीन के साथ राकेश चौबियाल, इच्छाराम टंडन और योगराज महाजन ज्ञापन सौंपते और प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मौजूद रहे।

# एनएसयूआई ने की छात्रों के लिए बस सुविधा बरकरार रखने की मांग



एनएसयूआई जिला चंबा अध्यक्ष मुकेश शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल डीसी चंबा मुकेश रेपसवाल को ज्ञापन सौंपते हुए।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**एनएसयूआई** जिला चंबा अध्यक्ष मुकेश शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल को ज्ञापन सौंपकर मणिमहेश यात्रा के दौरान छात्रों की नियमित बस सुविधा बनाए रखने की मांग की। संगठन ने बताया कि पिछली बार डिपो की कई बसें यात्रा में भेजी गईं, जिससे दूरदराज से आने वाले छात्रों को आवागमन में परेशानी हुई। आर्थिक रूप से कमजोर छात्र सरकारी बस पास पर निर्भर हैं और निजी बसों का किराया वहन नहीं कर सकते।

एनएसयूआई ने आग्रह किया कि इस बार छात्रों की बस सेवाएं बाधित न हों और यात्रा के लिए अतिरिक्त बसें मंगाई जाएं। मुकेश शर्मा ने कहा कि छात्रों की शिक्षा और मणिमहेश यात्रा दोनों महत्वपूर्ण हैं, इसलिए प्रशासन को संतुलित और सहानुभूतिपूर्ण निर्णय लेना चाहिए।

# जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्यातिथि होंगे उद्योग मंत्री हर्षवर्धन सिंह

**अनंत ज्ञान, चंबा**



**उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने की अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए समुचित व्यवस्था के निर्देश**

**स्वतंत्रता** दिवस 2025 के उपलक्ष्य में चंबा जिले में जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों को लेकर उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन उपायुक्त कार्यालय के सभागार में किया गया। बैठक में आयोजन से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

उपायुक्त ने जानकारी दी कि जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त को चौगान नंबर-1, चंबा में आयोजित किया जाएगा तथा उद्योग मंत्री हर्षवर्धन सिंह चौहान इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को समारोह की गरिमा के अनुरूप सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी को चौगान की समुचित सफाई करवाने और बैठने की उत्तम व्यवस्था करने को कहा। समारोह में पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, एनएसएस और वन विभाग की टुकड़ियां मार्च पास्ट करेंगी। इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। समारोह में विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवानी महेला, एसडीएम प्रियांशु खाती, एसी टू डीसी अपराजिता चंदेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राज्य सहकारी बैंक की सरोल व ककीरा शाखा ने लगाए जन सुरक्षा शिविर

# ग्रामीणों को दी बैंकिंग योजनाओं की जानकारी

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**





**चंबा।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की सरोल और ककीरा शाखाओं की ओर से आज ग्राम पंचायत खज्जियार और ग्राम पंचायत कस्बा में जन सुरक्षा शिविरों का सफल आयोजन किया गया। दोनों शिविरों में ग्रामीणों को बैंक की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

ग्राम पंचायत खज्जियार में आयोजित शिविर की अध्यक्षता शाखा सरोल के सह-प्रबंधक हेम सिंह ठाकुर ने की। शिविर में पंचायत प्रतिनिधियों सहित स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। हेम सिंह ठाकुर ने प्रतिभागियों को जन सुरक्षा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। खज्जियार में बैंक अधिकारी के आगमन पर लोगों ने पर्यटन विकास पर भी चर्चा की और मनाली व शिमला की तर्ज पर खज्जियार के विकास संबंधी सुझाव रखे। कई लोगों ने खज्जियार में राज्य सहकारी बैंक शाखा खोलने की मांग भी रखी। इस अवसर पर एसएमआरवाई, ईटैक्सी, साइकिल, सोलर सिस्टम, हाई एप्पल डेंसिटी और 'सपनों का संचय' जैसी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई।

वहीं ग्राम पंचायत कस्बा में आयोजित शिविर की अध्यक्षता शाखा ककीरा के सह-प्रबंधक अनिक कौशल ने की। इस शिविर में नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक राकेश शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अनिक कौशल ने ग्रामीणों को जन सुरक्षा योजनाओं के लाभों के बारे में विस्तार से बताया और एसएमआरवाई, ईटैक्सी, साइकिल, सोलर सिस्टम, हाई एप्पल डेंसिटी और 'सपनों का संचय' जैसी योजनाओं से अवगत कराया।

दोनों शिविरों के अंत में प्रतिभागियों को जलपान करवाया गया। आयोजकों ने आशा जताई कि ऐसे कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय साक्षरता और जन कल्याण योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

## जलशक्ति विभाग के कर्मी की सड़क हादसे में मौत

**डयूटी जाते समय पीपलू धार कैंची के पास बोलेरो दुर्घटनाग्रस्त, मौके पर ही निधन**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिले के तहत आने वाले जल शक्ति विभाग के कल्हनी सैक्शन में कार्यरत कर्मी हाकम ठाकुर का शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में निधन हो गया। यह हादसा पीपलू धार कैंची के पास बाखली-कुकलाह मार्ग पर पेश आया, जब हाकम ठाकुर अपनी बोलेरो गाड़ी में सवार होकर घर से ड्यूटी के लिए जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वाहन मोड़ते समय सड़क का एक हिस्सा अचानक धंस गया, जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर गहरे नाले में जा गिरी। हादसे के वक्त हाकम ठाकुर वाहन में अकेले थे और उन्होंने खुद ही गाड़ी चला रखी थी। गाड़ी गिरने के बाद मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पंडोह पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि पुलिस जांच कर रही है। सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# एबीवीपी ने चलाया पौधरोपण अभियान पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**अनंत ज्ञान, चंबा**

**एबीवीपी** चंबा इकाई ने शुक्रवार को सुनील उपाध्याय एजुकेशनल ट्रस्ट के सहयोग से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अभियान में वन विभाग और स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के दौरान लगभग 200 पौधे लगाए गए, जिसमें 50 से 60 लोग शामिल हुए। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विक्की शर्मा, सेवानिवृत्त अधिकारी ओपी शर्मा, वेद व्यास, गार्ड उमेश तथा विभाग संगठन मंत्री अंकित शर्मा मौजूद रहे।

विक्की ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती घटनाओं के पीछे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई एक प्रमुख कारण है। उन्होंने पौधरोपण को नैतिक जिम्मेदारी बताते हुए समाज से इसमें बढ़-चढ़कर भागीदारी की अपील की। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाना और हरित आवरण को बढ़ावा देना रहा।

## एनसीसी कैडेट ने मनाया स्वच्छता दिवस

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में एनसीसी कैडेट्स द्वारा एक दिवसीय स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के ग्राउंड की साफ-सफाई की गई, जिसमें कैडेट्स ने पूरी निष्ठा और जोश के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. आर. कौंडल एवं एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट विशाल कुमार ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने स्वयं मैदान की सफाई में सहयोग देकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर डॉ. कौंडल ने विद्यार्थियों को कहा कि स्वच्छता केवल एक दिवस तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा बननी चाहिए। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट विशाल ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया।

**अदालती नोटिस**
**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**

मुकदमा न.- 83/एनटी/2025
तारीख पेशीः 25.08.2025
सरिता शर्मा पुत्री गोपाल कृष्ण हाल पत्नी दविन्दर कुमार निवासी गांव दोहल (DOHAL), डाक घर पट्टी, तहसील पालमपुर, जिला काँगड़ा हि.प्र.।

**बनाम**
**आम जनता**

सरिता शर्मा पुत्री गोपाल कृष्ण हाल पत्नी दविन्दर कुमार निवासी गांव दोहल (DOHAL), डाक घर पट्टी, तहसील पालमपुर, जिला काँगड़ा हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि प्रार्थी का जन्म गांव खरौड, तहसील पालमपुर, जिला काँगडा हि.प्र. में दिनांक 20.04.1970 को हुआ है, लेकिन सम्वन्धित ग्रांम पंचायत खरौड, के अभिलेख में दर्ज न है।
अतः अब इश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई भी एतराज हो तो वह दिनांक 25.08.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में प्रातः 11:00 बजे हाजिर होकर अपनी आपती दर्ज करवा सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काविले समायत न होगा तथा प्रार्थी के जन्म पंजीकरण के आदेश ग्रांम पंचायत खरौड, को पारित कर दिये जायेंगे।
आज दिनांक 24.07.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।**

**अदालती नोटिस**
**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**

मुकदमा न.- 84/एनटी/2025
तारीख पेशीः 25.08.2025
नाहीद फातिमा जैदी (NAHEED FATMIA ZAIDI) W/O ऐजाज असगर जैदी (AIJAZ ASGHAR ZAIDE) R/O 546/77,SARFARAZ GANJ, HARDOI ROAD, NEAR MASJID BILQEES JAHAN LUCKNOW, UTTAR PRADESH 226003, हाल निवासी CSIR क्लोनी होल्टा, तहसील पालमपुर, जिला काँगड़ा हि.प्र.।

**बनाम**
**आम जनता**

नाहीद फातिमा जैदी (NAHEED FATMIA ZAIDI) W/O ऐजाज असगर जैदी (AIJAZ ASGHAR ZAIDE) R/O 546/77,SARFARAZ GANJ, HARDOI ROAD, NEAR MASJID BILQEES JAHAN LUCKNOW, UTTAR PRADESH - 226003, हाल निवासी CSIR क्लोनी होल्टा, तहसील पालमपुर, जिला काँगड़ा हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि प्रार्थी की पुत्री सबिका जैदी (SABIKA ZAIDI) का जन्म CSIR क्लोनी होल्टा, तहसील पालमपुर, जिला काँगड़ा हि.प्र. में दिनांक 13.10.1989 को हुआ है, लेकिन संबंधित ग्राम पंचायत भरमात, हाल नगर निगम पालमपुर, के अभिलेख में दर्ज न है।
अतः अब इश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई भी एतराज हो तो वह दिनांक 25.08.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में प्रातः 11:00 बजे हाजिर होकर अपनी आपती दर्ज करवा सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काविले समायत न होगा तथा प्रार्थी के जन्म पंजीकरण के आदेश नगर निगम पालमपुर, को पारित कर दिये जायेंगे।
आज दिनांक 24.07.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।**

**अदालती नोटिस**
**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**

मुकदमा न.- 85/एनटी/2025
तारीख पेशीः 25.08.2025
वनीत कुमार पुत्र राम भरोसे निवासी नियर औल्ड बस स्टैंड वार्ड नम्वर 2 नगर निगम पालमपुर, तहसील पालमपुर, जिला काँगड़ा हि.प्र.।

**बनाम**
**आम जनता**

वनीत कुमार पुत्र राम भरोसे निवासी नियर औल्ड बस स्टैंड वार्ड नम्वर 2 नगर निगम पालमपुर, तहसील पालमपुर, जिला काँगड़ा हि.प्र. इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि प्रार्थी का जन्म नियर ओल्ड बस स्टैंड वार्ड नम्वर 2 नगर निगम पालमपुर, तहसील पालमपुर, जिला काँगड़ा हि.प्र. में दिनांक 03.03.1980 को हुआ है, लेकिन संबंधित नगर निगम पालमपुर, के अभिलेख में दर्ज न है।
अतः अब इश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई भी एतराज हो तो वह दिनांक 25.08.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में प्रातः 11:00 बजे हाजिर होकर अपनी आपती दर्ज करवा सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काविले समायत न होगा तथा प्रार्थी के जन्म पंजीकरण के आदेश नगर निगम पालमपुर, को पारित कर दिये जायेंगे।
आज दिनांक 24.07.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।**

**अदालती नोटिस**
**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**

मुकदमा न. 84/एनटी/2025
तारीख पेशीः 26.08.2025
विमला देवी पुत्री जैहरी राम हाल पत्नी राजन कुमार कपूर निवासी गांव व डाक घर धानग तहसील बैजनाथ, जिला काँगड़ा हि.प्र.।

**बनाम**
**आम जनता**

**वजरिया ईशतहार-** विमला देवी पुत्री जैहरी राम हाल पत्नी राजन कुमार कपूर निवासी गांव व डाक घर धानग तहसील बैजनाथ, जिला काँगड़ा हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि प्रार्थी का जन्म गांव व डाक घर भदरैना, तहसील पालमपुर, जिला काँगड़ा हि.प्र. में दिनांक 16.08.1965 को हुआ है, लेकिन संबंधित ग्रांम पंचायत पडियारखड, के अभिलेख में दर्ज न है।
अतः अब इश्तहार द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई भी एतराज हो तो वह दिनांक 26.08.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में प्रातः 11:00 बजे हाजिर होकर अपनी आपती दर्ज करवा सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काविले समायत न होगा तथा प्रार्थी के जन्म पंजीकरण के आदेश ग्रांम पंचायत पडियारखड, को पारित कर दिये जायेंगे।
आज दिनांक 24.07.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।**

### सूडोकू नवताल- 7516

**** कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकू नवताल -7515 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

## चंबा में कैंपस इंटरव्यू 12 को

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि 12 अगस्त को बालू स्थित रोजगार कार्यालय चंबा में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस द्वारा डेवलपमेंट मैनेजर के 8 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। यह भर्ती उत्कर्ष स्कीम के अंतर्गत होगी। उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता ग्रेजुएशन निर्धारित की गई है, जबकि आयु सीमा सामान्य वर्ग के लिए 45 वर्ष तथा पूर्व सैनिकों के लिए 35 से 50 वर्ष निर्धारित है। चयनित उम्मीदवारों को 15,000 से 18,000 रुपए तक मासिक वेतन मिलेगा। रोजगार अधिकारी ने इच्छुक अभ्यर्थियों से 10:00 बजे सुबह मूल प्रमाण पत्र, फोटो, आधार कार्ड, रोजगार पंजीकरण प्रमाण पत्र और बायोडाटा सहित निर्धारित स्थान पर पहुंचने का आग्रह किया है।

# भारतीय पब्लिक स्कूल चंबा के छात्र मोक्ष ने जेईई मेन्स में पाई सफलता

**अनंत ज्ञान, चंबा**



**भारतीय** पब्लिक स्कूल, चंबा के छात्र मोक्ष सूर्या ने जेईई मेन्स 2025 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मोक्ष, जितेश्वर सूर्या के पुत्र हैं, और उनका चयन एनआईटी हमीरपुर के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (पांच वर्षीय ड्यूल एम टेक कोर्स) में हुआ है। यह सफलता उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर प्रयासों का परिणाम है।

विद्यालय में मोक्ष के सम्मान में एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य बृज लाल ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और मिठाई बांटकर समस्त विद्यालय परिवार के साथ यह खुशी साझा की। उन्होंने कहा कि मोक्ष सदैव कक्षा में प्रथम आते रहे हैं और उनका समर्पण अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा है। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि मेहनत, अनुशासन और स्पष्ट लक्ष्य के साथ कोई भी सफलता पाना संभव है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, मोक्ष सूर्या के अभिभावको में पिता जितेश्वर सूर्या, माता ज्योति सूर्या, भाई मयूर सूर्या, बहन सान्या सूर्या, विद्यालय के विद्यार्थी तथा स्टाफ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे और मोक्ष सूर्य को शुभकामनाएं दीं।

## चरागाह में पशु चराने को लेकर महिला से मारपीट, छह लोगों पर मामला दर्ज

**हाशू शेख, अनंत ज्ञान, चुराह।** गांव भडवाणी की निवासी अरशो पत्नी फिरोजदीन ने थाना तीसा में शिकायत दर्ज करवाई है कि 7 अगस्त को माघोठ चरागाह में पशु चराते समय छह लोगों ने उनके साथ मारपीट की। शिकायत के अनुसार, दुर्गू पत्नी टेक चन्द, टेक चन्द, सोनू पुत्र खेती राम, खेती राम पुत्र बैंसू राम, गीतो पत्नी खेती राम और दुर्गा पुत्र बैंसू राम ने महिला को घास काटने से रोका और विवाद करते हुए मारपीट व गाली-गलौच की। महिला के अनुसार यह स्थान सरकारी है और वर्षों से उनके परिवार द्वारा उपयोग में लाया जा रहा है। मारपीट से उसे मुंह, दांत और कंधे पर चोटें आई हैं। थाना तीसा में मामला एफआईआर नंबर 74/2025 के तहत बीएनएस की धाराओं 126(2), 115(2), 324(4), 351(2), 3(5) के अंतर्गत दर्ज किया गया है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण सिविल अस्पताल तीसा में करवाया गया है। जांच जारी है।

**अनंत Classifieds**

**नाम परिवर्तन**

**मैं ठाकुर दास** पुत्र श्री बरडू राम, निवासी वीपीओ थला, कंडी तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश 176061 घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम ठाकुर दास से बदलकर ठाकर दास कर लिया है। ठाकुर दास और ठाकर दास एक ही व्यक्ति हैं। कृपया सभी लोग इस बात का ध्यान रखें।

**अनंत ज्ञान**

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

**शनिवार, 9 अगस्त 2025**

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत श्रावण, **तिथि** पूर्णिमा (13:24) : **नक्षत्र** श्रवण (14:23), **पक्षः** शुक्ल, **योग :** सौभग्य (26:14), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:00-12:50)। **राहुकाल** (14:06-15:46)।

**विशेष दिन**

- 9 अगस्त रक्षाबंधन आज।
- 9 अगस्त पूर्णिमा व्रत आज।
- 9 अगस्त संस्कृत दिवस आज।

**मेषः** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी।

**वृषः** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे।

**मिथुनः** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**कर्कः** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी।

**सिंहः** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**कन्याः** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**तुलाः** आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**वृश्चिकः** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह ही निपटा लें।

**धनुः** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मकरः** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

**कुंभः** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**मीनः** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है।

> **शिक्षा** सभी के लिए आवश्यक है, खासकर महिलाओं के लिए और यह समानता तथा सशक्तिकरण का मार्ग है। –**सावित्रीबाई फुले**

## संपादकीय

# रक्तरंजित हिमाचल

देवभूमि हिमाचल रक्तरंजित होती जा रही है। यहां थोड़े-थोड़े अंतराल बाद मर्डर की वारदातें पेश आना अब आम बात हो गई है। पहले हिमाचल में ऐसा नहीं होता था। लंबे समय तक हिमाचल शांत रहता था और अपराध खासकर मर्डर की इक्का-दुक्का घटनाएं ही सामने आती थीं, लेकिन अब यह न जाने क्यों हो रहा है? इस पर समाज के बुद्धिजीवी वर्ग को गंभीर चिंतन मनन करने की आवश्यकता है। चंबा जिले के डलहौजी के एक निजी होटल में 26 साल के कुक मनीष कुमार की उसके सहयोगी हेल्पर अमन (22) द्वारा हत्या करना कई सवाल खड़े कर रहा है। बड़ी बात यह है कि दोनों को एक सप्ताह पहले ही नौकरी पर रखा गया था। कहां तो उन्हें नौकरी की खुशी में मेहनत करके होटल का नाम चमकाना था, लेकिन उन्होंने तो उलटे होटल मालिकों को ही बदमाम कर दिया। अब यह सोचने वाली बात है कि आखिर मर्डर की नौबत क्यों आई? मारपीट तक तो ठीक था, लेकिन चाकू के वार से मर्डर ही कर देना गहरी साजिश या पुरानी रंजिश की ओर इशारा कर रहा है।

रात को करीब सवा 11 बजे यह घटना पेश आई है, जिसका शक नशे में होने की ओर भी जा रहा है। सवाल उठता है कि आखिर वह कौन से कारण हैं जिनसे शांत हिमाचल की छवि धूमिल हो रही है? क्या समाज की मानसिकता में बदलाव आ रहा है या फिर बाहरी प्रभाव, बेरोजगारी, नशे और सोशल मीडिया की नकारात्मक प्रवृत्तियां इस गिरावट के लिए जिम्मेदार हैं? डलहौजी में यह घटना कोई पहली नहीं है। हाल ही में यहां दो और हत्या के मामले सामने आ चुके हैं। 31 दिसंबर की रात नए साल के पहले दिन ही एक होटल मैनेजर की हत्या कर दी गई थी, जिसमें पुलिस कर्मियों के नाम भी सामने आए थे और मामला काफी विवादों में घिर गया था। इसके बलावा सलूणी में क्रिकेट मैच के दौरान एक युवक की बैट से वार कर हत्या कर दी गई थी। अब ताजा मामले ने यह साफ कर दिया है कि डलहौजी जैसे शांत माने जाने वाले इलाकों में भी अपराध का ग्राफ लगातार ऊपर जा रहा है। निश्चित रूप से इससे पर्यटन व्यवसाय पर प्रभाव पड़ेगा।

बढ़ते अपराधों के कई कारण हैं। सहनशीलता में कमी की वजह से आज के समय में लोगों को छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आ जाता है और उसे काबू न कर पाना कठिन होता है। मानसिक धैर्य और सहनशक्ति का स्तर गिर रहा है। वहीं, नशे का बढ़ता दायरा भी अपराध बढ़ोतरी का कारक है। हिमाचल में नशे की समस्या पिछले एक दशक में तेजी से बढ़ी है। कई बार नशे की हालत में झगड़े जानलेवा बन जाते हैं। बेरोजगारी और आर्थिक दबाव के चलते काम की कमी, अस्थिर रोजगार और आर्थिक तंगी भी तनाव को जन्म देते हैं, जो कभी-कभी हिंसक रूप ले लेता है। यही नहीं, बाहरी प्रभाव और प्रवास की वजह भी कम जिम्मेदार नहीं है। पर्यटन व अन्य कारणों से बाहरी राज्यों से आने वाले लोगों के साथ सांस्कृतिक टकराव या आपसी अनबन भी अपराध की पृष्ठभूमि तैयार करती है। आज की युवा पीढ़ी हिंसक गेम, वेब सीरीज और फिल्मों से प्रभावित होकर समस्याओं का समाधान हिंसा में ढूंढने लगी है।

एक के बाद एक हत्या के मामलों ने पुलिस के सामने गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है। होटल, पर्यटन और प्रवासियों से जुड़े मामलों में आरोपी व पीड़ित अक्सर बाहर के होते हैं, जिससे उनके बारे में जानकारी जुटाना समय साध्य होता है। पर्यटन क्षेत्रों में भीड़-भाड़ के कारण घटनास्थल सुरक्षित रखना कठिन हो जाता है। कई मामलों में पहले से तनाव या विवाद के संकेत होने पर भी कोई हस्तक्षेप नहीं होता। यह केवल पुलिस या प्रशासन का काम नहीं है कि वह अपराध रोके। समाज को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। घर-परिवार में संवाद बढ़ाएं, ताकि गुस्से और निराशा को समय रहते संभाला जा सके। होटल, रेस्तरां और पर्यटन व्यवसाय में काम करने वालों को तनाव प्रबंधन और आपसी व्यवहार का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। स्थानीय स्तर पर नशे के खिलाफ सख्त और सतत कार्रवाई जरूरी है। युवाओं को खेल और रचनात्मक गतिविधियों में ज्यादा से ज्यादा सम्मिलित करना होगा ताकि, उनका गुस्सा और ऊर्जा सही दिशा में लगे।

बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस गश्त और निगरानी बढ़ानी होगी, खासकर भीड़-भाड़ और पर्यटन स्थलों में। होटलों में पंजीकरण व्यवस्था सख्त करनी होगी, जिसमें कर्मचारियों की पृष्ठभूमि की जांच अनिवार्य हो। छोटे विवादों को हिंसा में बदलने से पहले ही सुलझाने के लिए मध्यस्थता की व्यवस्था हो। लोगों को यह समझाना कि हिंसा किसी समस्या का समाधान नहीं है। हिमाचल की पहचान उसकी शांति, सादगी और पारस्परिक सम्मान में है, लेकिन बार-बार हो रही हत्या की घटनाएं हिमाचल की छवि को धूमिल कर रही हैं। यह केवल कानून-व्यवस्था का सवाल नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का भी विषय है। हमें यह समझना होगा कि छोटी-सी बात पर हिंसा का रास्ता चुनना न केवल अपराध है, बल्कि यह समाज के ताने-बाने को भी कमजोर करता है। स्थानीय प्रशासन, पुलिस, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों को मिलकर हिमाचल को अपराध मुक्त बनाने का संकल्प लेना होगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# तमिल और तेलुगू फिल्मों की अभिनेत्री

**हंसिका** मोटवानी एक भारतीय अभिनेत्री हैं जो मुख्य रूप से तमिल और तेलुगू फिल्मों में दिखाई देती हैं। मोटवानी ने हिंदी फिल्मों में एक बाल कलाकार के रूप में अपना करियर शुरू किया और बाद में देसमुदुरु (2007), कांत्री (2008) और मस्का (2009) सहित तेलुगू फिल्मों में मुख्य भूमिकाओं में दिखाई दी।



हंसिका मोटवानी
जन्म : 9 अगस्त 1991

उनका जन्म मुंबई, महाराष्ट्र में हुआ था। उनके पिता प्रदीप मोटवानी एक व्यवसायी हैं, जबकि उनकी मां मोना मोटवानी एक त्वचा विशेषज्ञ हैं। उन्होंने अपनी शिक्षा पोद्दार इंटरनेशनल स्कूल और इंटरनेशनल करिकुलम स्कूल, सांताक्रूज, दोनों मुंबई में स्थित से प्राप्त की। मोटवानी ने अपने टेलीविजन करियर की शुरुआत 'शाका लाका बूम बूम' नामक धारावाहिक से की थी। बाद में उन्होंने भारतीय धारावाहिक 'देस में निकला होगा चांद' में अभिनय किया और 'कोई मिल गया' में एक बच्चे की भूमिका निभाई। उन्होंने 2007 में 15 साल की उम्र में पुरी जगन्नाथ की तेलुगू फिल्म देसमुदुरु में मुख्य भूमिका में अपनी शुरुआत की और अपने प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला पदार्पण-दक्षिण का फिल्मफेयर पुरस्कार अर्जित किया। ■

## कविता: राखी बहनों का त्योहार



शिव सान्याल, मकड़ाहन, जवाली, कांगड़ा

*राखी का दिन आज है, बहनों का त्योहार।*
*भाई-बहन के प्रेम का, सुंदर यह संसार।*
*दीपक कुमकुम संग ले, थाली में मिष्ठान।*
*कर में राखी बांध के, बिखर रही मुस्कान।*
*राखी सींचे प्यार को, लिए मिलन की आस।*
*दो रिश्तों की डोर में, बना रहे विश्वास।*
*पीहर आती चाव से, बचपन आता याद।*
*आंचल में फिर से वही, मिले मात का प्यार।*
*रेशम की इस डोर में, स्नेह भरा भरपूर।*
*राखी बंधन प्रेम का, रिश्तों का दस्तूर।*
*बेटी आती आस से, मां अपनी के द्वार।*
*बचपन की यादें लिए, पाने सब का प्यार।*
*बहना राखी चाव से, बांध भाई के हाथ।*
*मांगे हैं वर ईश से, रक्षा करना नाथ।*
*खुशियों की सौगात है, राखी का त्योहार।*
*खुशी खुशी तुम बहन को, देना कुछ उपहार।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# रक्षाबंधन केवल पर्व नहीं, संस्कृति का संकल्प है

श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व रखती है। यह दिन न केवल ऋतु परिवर्तन का संकेत देता है, बल्कि संबंधों की मिठास, आत्मीयता और स्नेह की भावना का उत्सव भी है। इसी दिन बहन अपने भाई की कलाई पर प्रेम, विश्वास और रक्षा का प्रतीक राखी बांधती है। बहन अपने स्नेहभरे हाथों से भाई के माथे पर तिलक करती है उस तिलक में उसका विश्वास, ममता और आशीर्वाद छिपा होता है। वह हर बार यही कामना करती है कि उसका भाई जीवन की हर लड़ाई में विजयी रहे, सुरक्षित रहे और सदा मुस्कुराता रहे। यह परंपरा मात्र एक रस्म नहीं, बल्कि ऐसा आत्मिक बंधन है, जिसे जीवनभर निष्ठा से निभाया जाता है। रक्षाबंधन का यह पावन पर्व भारतीय समाज में सैकड़ों वर्षों से मनाया जा रहा है।



रजनीश रांगड़ा
प्रधानाचार्य, टौणी देवी (हमीरपुर)

हालांकि यह भाई-बहन के पारंपरिक रिश्ते का प्रतीक है, किंतु इसकी आत्मीयता की व्यापकता इसे एक सामाजिक और सांस्कृतिक उत्सव बना देती है। राखी का रेशमी धागा केवल एक वस्तु नहीं, बल्कि बहन की प्रार्थना, चिंता, ममता और शुभकामनाओं से पवित्र हुआ एक आध्यात्मिक सूत्र है। यह एक ऐसा आशीर्वाद है, जो बहन ईश्वर से अपने भाई के लिए मांगती है उसकी रक्षा, दीर्घायु, समृद्धि और सुख-शांति के लिए। रक्षाबंधन का आरंभ कब और कैसे हुआ, इसका कोई निश्चित ऐतिहासिक प्रमाण नहीं मिलता, परंतु भारतीय धर्मग्रंथों, लोककथाओं और ऐतिहासिक प्रसंगों में इसकी उपस्थिति स्पष्ट दिखाई देती है। इंद्राणी द्वारा इंद्र को रक्षासूत्र बांधने, द्रौपदी द्वारा श्रीकृष्ण की अंगुली पर साड़ी का टुकड़ा बांधने और यम-यमुना की कथा जैसे प्रसंग इस पर्व की आध्यात्मिक गहराई को उजागर करते हैं।

ऋग्वेद में वर्णित यम-यमुना प्रसंग के अनुसार, यम ने बहन यमुना की राखी से प्रसन्न होकर वचन दिया कि जो बहन इस दिन अपने भाई को



राखी बांधेगी, उसे दीर्घायु का वरदान मिलेगा। इतिहास में भी रक्षाबंधन के कई उल्लेख मिलते हैं। प्राचीन काल में जब राजपूत योद्धा युद्धभूमि में जाते थे, तब बहनें या घर की स्त्रियां उन्हें तिलक कर रेशमी धागा बांधती थीं। यह धागा केवल युद्ध में रक्षा की कामना नहीं, बल्कि आत्मबल, साहस और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक होता था। यह केवल रक्षा-सूत्र नहीं, बल्कि वह विश्वास था जो शत्रुओं के बीच भी उन्हें अडिग बनाता था। रक्षाबंधन यह भी दर्शाता है कि रिश्तों की नींव केवल रक्त-संबंध नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव और आत्मीयता होती है।

यह पर्व गुरु-शिष्य, राजा-प्रजा, मित्रता, और यहां तक कि विभिन्न धार्मिक समुदायों के मध्य भी निभाया गया है। इतिहास में उदाहरण मिलते हैं जहां किसी महिला ने किसी राजा को राखी भेजकर उसे भाई का दर्जा दिया और उससे रक्षा की अपेक्षा की जैसे रानी कर्णावती और हुमायूं का प्रसंग। भारत के अनेक क्षेत्रों में, जहां बहन नहीं होती, वहां 'घर की राखी' परंपरा निभाई जाती है। इसमें घर की स्त्रियां या पंडित, परिवार के वरिष्ठ पुरुषों को राखी बांधते हैं। यह इस बात का संकेत है कि रक्षाबंधन केवल व्यक्तिगत संबंध नहीं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक उत्तरदायित्व का स्मरण भी है।

यह पर्व उन अदृश्य धागों का उत्सव है, जो हमें एक-दूसरे से जोड़े रखते हैं, चाहे खून का रिश्ता हो या नहीं। रक्षाबंधन का एक और महत्वपूर्ण पक्ष है नारी शक्ति का सम्मान और उसकी आध्यात्मिक ऊर्जा की स्वीकृति। जब बहन राखी बांधती है, तो वह केवल प्रेम और सुरक्षा की कामना नहीं करती, बल्कि उस क्षण वह अपने भाई को आशीर्वाद स्वरूप शक्ति प्रदान करती है। भारतीय संस्कृति में यह विश्वास सदा रहा है कि पुरुष चाहे जितना भी बलवान हो, यदि वह शक्ति की उपासना नहीं करता, तो उसका बल व्यर्थ है। राखी बांधते समय बहन द्वारा की गई प्रार्थना, उसका स्नेह और विश्वास, भाई को अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक और प्रेरित करता है। रक्षाबंधन केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों की पुनर्स्थापना का एक विशेष अवसर है। यह पर्व हमें सिखाता है कि संबंधों की मर्यादा को समझना, निभाना और उनके प्रति श्रद्धा रखना ही सच्चा धर्म है। राखी बांधने की परंपरा उन संबंधों को दृढ़ करती है जो समय, दूरी और परिस्थितियों की कसौटी पर खरे उतरते हैं। इस पर्व की विशेषता यह भी है कि इसमें भावना की कोमलता और कर्तव्य की दृढ़ता दोनों समाहित हैं। बहन की भावना में जहां वात्सल्य, करुणा और प्रार्थना की कोमलता है, वहीं भाई के संकल्प में रक्षा, सहयोग और उत्तरदायित्व की शक्ति है। यह पर्व अनकहे वचनों, मौन आश्वासनों और आत्मिक जुड़ाव का उत्सव है। रक्षाबंधन की यही सच्ची भावना है संबंधों को सहेजने, निभाने और उनके प्रति श्रद्धा रखने की प्रेरणा देना।

जब तक बहनें प्रेमपूर्वक राखी बांधती रहेंगी और भाई उसे केवल परंपरा नहीं, आत्मीय जिम्मेदारी समझकर स्वीकार करेंगे, तब तक यह पर्व केवल त्योहार नहीं, भारतीय संस्कृति की जीवंत आत्मा बना रहेगा। रक्षाबंधन हमें यह भी याद दिलाता है कि स्नेह के धागे संसार की किसी भी डोरी से अधिक मजबूत होते हैं। यह पर्व भले ही प्रतीकों में बंधा हो, पर इसकी आत्मा भावनाओं में बसती है। एक बहन की राखी में जितनी श्रद्धा होती है, उतना ही पवित्र दायित्व भाई की स्वीकारोक्ति में छुपा होता है। यह पर्व हमें रिश्तों को केवल निभाने नहीं, उन्हें श्रद्धा और सम्मान से संजोने की प्रेरणा देता है। आइए, इस रक्षाबंधन पर केवल रक्षासूत्र न बांधें, बल्कि एक नया सामाजिक संकल्प लें जहां हर महिला, हर बच्चा, हर बुजुर्ग और हर निर्बल व्यक्ति सुरक्षित महसूस करे; जहां रिश्तों को सम्मान मिले और जहां हम सभी एक-दूसरे की ढाल बन सकें। यही रक्षाबंधन का सच्चा उद्देश्य और हमारी संस्कृति की पहचान है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## नजरिया

# प्रेम, समर्पण व समानता से ही टिक सकते हैं रिश्ते

भारत विविधताओं से भरा देश है, जहां हर त्योहार न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक होता है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक रिश्तों को भी मजबूत करता है। इन्हीं में से एक विशेष पर्व है—रक्षाबंधन, जो भाई-बहन के रिश्ते की मिठास, प्रेम और सुरक्षा का प्रतीक है, लेकिन बदलते समय, समाज, तकनीक और सोच के साथ-साथ रक्षाबंधन के मायने भी बदल रहे हैं। यह बदलाव केवल रस्मों तक सीमित नहीं है, बल्कि इस पर्व की आत्मा, इसके उद्देश्य और इसके सामाजिक संदर्भ में भी स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।



डॉ. प्रियंका सौरभ
कवयित्री, स्वतंत्र पत्रकार

रक्षाबंधन की जड़ें भारतीय इतिहास, पौराणिक कथाओं और सामाजिक परंपराओं में गहराई से जुड़ी हैं। द्रौपदी और श्रीकृष्ण की कथा हो या रानीकर्णावती द्वारा हुमायूं को भेजी गई राखी, यह पर्व सदा से रक्षक और संरक्षित के बीच एक नैतिक संकल्प का प्रतीक रहा है। पहले के समय में राखी केवल भाई-बहन के खून के रिश्ते तक सीमित थी। बहन भाई की कलाई पर राखी बांधती थी और भाई जीवनभर उसकी रक्षा करने का वचन देता था। यह रिश्ता स्नेह, विश्वास और समर्पण से भरा होता था। अब रक्षाबंधन का दायरा केवल खून के रिश्तों तक सीमित नहीं रहा। आज कई महिलाएं अपने दोस्तों, सहकर्मियों, शिक्षकों, सैनिकों और यहां तक कि प्रकृति को भी राखी बांधती हैं।

यह दर्शाता है कि 'रक्षा' अब केवल एक व्यक्ति विशेष का दायित्व नहीं, बल्कि सामाजिक और भावनात्मक संबंधों की व्यापक जिम्मेदारी बन चुका है। इसका सबसे सुंदर उदाहरण है कि अब बहनें भी अपने छोटे भाइयों को कहती हैं—'मैं



भी तेरी रक्षा करूंगी।' यानी सुरक्षा का रिश्ता अब एकतरफा नहीं रहा, यह परस्पर बन गया है।

तकनीक ने आज रिश्तों के समीकरण ही बदल दिए हैं। पहले जहां राखी भेजने के लिए डाकघर जाना पड़ता था, अब एक क्लिक में डिजिटल राखियां, वीडियो कॉल, ऑनलाइन गिफ्टिंग और वर्चुअल सेरेमनी हो रही हैं। विदेशों में बसे भाई-बहन अब भले दूर हों, लेकिन वीडियो कॉल पर राखी बांधने की परंपरा, स्क्रीन पर तिलक और डिजिटल मिठाई ने एक नई तरह की जुड़ाव की भावना पैदा की है। कुछ लोग भले इसे भावनाओं की कमी कहें, लेकिन सच्चाई यह है कि तकनीक ने दूरी को पाटने का जरिया भी दिया है। पहले रक्षाबंधन पर भाई-बहन को मिठाई और उपहार देता था। यह एक तरह से प्रेम की अभिव्यक्ति थी, लेकिन अब कई बहनें कहती हैं—'भैया, गिफ्ट नहीं चाहिए, थोड़ी सी फुर्सत चाहिए, समय चाहिए, समझ चाहिए।' आज की बहन आत्मनिर्भर है। वह भावनात्मक सुरक्षा, मानसिक सहयोग और बराबरी की भागीदारी चाहती है। उपहार की जगह अब रिश्तों में पारदर्शिता, संवाद और समय की मांग अधिक हो गई है।

पुराने जमाने में रक्षाबंधन का अर्थ था—'भाई बहन की रक्षा करेगा।' परंतु आज यह परिभाषा बदल रही है। लड़कियां भी आज आत्मनिर्भर हैं, अपने भाइयों की मदद कर रही हैं, उन्हें मानसिक और आर्थिक संबल दे रही हैं। रक्षाबंधन अब यह नहीं कहता कि केवल भाई ही रक्षक होगा, बल्कि यह दर्शाता है कि भाई और बहन दोनों एक-दूसरे की जिंदगी में सुरक्षा, समर्थन और प्रेरणा बन सकते हैं।

आज के समय में रक्षाबंधन केवल भाई-बहन का पर्व नहीं रहा, यह प्रकृति की रक्षा, सामाजिक सौहार्द और समानता का प्रतीक भी बन चुका है। कई स्थानों पर पेड़ों को राखी बांधने की परंपरा चल पड़ी है—'वृक्ष-रक्षा बंधन'। बच्चें और महिलाएं वृक्षों को राखी बांधकर यह संदेश दे रही हैं कि हम केवल मानव की नहीं, प्रकृति की भी रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी तरह से सैनिकों को राखी भेजना यह बताता है कि देश की रक्षा करने वाले वीरों के साथ भी हम भावनात्मक रूप से जुड़े हैं। रक्षाबंधन अब केवल एक पर्व नहीं, एक दार्शनिक दृष्टिकोण है—जो कहता है कि प्रेम, समर्पण और समानता से ही समाज और रिश्ते टिक सकते हैं।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

**रक्षा** बंधन केवल कच्चे धागे का बंधन नहीं, बल्कि स्नेह, विश्वास और कर्तव्य का ऐसा अटूट सूत्र है जो समय के साथ और भी मजबूत होता चला जाता है। इस त्योहार की जड़ें बहुत गहरी हैं। भाई-बहन के प्यार में जो विश्वास है, वह अन्य संबंधों में कहां परिलक्षित हो पाता है? समाज का हर एक वर्ग एक-दूसरे के स्नेह के बंधन में बंध जाए, तो जीवन ही निखर जाएगा। रक्षाबंधन का त्योहार स्नेह और प्रेम का त्योहार है। गुलामी की जंजीरों ने हमें बांधा, लेकिन त्योहार की संस्कृति को जरा भी ठेस नहीं पहुंचा सके। यही कारण है कि आज हमारी संस्कृति सदियों से सुरक्षित है, बल्कि चली आ रही है। पूरे भारत के मानवीय रिश्तों को मजबूती अगर किसी त्योहार ने दी, तो वह है त्योहार, रक्षाबंधन। रक्षाबंधन का त्योहार बहुत ही गहरे भाई-बहन के प्यार का त्योहार है।

**गुलशन कुमार, धर्मशाला**

# बदलती वैश्विक व्यवस्था में भारत-अमेरिका व्यापारिक संबंध और ट्रंप की टैरिफ नीति

डोनाल्ड ट्रंप ने जब जनवरी 2025 में दोबारा अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ ली, तब तक वैश्विक राजनीति, जलवायु परिवर्तन, तकनीकी वर्चस्व और व्यापार के क्षेत्र में कई बड़े मोड़ आ चुके थे। अपने पहले कार्यकाल (2017-2021) के दौरान ट्रंप ने 'अमेरिका पहले' नीति के तहत भारत, चीन, ब्राजील समेत कई देशों के साथ व्यापारिक असंतुलन का हवाला देते हुए एकतरफा शुल्क लगाए। उन्होंने भारत को 'विकासशील देशों' की व्यापारिक श्रेणी से हटा दिया था और सामान्य विशेष तरजीही प्रणाली के तहत मिलने वाले लाभ को समाप्त कर दिया था।



सिकंदर बंसल शिक्षाविद्
रामपुर बुशैहर

ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में भी यही रुख अपनाते हुए जुलाई 2025 के अंत में एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसमें कहा गया कि 15 से अधिक देशों से आयातित उत्पादों पर शुल्क दरें बढ़ाई जाएंगी। इसमें भारत के कुछ क्षेत्रों जैसे स्टील, इलेक्ट्रॉनिक्स, दवाइयों और कृषि उत्पादों पर पुन: शुल्क लगाने की संभावना जताई गई है। भारत की ओर से अभी तक कोई प्रत्यक्ष प्रतिक्रिया नहीं दी गई है, लेकिन वाणिज्य मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि भारत एक आत्मनिर्भर रणनीति के तहत व्यापार संतुलन साधने में सक्षम है। इस बीच एक और रोचक घटनाक्रम सामने आया—अमेरिकी सरकार ने दावा किया कि उन्होंने छह अंतरराष्ट्रीय संघर्षों को हल कराया है, जिनमें भारत और पाकिस्तान के बीच नियंत्रण रेखा पर संघर्षविराम भी शामिल है।

अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि ट्रंप की मध्यस्थता से वर्ष 2025 की शुरुआत में भारत और पाकिस्तान ने एक गैर-लिखित सहमति के तहत गोलीबारी रोक दी, जिससे कश्मीर के पहलगाम और उरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में शांति बनी। भारत सरकार ने अमेरिकी हस्तक्षेप को खारिज करते हुए कहा कि यह दोपक्षीय निर्णय था और किसी तीसरे पक्ष की भूमिका नहीं थी। हालांकि, ऐतिहासिक रूप से देखें तो ट्रंप पहले भी कश्मीर मुद्दे पर मध्यस्थता की बात कह चुके हैं—2019 में उन्होंने सार्वजनिक मंच से यह दावा किया था कि प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे कश्मीर पर मध्यस्थता की मांग की है, जिसे भारत ने तुरंत खंडित किया था। ऐसे में ट्रंप की पाकिस्तान को लेकर नीति पर संदेह बना रहता है। वे एक ओर पाकिस्तान की आतंकवाद-समर्थित गतिविधियों की आलोचना करते हैं, वहीं दूसरी ओर उसे सैन्य सहायता या रणनीतिक समर्थन के संकेत भी देते हैं। भारत के लिए चुनौती यह है कि वह अमेरिकी दबाव के सामने आत्मबल बनाए रखे और द्विपक्षीय संबंधों को इस प्रकार संतुलित करे कि राष्ट्रीय हितों की अनदेखी न हो। मोदी सरकार ने 2020 में 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान की घोषणा करते हुए साफ कर दिया था कि भारत अब केवल बाजार नहीं रहेगा, बल्कि एक सशक्त उत्पादन केंद्र भी बनेगा।



बीते चार वर्षों में मोबाइल उत्पादन, फार्मा उद्योग, रक्षा विनिर्माण, अंतरिक्ष अनुसंधान, और कृषि प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है। आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार, भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत दर्ज की गई है और उसका निर्यात अब 480 अरब डॉलर को पार कर चुका है। इसमें अमेरिका को सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य माना गया है, जो भारत के कुल निर्यात का लगभग 18 प्रतिशत है। यद्यपि अमेरिका के साथ व्यापारिक तनाव भारत को अल्पकाल में नुकसान पहुंचा सकते हैं, परंतु दीर्घकालीन दृष्टिकोण में भारत अब पहले की तरह निर्भर राष्ट्र नहीं है। ट्रंप की दोबारा सत्ता में वापसी के बाद उनके भाषणों और आदेशों में यह भावना बार-बार उभरी है कि अमेरिका को व्यापार घाटा कम करने के लिए शुल्कों के जरिए 'प्रतिस्पर्धात्मक न्याय' करना होगा, लेकिन यह नीति व्यापार सहयोग की भावना को कमजोर करती है। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में उनकी नीतियां और भी अधिक लेन-देन आधारित हो गई हैं—वह चाहे रक्षा सौदे हों, वीजा नीति हो या निवेश सुरक्षा।

मोदी सरकार की ओर से प्रतिक्रिया अब पहले से कहीं अधिक आत्मविश्वासी है। भारत अब न केवल कूटनीतिक रूप से मजबूत हुआ है, बल्कि वह आर्थिक दृष्टि से भी वैश्विक निवेश का प्रमुख केंद्र बन चुका है। फ्रांस, जापान, यूएई, रूस, ऑस्ट्रेलिया, और दक्षिण कोरिया जैसे देशों के साथ भारत ने बीते दो वर्षों में कई महत्वपूर्ण द्विपक्षीय समझौते किए हैं। भारत अब बहुपक्षीय संगठनों जैसे ब्रिक्स, समूह-बीस, क्वाड, शंघाई सहयोग संगठन में भी निर्णायक भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वैश्विक स्वीकार्यता और नेतृत्व क्षमता ने भारत को विश्व मंच पर एक विशिष्ट स्थान दिलाया है। फोर्ब्स, टाइम और वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम जैसे मंचों पर उन्हें दुनिया के प्रभावशाली नेताओं में गिना गया है। उनकी विदेश नीति बहु-सदिशीय (मल्टी-एलाइनमेंट) रही है—जहां भारत किसी एक ध्रुव पर निर्भर नहीं रहता, बल्कि अपने हितों के अनुरूप सभी प्रमुख शक्तियों से संतुलन साधता है। भारत को अब अमेरिका के साथ केवल लाभ की बात नहीं करनी चाहिए, बल्कि यह स्पष्ट करना चाहिए कि सम्मान, पारस्परिकता और सहयोग की भावना ही सफल साझेदारी की कुंजी है। यदि अमेरिका व्यापारिक शक्ति का प्रयोग दबाव के रूप में करता है, तो भारत को भी अपने व्यापारिक हथियारों का विवेकपूर्ण उपयोग करना होगा।

**निष्कर्षत:** ट्रंप के पहले कार्यकाल में जहां भारत ने संयम और कूटनीति से काम लिया था, वहीं अब दूसरे कार्यकाल में उसे रणनीतिक दृढ़ता और आत्मनिर्भरता के साथ अमेरिका की संरक्षणवादी नीतियों का जवाब देना होगा। भारत को यह दिखाना होगा कि वह केवल प्रतिक्रिया देने वाला देश नहीं, बल्कि वैश्विक व्यवस्था का आकार देने वाला निर्णायक शक्ति है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# हर मानव संबंधों की सच्ची रक्षा वचन से नहीं, कर्तव्यों से करे

रक्षा बंधन, जिसे आम बोलचाल में राखी भी कहा जाता है, कच्चे धागों में बंधे अटूट स्नेह और विश्वास का प्रतीक है। यह पर्व हर वर्ष श्रावण मास की शुक्ल पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन बहन अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उसके सुख, समृद्धि और दीर्घायु की कामना करती है, जबकि भाई जीवनभर उसकी रक्षा का वचन देता है।



डॉ. कमल के प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी

रक्षा सूत्र साधारण सूती धागे से लेकर रेशम, सोने-चांदी और कलात्मक सजावट वाली राखी तक विभिन्न रूपों में होता है। रक्षा बंधन की परंपरा का उल्लेख अनेक पौराणिक कथाओं में मिलता है। महाभारत काल की एक कथा के अनुसार, जब भगवान श्रीकृष्ण ने शिशुपाल का वध अपने सुदर्शन चक्र से किया, तो उनकी अंगुली कट गई और रक्त बहने लगा। उस समय द्रौपदी ने अपनी साड़ी का पल्लू फाड़कर उनकी अंगुली पर बांध दिया। इस स्नेह से भावविभोर होकर श्रीकृष्ण ने जीवनभर उसकी रक्षा का वचन दिया।

इसी वचन के तहत हस्तिनापुर में चीरहरण की घटना के समय उन्होंने द्रौपदी की लाज बचाई। एक अन्य कथा भगवान विष्णु से जुड़ी है। पाताल लोक के राजा बलि को अभिमान होने पर विष्णुजी ने वामन अवतार धारण कर उससे तीन पग भूमि मांगी। दो पगों में तीनों लोक मापने के बाद तीसरे पग के लिए बलि ने अपना सिर अर्पित कर दिया। वर मांगने पर बलि ने भगवान विष्णु को अपने साथ रहने का आग्रह किया। जब माता लक्ष्मी को यह पता चला, तो उन्होंने राजा बलि की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उसे भाई बना लिया और विष्णुजी को वापस लौटने के लिए सहमति प्राप्त कर ली। यह दिन भी श्रावण पूर्णिमा का था, जिससे रक्षा बंधन की परंपरा का एक और आधार जुड़ा।



इतिहास में भी रक्षा बंधन के कई उदाहरण मिलते हैं। मेवाड़ की रानी कर्णावती ने मुगल सम्राट हुमायूं को राखी भेजकर आक्रमण से अपने राज्य की रक्षा करवाई। कहा जाता है कि सिकंदर महान की पत्नी ने भी हिंदू शासक पुरुवास को राखी भेजकर भाई बना लिया, जिससे उसने युद्ध में सिकंदर का जीवन बचा लिया। रक्षा बंधन के दिन बहनें पूजा की थाली में राखी, रोली, हल्दी, केसर, चावल, दीप, धूप, मिठाई और वरना सजाती हैं।

भाई को तिलक लगाकर आरती उतारती हैं, फिर दाहिनी कलाई में राखी बांधकर मिठाई खिलाती हैं। बदले में भाई-बहन को उपहार या धन देता है और उसकी रक्षा का वचन दोहराता है। इस अवसर पर घेवर, मालपुए, गुजिया, हलवा-पूरी और खीर जैसे पकवान बनाए जाते हैं। कई स्थानों पर ब्राह्मण अपने यजमानों को भी राखी बांधते हैं। गुरु-शिष्य के बीच, छोटी बालिकाओं द्वारा पिता को, और सम्मान स्वरूप सैनिकों, नेताओं तथा राष्ट्राध्यक्षों को भी राखी बांधने की परंपरा है। पर्यावरण संरक्षण की भावना से प्रेरित होकर अब पेड़-पौधों को भी राखी बांधी जाती है। जिन बहनों के भाई नहीं होते, वे देवताओं या वृक्षों को राखी बांधकर अपना स्नेह और संरक्षण व्यक्त करती हैं। समय के साथ रक्षा बंधन ने पारिवारिक रिश्तों से आगे बढ़कर सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व भी अर्जित किया है। आज लोग अपने उद्योग-धंधों, मशीनों, उपकरणों और वाहनों को भी प्रतीकात्मक रूप से राखी बांधकर उनके सुरक्षित और सुचारु संचालन की कामना करते हैं।

यह परंपरा इस बात का संकेत है कि राखी केवल रिश्तों का ही नहीं, बल्कि हर उस चीज की सुरक्षा का प्रतीक है, जिससे हमारा जीवन और आजीविका जुड़ी है। रक्षा बंधन केवल उत्सव नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक दायित्व भी है। यह पर्व हमें यह स्मरण कराता है कि संबंधों की सच्ची रक्षा केवल वचन से नहीं, बल्कि निभाए गए कर्तव्यों से होती है। चाहे वह भाई-बहन का रिश्ता हो, मित्रता हो, गुरु-शिष्य का बंधन हो या प्रकृति और पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी—सुरक्षा, सम्मान और संरक्षण की भावना ही इस त्योहार का वास्तविक संदेश है। अत: रक्षा बंधन केवल कच्चे धागे का बंधन नहीं, बल्कि स्नेह, विश्वास और कर्तव्य का ऐसा अटूट सूत्र है जो समय के साथ और भी मजबूत होता चला जाता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### शहर के कई क्षेत्रों में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल-1 ई. नरेश कुमार ने बताया कि 11 केवी मंगवाई और 11 केवी सेरी एचटी लाइनों के आसपास पेड़ों की काट-छांट का कार्य 10 अगस्त (रविवार) को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। इस दौरान इन लाइनों से जुड़े क्षेत्रों रामनगर, पुलघराट, अपर व लोअर मंगवाई, तहसील कार्यालय, विश्वकर्मा मंदिर, अपर व लोअर सन्यारड, थनेहड़ा मोहल्ला, महामृत्युंजय मंदिर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, टारना हिल के कुछ भाग, उपायुक्त कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला न्यायालय परिसर, सेरी बाजार, स्कूल बाजार, चौहाटा बाजार, इंदिरा मार्केट, पोस्ट ऑफिस रोड, भूतनाथ बाजार, दरम्याना मोहल्ला, भगवाहन मोहल्ला, चंद्रलोक गली, बंगला मोहल्ला, जिमखाना, सरदार पटेल विश्वविद्यालय, पुलिस थाना पड्डल तथा आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

### जवाहर पार्क बनेगा देशभक्ति का मंच

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर के जवाहर पार्क में 15 अगस्त को उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी 15 अगस्त, प्रातः 11 बजे जवाहर पार्क सुंदरनगर में ध्वजारोहण करेंगे। स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के संबंध में हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को समारोह के सफल क्रियान्वयन के लिए ड्यूटीज सौंपी व तैयारियों को समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पुलिस, एक्स सर्विस मैन, एनसीसी, एनएसएस, स्कूली बच्चे इत्यादि दलों के आकर्षक मार्च पास्ट की सलामी लेने के बाद सुंदरनगर वासियों को अपना संदेश देंगे।

### आपदा पीड़ितों, घायल कंडक्टर को दी सहयोग राशि

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई ने सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए हाल ही में धर्मपुर क्षेत्र में आई आपदा के पीड़ितों के लिए सहयोग राशि एकत्रित की। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. नवीन कुमार और प्रो. प्रीति के मार्गदर्शन में स्वयंसेवियों ने कॉलेज परिसर व स्थानीय क्षेत्रों में जाकर जनसहयोग से यह राशि जुटाई। इस सेवा प्रयास के तहत मसेरन के पास हाल ही में हुई बस दुर्घटना में घायल हुए बस कंडक्टर अश्वनी कुमार (ग्राम रिस्सा) को भी 18,620 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। यह कदम न केवल मानवीय संवेदना का परिचायक है, बल्कि सामाजिक प्रतिबद्धता की एक मिसाल भी है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने कहा कि एनएसएस युवाओं में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक चेतना और सहयोग की भावना विकसित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से भविष्य में भी इसी तरह समाज सेवा में भाग लेने का आह्वान किया। ग्रामीण व स्थानीय लोगों एनएसएस इकाई के इस योगदान को प्रेरणादायक बताते हुए कहते हैं कि ऐसे प्रयास मानवीय मूल्यों को मजबूत करते हैं और युवाओं को समाजहित के कार्यों के लिए प्रेरित करते हैं।

### मां के दूध से होता मानसिक विकास: चौहान



**आदर्श, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** बाल विकास परियोजना सदर मंडी के वृत सलवाहन में पर्यवेक्षक संदीप चौहान की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी केंद्र भयारटा-1 व 2 में गर्भवती-धात्री माताओं व ग्रामीण महिलाओं के लिए जागरूकता बारे विश्व स्तनपान सप्ताह का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक संदीप चौहान ने शिशु के लिए मां के दूध के महत्व पर जानकारी दी। उन्होंने जानकारी दी की मां का दूध अमृत समान है। जिसमें दस्त व निमोनिया के संक्रमण का खतरा कम करने की क्षमता होती है। उन्होंने बताया कि स्तनपान से शिशु का समुचित विकास होता है। मां के दूध से बच्चे का मानसिक विकास होता है व उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है। कार्यक्रम में महिला मंडल प्रधान भयारटा-1 की प्रधान गायत्री ठाकुर ने महिलाओं को पौष्टिक आहार लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अमिता, आंगनबाड़ी सहायिका रंजना देवी, तुलसी देवी, चेतना शर्मा, योगिता जसवाल, सीता, लीला, लता, राखी व मेनका सहित अन्य ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

### जोगिंद्रनगर डाकघर में स्पीड पोस्ट सेवा ठप

**अभिषेक, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** शहर के मुख्य डाकघर में शुक्रवार को भी सर्वर न चलने के कारण स्पीड पोस्ट सेवाएं पूरी तरह ठप रहीं। इसके चलते जरूरी दस्तावेज, पत्र और पार्सल भेजने आए लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ा। डाकपाल मल्लिका ठाकुर ने जानकारी दी कि 31 जुलाई से 4 अगस्त तक पोस्ट ऑफिस 2.0 सिस्टम अपग्रेड का कार्य चलने के कारण स्पीड पोस्ट सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रखी गई थीं। अपग्रेड का कार्य समय पर पूरा कर लिया गया, लेकिन अब सर्वर की तकनीकी खामियों के कारण कामकाज प्रभावित हो रहा है। डाकपाल ने बताया कि सर्वर बार-बार डाउन हो रहा है, जिससे कभी काम शुरू हो पाता है, तो कभी अचानक रुक जाता है। इस वजह से उपभोक्ताओं को काफी असुविधा झेलनी पड़ रही है। कई लोग दूर-दराज के क्षेत्रों से अपने जरूरी कार्य के लिए जोगिंद्रनगर डाकघर आते हैं, लेकिन सर्वर न चलने से उन्हें लौटना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि डाकघर में लगातार हो रही तकनीकी समस्याओं से सरकारी सेवाओं पर उनका भरोसा कम हो रहा है। उपभोक्ताओं ने डाक विभाग से जल्द से जल्द सर्वर समस्या का समाधान करने की मांग की है।

### बीबीएमबी के स्कूल मैदान में फैली जहरीली घास

**भीम बसेडू, अनंत ज्ञान, महादेव।** सुंदरनगर शहरी क्षेत्र के अंतर्गत बीएसएल परियोजना (बीबीएमबी) के जमा दो स्कूल का खेल मैदान गंदगी और जहरीली घास की चपेट में है। मैदान के एक ओर कूड़ा-कचरा बिखरा है तो दूसरी ओर खतरनाक घास उग आई है, जिससे न केवल प्रदूषण बढ़ रहा है, बल्कि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों और बुद्धिजीवियों का कहना है कि बीबीएमबी प्रशासन की लापरवाही स्वच्छता अभियान की खुली अनदेखी है। खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने की बजाय, यह अव्यवस्था बाधा बन रही है। लोगों ने बीबीएमबी के चीफ इंजीनियर से मांग की है कि जल्द से जल्द खेल मैदान और परिसर को साफ किया जाए तथा गंदगी फैलाने वाले रास्तों को बंद कर उचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### आज शुद्ध देसी घी से सजेगा श्रद्धा का प्रसाद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल के प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर पिंगला में शनिवार को भव्य भंडारे का आयोजन होगा। शुक्रवार को 21 पंडितों द्वारा मंदिर परिसर में श्री विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करवाया गया। मंदिर कमेटी के प्रधान ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि इस बार भंडारे का सारा भोजन शुद्ध देसी घी में बनाया जाएगा। इसके लिए चंद्र मोहन शर्मा ने 45 लीटर घी मंदिर को भेंट किया। दानी सज्जनों में नेक राम शर्मा ने 30 किलो दाल, हंसराज ने 50 किलो चीनी, घनश्याम शर्मा, जयचंद शर्मा, बलवंत सिंह व विद्या दत्त शर्मा ने 60-60 स्टील की थालियां, हिमांशु शर्मा ने 50 किलो सफेद चने भेंट किए। नगद दान देने वालों में पवन शर्मा, सिंपल कुमार, देशराज शर्मा, सोनीक पुरी, किशोर कुमार, भुनेश्वर शर्मा और विकास शर्मा शामिल हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु मंदिर कमेटी ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

### शिक्षा मंत्री 11 और 12 अगस्त को मंडी दौरे पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 11 और 12 अगस्त को मंडी जिला के दौरे पर रहेंगे। 11 अगस्त को वह शिमला से सायं 4 बजे सुंदरनगर के लिए रवाना होंगे और शाम 7 बजे सुंदरनगर पहुंचेंगे। रात्रि प्रवास वहीं होगा। 12 अगस्त को शिक्षा मंत्री सुबह सुंदरनगर से थुनाग के लिए प्रस्थान करेंगे और पूर्वाह्न 11 बजे थुनाग पहुंचकर राजकीय प्राथमिक पाठशाला तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला निहरी सुनाह का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद वह राजकीय प्राथमिक पाठशाला बेखली और फिर डिग्री कॉलेज लंबा थाच का निरीक्षण करेंगे। दौरे के दौरान शिक्षा मंत्री प्राकृतिक आपदा से शिक्षा विभाग को हुए नुकसान की समीक्षा करेंगे। साथ ही, वह लोगों की समस्याएं सुनेंगे और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी करेंगे।

### जोगिंद्रनगर में रक्तदान शिविर 11 को

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजीव गांधी मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर के रेड रिबन क्लब एवं रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में 11 अगस्त को महाविद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस पुनीत अवसर पर सभी छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों तथा आमजन से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर रक्तदान करें। 'रक्तदान महादान हैं' तथा 'रक्तदान महाकल्याण का कार्य' है। आपके द्वारा किया गया एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है। यह शिविर न केवल मानवता की सेवा का प्रतीक है, बल्कि युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी प्रबल करता है।

# अवैध मछली शिकार करने पर 11 लोगों से वसूला 12 हजार जुर्माना

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



अवैध मछली का शिकार करने पर पकड़े गए लोगों से जुर्माना लेते हुए।

**मंडी।** जिला की सामान्य जलधाराओं में वर्जित काल के सफल क्रियान्वयन और अवैध मछली शिकार पर रोकथाम के लिए मत्स्य विभाग, मत्स्य मंडल मंडी की टीमें लगातार सक्रिय हैं। अवैध मछली शिकार एवं बिक्री का मामला सामने आते ही संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

सहायक निदेशक मत्स्य मंडी नीतू सिंह ने बताया कि इसी क्रम में वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी तेज राम वर्मा के नेतृत्व में विभाग की टीम ने ब्यास, सुकेती व रत्ती खड्ड क्षेत्रों में गश्त की। इस दौरान भडयाल, ढढौर और रत्ती में अवैध रूप से मछली पकड़ते हुए 11 व्यक्तियों को रंगे हाथ पकड़ा गया और मौके पर ही 12 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा, मत्स्य अधिकारी महाशीर फार्म मच्छयाल ने मुख्यमंत्री सेवा संकल्प पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के आधार पर 6 अगस्त को लडभड़ोल क्षेत्र में दो व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई कर भारी जुर्माना लगाया। सहायक निदेशक ने बताया कि 15 अगस्त तक प्रदेश सहित मंडी जिला के सभी सामान्य जल क्षेत्रों में वर्जित काल लागू है। वर्जित काल समाप्त होते ही लाइसेंसधारी मछुआरे मछली पकड़ने का कार्य कर सकेंगे। लाइसेंस प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्ति विभाग के किसी भी निकटवर्ती कार्यालय में संपर्क कर लाइसेंस बना सकते हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध मछली शिकार और बिक्री में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे मामलों में कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

## पीसी आनंद चेरिटेबल ट्रस्ट ने आपदा राहत के लिए दिया 21 हजार का चेक



उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन को चेक भेंट करते हुए हेमंतराज वैद्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**मंडी** जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमंतराज वैद्य ने उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन को पीसी आनंद मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आपदा राहत के लिए 21000 की राशि का चेक भेंट किया।

हेमंत राज वैद्य ने बताया कि पीसी आनंद चेरिटेबल ट्रस्ट मंडी में टेबल टेनिस खेल के प्रति युवाओं प्रोत्साहित करता है। जिसके लिए जिला से लेकर राज्य स्तर तक की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है। उन्होंने बताया कि इस समय मंडी जिला में भारी आपदा आई है, जिससे उबरने में समय लगेगा। पीसी आनंद चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से भी आपदा प्रभावितों की मदद का छोटा सा प्रयास किया गया।

## रक्षाबंधन पर्व को लेकर जोगिंद्रनगर बाजार में उमड़ी भीड़, महिलाओं ने खरीदी राखी

**अभिषेक, अनंत ज्ञान**



राखियां खरीदती हुईं महिलाएं।

**जोगिंद्रनगर।** रक्षाबंधन का त्योहार नजदीक आते ही जोगिंद्रनगर में शुक्रवार को बाजारों में रौनक चरम पर रही। त्योहार से एक दिन पहले बहनों ने भाई की कलाई सजाने के लिए तरह-तरह की राखियां खरीदीं।

शहर के मुख्य बाजार, गांधी चौक, बस स्टैंड और अन्य व्यस्त इलाकों में सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। राखी की दुकानों पर रंग-बिरंगी और डिजाइनर राखियों के साथ-साथ लुम्बा, किड्स थीम राखियां और चॉकलेट पैक भी खूब बिके।

दुकानदारों ने बताया कि इस बार मौसम साफ रहने से ग्राहकों की संख्या में इजाफा हुआ और बिक्री अच्छी रही। कई परिवार बच्चों के साथ खरीदारी के लिए निकले, जिससे बाजार में दिनभर रौनक बनी रही।

### महिलाओं और लड़कियों को मिलेगी फ्री बस यात्रा सुविधा

**जोगिंद्रनगर** बस डिपो के क्षेत्रीय प्रबंधक विनोद कुमार ने जानकारी दी कि रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाओं और लड़कियों के लिए विशेष सुविधा दी जाएगी। प्रदेशभर में एचआरटीसी की साधारण और वोल्वो बसों में महिलाएं सूर्योदय से सूर्यास्त तक निशुल्क सफर कर सकेंगी।

## भाई-बहन के त्योहार पर नहीं भद्रा का साया, पूरा दिन होगा राखी बांधने का शुभ मुहूर्त : विभा शर्मा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



ज्योतिषविद् विभा शर्मा।

भाई-बहन के पवित्र प्रेम और स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व इस बार पूरे शुभ मुहूर्त में मनाया जाएगा। श्री शारदा ज्योतिष निकेतन, जोगिंद्रनगर की ज्योतिषविद् विभा शर्मा ने बताया कि वर्ष 2025 में रक्षाबंधन 9 अगस्त, शनिवार को मनाया जाएगा। श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि 8 अगस्त को दोपहर 2 बजकर 12 मिनट पर प्रारंभ होकर 9 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 21 मिनट पर समाप्त होगी। पंचांग के अनुसार उदया तिथि का महत्व अधिक होने के कारण पर्व 9 अगस्त को ही मनाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस बार रक्षाबंधन पर भद्रा का साया नहीं रहेगा, जिससे दिनभर राखी बांधने का शुभ अवसर मिलेगा। भद्रा काल 8 अगस्त को दोपहर 2:12 बजे से शुरू होकर 9 अगस्त की सुबह 1:52 बजे समाप्त हो जाएगा। 9 अगस्त को सूर्योदय सुबह 5:47 बजे होगा, जिसके बाद से दिनभर भाई की कलाई पर राखी बांधना शुभ और मंगलकारी रहेगा। इस साल रक्षाबंधन का पर्व और भी खास रहेगा क्योंकि इस दिन कई शुभ योग बन रहे हैं। विशेष रूप से सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 5:47 बजे से दोपहर 2:23 बजे तक रहेगा, जो हर कार्य में सफलता और शुभ फल प्रदान करने वाला माना जाता है। इसके अलावा, अन्य ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति भी अनुकूल रहने से पर्व का महत्व और बढ़ जाएगा।

ज्योतिषविद् विभा शर्मा के अनुसार, रक्षाबंधन के दिन बहनें भाई की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और सुरक्षा की कामना करते हुए राखी बांधेंगी, वहीं भाई बहन की रक्षा का संकल्प लेंगे। भद्रा रहित, पूर्ण शुभ मुहूर्त में मनाया जाने वाला यह पर्व इस साल और भी उल्लासपूर्ण एवं मंगलकारी होने की संभावना है।

## हिमाचल किसान सभा व सेब उत्पादक संघ ने टोल वसूली की कड़ी निंदा की

**नूतन प्रकाश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**प्रशासन पर उठाए गंभीर सवाल, सड़कों की खस्ता हालत पर जताई चिंता**

**बालीचौकी।** हिमाचल किसान सभा व सेब उत्पादक संघ ने राष्ट्रीय उच्च मार्ग 3 पर स्थित टकोली टोल प्लाजा में हो रही टोल वसूली की कड़ी निंदा की है। संघ ने कहा कि सड़कों की खराब स्थिति और भारी बारिश के बाद के हालात के बावजूद टोल वसूला जा रहा है, जो कि अत्यंत निंदनीय है।

संगठन का कहना है कि मंडी से कुल्लू तक की सड़कें बेहद खराब हो चुकी हैं। कई स्थानों पर सड़कें धंस चुकी हैं और जगह-जगह स्लाइडिंग हो रही है, जिससे यात्री अपनी जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं। इन खतरनाक परिस्थितियों के बावजूद टकोली टोल प्लाजा से टोल वसूला जा रहा है। इस दौरान, बारिश के कारण टनल में लोग 72 घंटे तक भूखे और प्यासे फंसे रहे, लेकिन टोल वसूली की प्रक्रिया बंद नहीं हुई। संघ ने आरोप लगाया कि यह टोल प्लाजा अपनी स्थिति को सुधारने के बजाय केवल पैसा वसूलने में लगा है। वर्तमान में सेब का सीजन अपने चरम पर है, लेकिन खराब सड़कों और परिवहन की समस्याओं के कारण सेब मंडी तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इसके अलावा, तीन दिनों से बिजली भी गुल है और पानी की आपूर्ति में भी कठिनाई हो रही है। इस सब के बीच प्रशासन की तैयारियों को लेकर सवाल उठाए गए हैं। सेब उत्पादक संघ ने प्रदेश सरकार, केंद्र सरकार और राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण से यह मांग की है कि टकोली टोल प्लाजा में टोल वसूली तुरंत बंद की जाए।

## जिला कार्यालय सचिव के पद पर ताजपोशी होने पर रमन ने किया धन्यवाद



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भाजपा की नवनियुक्त कार्यकारिणी में कार्यालय सचिव के पद पर नियुक्त मंडी से युवा चेहरे रमन शर्मा ने अपनी नियुक्ति के लिए प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, मंडी के पूर्णकालिक विस्तारक सुरेश शर्मा और जिलाध्यक्ष निहाल शर्मा का धन्यवाद करते हुए कहा कि वे संगठन के उनके ऊपर किए विश्वास पर खरा उतरेंगे। पूर्व में रमन शर्मा भाजपा के जिला सोशल मीडिया प्रभारी, जिला सह मीडिया प्रभारी और जिला सचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर सफलतापूर्वक अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि आगामी पंचायती राज और नगर निकाय चुनावों में भाजपा की बड़ी जीत सुनिश्चित करना उनका पहला लक्ष्य है और इसके लिए वे अपना शत प्रतिशत देने के लिए तैयार हैं।

## सराज के सभी गांवों में बिजली बहाल

### 182 किलोमीटर सड़कें खुलीं, हर घर तक पहुंची पानी की सुविधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



मंडी जिले के थुनाग क्षेत्र में करीब एक माह पूर्व आई भीषण आपदा के बाद बीते 39 दिन जिला प्रशासन के लिए चुनौती और जिम्मेदारी से भरे रहे। बादल फटने, बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया, लेकिन प्रशासन ने हर बाधा को पार करते हुए राहत और बहाली कार्यों को निरंतर गति प्रदान की।

उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन के अनुसार सराज क्षेत्र के सभी गांवों में विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई है। अब केवल कुछेक घरों में कनेक्शन बहाल करना शेष है, जिसे भी शीघ्र पूरा कर दिया जाएगा। पेयजल आपूर्ति पहले ही सभी प्रभावित गांवों में पुनः शुरू हो चुकी है। क्षेत्र में सड़कों को हुए भारी नुकसान के बावजूद 14 प्रमुख सड़कों पर यातायात बहाल कर दिया गया है। कुल 787 किलोमीटर क्षतिग्रस्त सड़क नेटवर्क में से 182 किलोमीटर को वाहन योग्य बना दिया गया है, जबकि शेष मार्गों पर कार्य तेजी से जारी है। राजस्व प्रबंधन प्रणाली पोर्टल के माध्यम से एसडीएम थुनाग कार्यालय ने अब तक 905 मामलों को त्वरित स्वीकृति प्रदान करते हुए 3.68 करोड़ रुपए की राहत राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की है। दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में भी राहत टीमें लगातार पहुंचीं और जरूरतमंदों तक सहायता सामग्री पहुंचाई। इस दौरान कहीं भी खाद्य सामग्री की कमी नहीं होने दी गई।

**सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की 3.68 करोड़ की राहत राशि**

## नबाही, नरोला और देव ब्राडता की टीम ने जीती जिलास्तरीय बाल बैडमिंटन स्पर्धा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



जिलास्तरीय बाल बैडमिंटन प्रतियोतिगा के विजेता खिलाड़ी आयोजकों के साथ।

**मंडी** जिला की सब जूनियर व सीनियर बाल बैडमिंटन प्रतियोगितओं का समापन बीएल गोयल अध्यक्ष हिमाचल प्रदेश बॉल बैडमिंटन संघ की अध्यक्षता में हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए बीएल गोयल ने खिलाडियों को, खेल को खेल की भावनों से खेलने व नशे से दूर रहने की सलाह दी। समापन समारोह में आरकेभारद्वाज कोषाध्यक्ष, मदन सिंह, संतोष कुमार, सुरेश कुमार, राजेंद्र सिंह, नरेंदर ठाकुर, जोगिंदर सिंह, अश्वनी कुमार, नर्वदा देवी, टीना शर्मा, चंद्र कुमार व रितिका रणावत मौजूद रहे। केसी ठाकुर व बीएल गोयल ने खिलाडियों को प्रमाणपत्र, मैडल व ट्राफियां देकर सम्मानित किया। सीनियर वर्ग में पुरुषों की टीम नबाही ने सरकाघाट की टीम को 35-30 व 35-28 से हरा कर विजय हासिल की। महिलाओं के वर्ग में नरोला की टीम ने नबाही को 35-27 व 35-30 से हराकर ट्राफी अपने नाम की। सब-जूनियर वर्ग में नबाही की लड़कों की टीम ने टिकरी सिध्यानी को 35-28, 35-33 से हराकर विजय हासिल की। देव ब्राडता की लड़कियों की टीम ने भांवला की टीम को 35-33, 35-32 से हरा कर जीत का डंका बजाया। इस प्रतियोगिता से सीनियर वर्ग की पुरुषों व महिलाओं और सब जूनियर वर्ग की लड़कों व लडकियों की टीमों का चयन किया गया।

ये टीमें पहली सब जूनियर व छठी सीनियर राज्य स्तरीय बाल बैडमिंटन प्रतियोगिता जोकि चंदैश तहसील सरकाघाट जिला मंडी में 10 से 11 अगस्त तक होने जा रही है, उसमें मंडी जिला का प्रतिनिधित्व करेगी।

## चुनाव आयोग को करें बर्खास्त : एनके पंडित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी सदर के पूर्व प्रवक्ता ने एनके पंडित ने कहा कि चुनाव आयोग ही बर्खास्त कर देना चाहिए। एनके पंडित ने मोदी सरकार पर बड़ा राजनीतिक हमला करते हुए कहा कि भारत के लोकतंत्र को बर्बाद करने के लिए चुनाव आयोग के अफसरों को जेल में डाल देना चाहिए। पंडित ने केंद्र की मोदी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि विश्व गुरु क्या खाक बनेंगे जब ईमानदारी से चुनाव तक नहीं करा सकते हैं। एनके पंडित ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दिल्ली में मोदी सरकार की पोल खोलते हुए जनता के बीच तथ्यों सहित खुलासा किया है। एनके पंडित ने कहा कि हैरानी तो इस बात की है, जो फर्स्ट टाइम यंगर वोटर डाले गए है उसके भी वो वोटर दिखाए गए जो 75 वर्ष पार कर चुके हैं।

## छात्रों को पोषण, व्यक्तिगत स्वच्छता व नशे के दुष्प्रभावों के बारे में दी जानकारी



अभिलाषी फार्मेसी कॉलेज नेरचौक में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**खंड** चिकित्सा अधिकारी रत्ती डॉ. पीयूष वैद्यया के आदेश पर अभिलाषी फार्मेसी कॉलेज नेरचौक के प्रिंसिपल राजेंद्र गुलेरिया की अध्यक्षता में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में खंड स्वास्थ्य शिक्षक रत्ती सुरेश चंदेल ने फार्मेसी कॉलेज के विद्यार्थियों को पोषण, व्यक्तिगत स्वच्छता व नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

सुरेश चंदेल ने बताया कि किशोरावस्था में शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक परिवर्तन होते हैं। इस उम्र में बच्चों की मानसिक स्थिति संवेदनशील होती है, जिससे वे सही या गलत की दिशा में जा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आजकल ज्यादातर युवा बुरी संगत के कारण नशे के शिकार हो रहे हैं, जैसे कि बीड़ी, सिगरेट, शराब, अफीम, और अन्य नशीली वस्तुएं। नशे के कारण मुंह का कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, लिवर रोग और हृदय संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। फार्मेसी कॉलेज के प्रिंसिपल ने छात्रों से नशे से दूर रहने और इसके दुष्प्रभावों के बारे में अन्य लोगों को जागरूक करने की अपील की।

## करसोग में सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के 120 पदों के लिए साक्षात्कार 14 को

**अनंत ज्ञान, करसोग**

**चयनित उम्मीदवारों को मिलेंगे साढ़े 17 हजार से साढ़े 22 हजार रुपए**

**प्रभारी** उपरोजगार कार्यालय करसोग रोहित गुप्ता ने बताया कि एसआईएस सिक्योरिटी इंडिया लिमिटेड, आरटीए हमीरपुर, जिला हमीरपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्डज व सुपरवाइजर के 120 पदों (नियमित) केवल पुरूष को भरने के लिए आवेदकों के साक्षात्कार लिए जाएगे। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास व उससे अधिक, आयु सीमा 19-40 वर्ष होनी चाहिए।

आवेदक की शारीरिक लंबाई 168 सेमी व उससे अधिक और भार 55 से 95 किलोग्राम होना चाहिए। चयनित आवेदकों को 8 घंटे की ड्यूटी व 12 घंटे की ड्यटी के लिए 17 हजार 500 से 22 हजार 500 रुपए प्रति माह वेतन दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त ईपीएफ और ईएसआई व बीमा, पेंशन इत्यादि लाभ भी दिए जाएंगे। चयनित आवेदकों को हिमाचल व चंडीगढ़ में नियुक्ति दी जा सकती है। अत: आवेदकों को सूचित किया जाता है कि 14 अगस्त को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक अपने सभी मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, आधार कार्ड, रिज्यूम, रोजगार पंजीकरण पत्र सहित उप-रोजगार कार्यालय करसोग जिला मंडी में साक्षात्कार के लिए उक्त नियोक्ता के समक्ष उपस्थित हो। इस साक्षात्कार के संबंध में किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता व अन्य लाभ देय नहीं होंगे।

**रक्षाबंधन** | हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति एवं मंडी साक्षरता समिति की नशे के खिलाफ अनूठी पहल

## भाइयों को नशा छोड़ने की कसम दिला रहीं बहनें

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**



ज्ञान विज्ञान एवं साक्षरता समिति के संस्थापक सदस्य पर्चे वितरित करते हुए।

**सरकाघाट।** हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति एवं मंडी साक्षरता समिति द्वारा 9 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व पर अपने भाईयों से नशे से दूर रहने की कसम दिलाकर मनाने के निर्णय के तहत शुक्रवार को गोपालपुर, सरकाघाट और धर्मपुर में इससे सबंधित जगह जगह पर्चे वितरित किये गए और बहनों से सवांद किया गया।

ज्ञान विज्ञान एवं साक्षरता समिति के संस्थापक सदस्य भूपेंद्र सिंह ने बताया कि गोपालपुर खंड के बलद्वाड़ा, सरकाघाट कॉलेजों के अलावा धर्मपुर में भी पर्चे वितरित किए गए। जिसका नेतृत्व समिति के पूर्व अध्यक्ष केके ठाकुर, सुनीता पटियाल, ऋत्विक ठाकुर, कंचना देवी, रीता देवी, सपना देवी इत्यादि ने किया। उन्होंने बताया कि हिमाचल ज्ञान विज्ञान व साक्षरता समिति ने सभी खंडों में नशा मुक्ति अभियान समितियां गठित करके युवा बचाओ-भविष्य बचाओ अभियान चलाया है और उसी कड़ी में रक्षा बंधन पर भाई की कलाई पर राखी बांधते समय उनसे नशा न करने की अपील की जाएगी, ताकि बहनें हर साल भाई की कलाई पर राखियां बांधती रहे।

भूपेंद्र सिंह और केके ठाकुर ने कहा कि वर्तमान में सिंथेटिक नशे का प्रयोग बहुत ज्यादा हो गया है और हर तीसरे दिन किसी न किसी युवा की इससे मौत हो रही है और यदि स्थिति कंट्रोल नहीं हुई तो युवा पीढ़ी ख़त्म हो सकती है और ऐसे में बहनें भविष्य में रक्षा बंधन नहीं माना पाएंगी। इसलिए नशे पर रोक लगाना आज के समय की प्रमुख प्राथमिकता है।

इसी कड़ी में समिति 15 अगस्त को नशे से आज़ादी दिवस के रूप में मनाएगी और सभी ग्राम पंचायतों में होने वाले कार्यक्रमों में नशे को रोकने का संकल्प लिया जाएगा और उस दिन से 2 अक्तूबर तक अभियान चलाया जाएगा। इसी दौरान 8 सितंबर अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के मौके पर सम्मेलन आयोजित किये जायेंगे, जबकि सजओपिपलू में महिलाओं की सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित की जा रही हैं। इस प्रकार आने वाले समय में इस अभियान को और व्यापक और तेज़ गति से चलाया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### औद्योगिक क्षेत्र टाहलीवाल में बरसात से नुकसान

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** औद्योगिक क्षेत्र टाहलीवाल में हुई तेज बारिश के बाद विभिन्न औद्योगिक इकाइयों में जल भराव हो गया। बारिश का पानी सड़कों से फैक्टरियों के अंदर भी पहुंच गया। विजन फ्रेश एंड फ्रॉजेन शामपुरा उद्योग में रेफ्रिजरेटर सिस्टम कमरे में पानी भरने से रेफ्रिजरेटर क्षतिग्रस्त हो गया, जिसमें कोल्ड स्टोर में रखे दूध, दही, पनीर आदि समान सहित अन्य उपकरण पूरी तरह खराब हो गए, जिसमें उद्योग का करीब 2 करोड़ का नुकसान हो गया। उद्यमियों का कहना है कि फैक्टरियों में बारिश का पानी भरने से करोड़ों रुपए का कच्चा माल खराब हो गया है। टाहलीवाल व अन्य उद्योग सहित अन्य क्षेत्रों में स्थिति फैक्टरियों में काम करने बड़ी संख्या कामगार बारिश और जलभराव के कारण नहीं पहुंच पाए। बारिश के कारण लगे जाम के कारण औद्योगिक माल ढुलाई भी प्रभावित रही।

### कुठारबीत व हीरानगर में 160 ग्रामीणों की जांच

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर और प्रयास संस्था की पहल पर कुठारबीत और हीरानगर में दो दिवसीय सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा शिविर आयोजित हुआ। शिविर में 160 ग्रामीणों की जांच की गई और 53 के निशुल्क लैब टेस्ट किए गए। डॉक्टरों ने ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और जोड़ों के दर्द से ग्रसित मरीजों की पहचान की, साथ ही कोलेस्ट्राल नियंत्रण के लिए लहसुन, त्रिफला, आंवला व दालचीनी जैसे आयुर्वेदिक उपाय भी बताए।

### बीबीए व बीसीए का नए शैक्षणिक सत्र शुरू

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय महाविद्यालय ऊना के बीबीए और बीसीए विभाग द्वारा नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रथम वर्ष के छात्रों के स्वागत के लिए 'आरंभ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्या डॉ. मीता शर्मा ने किया। बीसीए विभाग के समन्वयक डॉ. मदन लाल ने नए विद्यार्थियों का स्वागत किया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. मीता शर्मा ने विद्यार्थियों को कॉलेज परिवार का हिस्सा बनने पर बधाई दी और विद्यार्थियों को शैक्षणिक और अन्य गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम भांगड़ा, गिद्धा गुजराती डांस प्रस्तुत किया। नए विद्यार्थियों को बीबीए और बीसीए विभागों द्वारा पिछले वर्ष की विभिन्न गतिविधियों की प्रस्तुति करवाई गई। इस अवसर पर उपप्राचार्य प्रो. पुनीत प्रेम, प्रो. सुरेश कुमार, डॉ. संजय वर्मा, प्रो. शशि कंवर, प्रो. किरण बाला, प्रो. रिचा शर्मा, प्रो. मोनिका रायजादा, प्रो अनु शर्मा, प्रो पूजा, प्रो. विकास, प्रो वन्दना और प्रो गुरप्रीत उपस्थित रहे। बीबीए विभाग के समन्वयक डॉ. शाम सिंह बैंस ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सबको बधाई और शुभकामनाएं दी।

### हिमाचल महिला थ्रोबॉल टीम की घोषणा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** थ्रोबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में रांची में आयोजित होने जा रही 48वीं सीनियर नेशनल थ्रोबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए हिमाचल प्रदेश महिला थ्रोबॉल टीम की घोषणा आज कर दी गई है। यह जानकारी हिमाचल थ्रोबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सचिव अमन शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि टीम का चयन चयन समिति के अध्यक्ष विशाल भारती द्वारा पूरी पारदर्शिता के साथ किया गया। प्रदेश के सभी जिलों में ट्रायल आयोजित किए गए थे, जिनके आधार पर इस टीम को अंतिम रूप दिया गया। घोषित महिला टीम में सताक्षी, मुस्कान, नितिका, शुभिक्षा, अंशि, साक्षी, उमा, अंजली, प्रियंका, निशा, शारदा, निष्ठा शामिल हैं। टीम की घोषणा के अवसर पर संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्रजेश, उपाध्यक्ष विशाल भारती शर्मा, महासचिव जोगिंद्र देव आर्य, टेक्निकल बोर्ड के अध्यक्ष यशवीर सिंह, और रैफरी बोर्ड के तीक्ष्ण सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। अमन शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल की टीम का प्रतिनिधित्व करना खिलाड़ियों के लिए गौरवपूर्ण क्षण है, जिससे प्रदेश में थ्रोबॉल खेल को नई पहचान मिलेगी।

### इनपुट डीलर्स को वितरित किए प्रमाण पत्र

**अनंत ज्ञान, ऊना।** आतमा परियोजना के अंतर्गत रामपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में डीएईएसआई (डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर सर्विसेस फॉर इनपुट डीलर्स) कार्यक्रम के छठे बैच के इनपुट डीलर प्रतिभागियों के लिए प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग के निदेशक डॉ. रविन्द्र सिंह जसरोटिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुल 38 इनपुट डीलरों को कृषि विस्तार सेवाओं में प्रशिक्षण पूरा करने पर डिप्लोमा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि डॉ. जसरोटिया ने बताया कि यह प्रशिक्षण इनपुट डीलरों को किसानों और बागवानों को तकनीकी सलाह देने में सक्षम बनाएगा, जिससे न केवल फसल की उत्पादकता में वृद्धि होगी बल्कि गुणवत्ता में भी सुधार आएगा। आतमा परियोजना ऊना के निदेशक वीरेंद्र कुमार बग्गा ने बताया कि फील्ड विजिट का उद्देश्य इनपुट डीलरों को स्थानीय कृषि समस्याओं से अवगत कराना और उन्हें समाधान हेतु उपयुक्त तकनीकों से परिचित कराना है। इस मौके पर आतमा परियोजना निदेशक वीरेंद्र बग्गा, आतमा परियोजना की उपनिदेशक शामली गुप्ता, उपनिदेशक आतमा परियोजना-दो तनुजा कपूर, विषयवाद विशेषज्ञ पुनीत डोगरा, प्रोग्राम कॉओर्डिनेटर डॉ. योगिता, सहायक तकनीकी प्रबंधक सोनिया शर्मा, सहायक तकनीकी प्रबंधक ओंकार सिंह मौजूद रहे।

### अंब कॉलेज में फ्रेशर पार्टी का आयोजन

**अनंत ज्ञान, अंब।** महाराणा प्रताप उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में शुक्रवार को बीबीए विभाग द्वारा प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस पार्टी का उद्देश्य विभाग के सीनियर छात्रों द्वारा नवप्रवेशित छात्रों का विभाग में फ्रेशर पार्टी के माध्यम से हार्दिक स्वागत करना और एक दोस्ताना, सकारात्मक माहौल बनाने के लिए किया जाता है। सीनियर छात्रों ने पार्टी के माध्यम से संदेश दिया कि हम रैगिंग के खिलाफ हैं और चाहते हैं कि आप बिना किसी डर के कॉलेज आएं व अपनी नई शुरुआत का आनंद लें। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दर्शन कुमार ने माँ सरस्वती के चरण कमलों में दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दर्शन कुमार ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की उपप्राचार्य रेखा शर्मा, बीबीए समन्वयक प्रो. जमीत कुमार, डॉ. विजेंद्र, नेहा, रेखा, मोनिका, डॉ. रेनू, डॉ. हरजीत, डॉ. आशुतोष, पूनम शर्मा, सपना, संदीप तथा विभाग के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### गगरेट में पारंपरिक झंडा अदायगी आज

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान, पंजावर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के शुभ अवसर पर रामलीला मंचन से पूर्व दोनों प्रमुख धार्मिक समितियों रामलीला कमेटी गगरेट और बाल गोपाल कमेटी द्वारा पारंपरिक झंडा अदायगी की रस्म आज पूरे विधि-विधान, श्रद्धा और धूमधाम के साथ निभाई जाएगी। रामलीला कमेटी गगरेट द्वारा यह ऐतिहासिक झंडा यात्रा आज सुबह 11 बजे रामलीला ग्राउंड (आर्मी ग्राउंड) से आरंभ होगी, जो ढोल-नगाड़ों, जयकारों और धार्मिक ध्वजों के साथ श्री हनुमान मंदिर बरोजा फैक्ट्री तक जाएगी। इस शोभायात्रा में कमेटी के सभी सदस्य पारंपरिक वेशभूषा और उत्साह के साथ भाग लेंगे। रामलीला कमेटी के प्रधान संजीव कुमार मम्मू एवं सचिव विनोद कुमार बंटी ने बताया कि यह झंडा अदायगी की यह रस्म न केवल आयोजन का शुभारंभ है, बल्कि इससे समाज को एकता, सांस्कृतिक जागरूकता और आध्यात्मिकता का संदेश भी मिलता है।

## युवा मोर्चा ने ऊना अस्पताल शराब प्रकरण के लिए रखा निंदा प्रस्ताव

# ऊना जिले को समृद्ध बनाने का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, ऊना**



ऊना जिले में हो रही घटनाओं को लेकर मंथन, भाजयुमो नेताओं के साथ विधायक सतपाल सत्ती।

भारतीय जनता युवा मोर्चा ऊना व बसदेहड़ा मंडल की संयुक्त बैठक भाजपा कार्यालय ऊना में भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रुपिंदर सिंह देहल की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व ऊना सदर विधायक सतपाल सिंह सत्ती विशेष रूप से उपस्थित रहे। युवा मोर्चा विभाजन विभीषिका दिवस की स्मृति में भारतीय जनता युवा मोर्चा 14 अगस्त शाम को 6 बजे शहीद स्मारक ऊना में सदर विधायक सतपाल सिंह सत्ती की अध्यक्षता में पहले सफाई अभियान चलाएगी व उसके उपरांत विभाजन के समय में लाखों की संख्या 10 लाख लोगों की जान गई व लाखों लोग बेघर हुए, उनकी स्मृति में शाम 7 बजे कैंडल मार्च किया जाएगा।

स्वतंत्रता दिवस की खुशी में तिरंगा यात्रा का आयोजन भी किया जाएगा। रुपिंदर सिंह देहल ने बताया कि बैठक में युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी जसविंदर सिंह द्वारा एक प्रस्ताव इस प्रदेश सरकार में चल रहे अराजकता व बिगड़ी व्यवस्था के विरोध में लाया गया। रुपिंदर सिंह देहल ने बताया कि इस प्रस्ताव में जो कांग्रेस सरकार व्यवस्था परिवर्तन के बड़े बड़े दावे करती है, उसने प्रदेश का व्यवस्था पतन कर दिया है और ऊना को हाशिए पर धकेल दिया है। ऊना के अंदर माफिया राज नशे का कारोबार पहले ही इस सरकार के शासन में फल-फूल रहा है, लेकिन अब अस्पतालों में भी काम करने वाले कर्मचारी दनादन शराब के जाम पिए जा रहे हैं।

कांग्रेस के बड़े नेता कार्रवाई न करने के लिए प्रशासन को डराते व दबाव बनाते फिर रहे हैं, अस्पतालों की व्यवस्था ऐसी है कि आए दिन मरीजों का लापरवाही से इलाज करने के लिए सुर्खियों में तो रहता है, लेकिन अब ड्यूटी के समय में मरीजों का ध्यान देने वाली नर्स भी मरीजों को मरता छोड़ जाम छलका रही थी और ऊना को शर्मसार कर रही थी, लेकिन अस्पताल प्रशासन को मरीजों की देखभाल से कोई लेना देना नहीं है लेकिन कांग्रेसी नेताओं के आदेश पालन करने से ही मतलब है। चाहे उससे ऊना शर्मसार हो जाए, चाहे मरीजों को किसी भी प्रकार की सहूलियत न मिले लेकिन अस्पताल प्रशासन इस अव्यवस्था पर आंखे और मुंह व कान बंद करके बैठ गया है। किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे गलत गतिविधियों को इन संस्थानों में बढ़ावा मिलेगा। जिसकी युवा मोर्चा अति निंदा करती है। इस कांग्रेस शासन में ऊना के सभी विभाग अव्यवस्थाओं से भरे पड़े है और आम जनता की कोई कहीं भी सुनवाई नहीं है। जनता बेहाल है जबकि नेता भ्रष्टाचार में खुशहाल हैं।

आने वाले समय में भाजपा शासन में सभी अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई जाएगी व ऊना से भ्रष्टाचार को खत्म किया जाएगा। इस प्रस्ताव पर सभी कार्यकर्ताओं ने एक मत हो प्रस्ताव को पारित किया। रुपिंदर सिंह देहल ने बताया कि बैठक में बढ़ रही हत्याओं की वारदातें, चोरी की वारदातें, अवैध खनन की वारदातें, सरकारी संस्थानों में गलत गतिविधियां जैसे अस्पताल में ड्यूटी के समय शराब का सेवन करना आदि ऊना में बहुत बढ़ गया है, जिसका मुख्य कारण ऊना के कांग्रेस नेता हैं, जो इन सब गतिविधियों को संरक्षण व बढ़ावा देते हैं।

इन सभी पर सतपाल सिंह सत्ती ने चिंता जताई है व निंदा व्यक्त की है व युवाओं से आवाहन किया है इस गलत धंधों वाली सरकार के खिलाफ एक हो जाएं व ऊना को सुरक्षित समृद्ध बनाने में अपना संपूर्ण योगदान दें।

### बैठक में ये रहे मौजूद

इस बैठक में जिला प्रवक्ता भाजपा विनय शर्मा, मंडल महामंत्री भाजपा नरेंद्र ठाकुर, अनीश ठाकुर, अंकुश ठाकुर, विकास शर्मा, विकास पुरी, रजत ठाकुर, विशाल भाटिया, लवीश गर्ग, रजत चब्बा, आकाश राणा, साहिल वाली, विक्की सैनी, धीरज मेहराल, दलजीत मान, चंदन कौशल, वरुण मेहन, साहिल अरोड़ा, जयवीर ठाकुर, ऋषभ कपिला, कारण राणा, मयंक शर्मा, निशांत शर्मा, ऋषि शर्मा, नव सैनी, दिनेश कुमार व अन्य उपस्थित थे।

## रामनगर से वलदोह गांव का रास्ता बना तालाब

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान, बड़ूही।** जोल उपतहसील की सोहारी पंचायत के रामनगर से वलदोह गांव में कई सालों से रास्ते का निर्माण कार्य नहीं करवाया गया है। इस कारण ग्रामीण को भारी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। इस बारे में ग्रामीणों ने स्थानीय पंचायत एवं जिला प्रशासन को कई बार अवगत करवाया है, लेकिन अभी तक इस रास्ते की सुध नहीं ली गई। इस कारण ग्रामीणों में जिला प्रशासन के प्रति रोष पैदा हो रहा है।

**विधायक से रास्ता पक्का करवाने के लिए ग्रामीणों ने लगाई गुहार**

ग्रामीण डॉ. सुरेश गर्ग, पंकज शर्मा, अंकुश, रोशन लाल, प्रकाश चंद, बलवीर सिंह, गगन सिंह, रमेश चंद, सतपाल सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के सात दशक बीत जाने के बाद भी इस रास्ते का हालत नहीं बदले हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने रास्ते के लिए जमीन भी दी है, फिर भी रास्ते का निर्माण नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि रास्ते का निर्माण नहीं होने से उनको अन्य कार्य करने में भी परेशानी आ रही है। स्थानीय पंचायत एवं जिला प्रशासन से कई बार इस बारे में गुहार लगाई गई है, लेकिन आज तक किसी ने भी सुध नहीं ली है। इस रास्ते में अधिक मात्रा में कीचड़ जमा हो जाता है, जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में असुविधा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने चिंतपूर्णी क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू एवं जिला उपायुक्त से गुहार लगाई है कि एक बार उनके गांव का दौरा कर रास्ते की समस्या से उनको छुटकारा दिलाया जाए।

## भदसाली ठाकुरद्वारा मंदिर में होगा जन्माष्टमी महोत्सव

**अनंत ज्ञान, हरोली।** भदसाली गांव के ठाकुरद्वारा मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में श्रीमद् भागवत कथा व संत सम्मेलन का का आयोजन किया जा रहा है। कथा का शुभारंभ 9 अगस्त को होगा। साप्ताहिक धार्मिक समागम 16 अगस्त तक चलेगा। कथा का गुणगान पंडित कृष्ण कुमार शास्त्री अंब वाले करेंगे। कथा का समय रोजाना सुबह 10 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक होगा, तदोपरांत प्रतिदिन लंगर की व्यवस्था होगी।

मंदिर के सेवकों प्रदीप कुमार, सुषमा, कांता व राधा आदि ने बताया कि जन सहयोग से मंदिर में जन्माष्टमी का पर्व भी धूमधाम से मनाया जाएगा। 15 अगस्त को रात 9 से 12 बजे तक भगवान श्रीकृष्ण महाराज का जन्म उत्सव भी हर्षोल्लास से मनाया जायेगा। 16 अगस्त को कथा समाप्ति पर झंडे की रस्म अदा करने उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन होगा। साप्ताहिक समागम के दौरान संत सम्मेलन भी होगा।

## 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' अभियान शुरू

### उपायुक्त जतिन लाल ने जिलाव्यापी अभियान का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, ऊना**



हर घर तिरंगा अभियान के दौरान उपायुक्त एवं अन्य गणमान्य।

उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने शुक्रवार को अपने कार्यालय परिसर से 'हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' जिलाव्यापी अभियान का शुभारंभ किया। भारत के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'स्वच्छ भारत मिशन' एवं 'जल जीवन मिशन' के तहत आयोजित यह विशेष अभियान 8 से 15 अगस्त तक जिले की सभी ग्राम पंचायतों में चलाया जाएगा।

शुभारंभ अवसर पर उपायुक्त ने पंचायत प्रधानों, सचिवों, ग्राम स्तरीय जल एवं स्वच्छता समितियों, स्वयं सहायता समूहों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं, शिक्षकों और छात्रों से सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, जल संरक्षण, साफ-सफाई और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है।

**15 अगस्त तक प्रतिदिन होंगे विशेष कार्यक्रम :** अभियान के तहत पंचायत स्तर पर प्रतिदिन विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 8 अगस्त को पंचायत भवन और प्रमुख स्थलों पर बैनर व पोस्टर लगाने के साथ 'स्वच्छ सुजल गांव संकल्प' लिया जाएगा।

9 से 11 अगस्त तक सामुदायिक स्वच्छता अभियान, सार्वजनिक स्थलों और जल स्रोतों की सफाई, स्कूलों में रैलियां, रंगोली और दीवार चित्रण होंगे। 12 अगस्त को जल जीवन मिशन के तहत बने पंप हाउस, टंकियों आदि की विशेष सफाई और सजावट होगी। 13 अगस्त को कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण और प्लास्टिक से बचाव विषयों पर संवाद और प्रदर्शन होंगे। 14 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की तैयारी, ध्वजारोहण स्थल की सफाई व सजावट होगी, जबकि 15 अगस्त को ध्वजारोहण, 'स्वच्छता चैंपियन' सम्मान और स्वच्छता संदेश का व्यापक प्रसार किया जाएगा।

उपायुक्त ने सभी पंचायतों को निर्देश दिए कि वे अभियान की सभी गतिविधियों को समयबद्ध ढंग से आयोजित करें और प्रत्येक कार्यक्रम की फोटो व वीडियो रिपोर्ट निर्धारित माध्यम से विभाग को भेजें। अभियान के शुभारंभ अवसर पर बीडीओ ऊना केएल वर्मा, जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव एवं सीपीओ संजय संख्यान सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शराबी नर्सों का हुआ निलंबन नालागढ़ और बिलासपुर में तैनाती

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**ऊना।** ऊना के क्षेत्रीय अस्पताल में शराब का सेवन करने के मामले में दो स्टाफ नर्सों को सस्पेंड कर दिया गया है। दोनों की हेडक्वार्टर नालागढ़ और बिलासपुर तैनाती की है। घटना के रोज रात के समय उसी वार्ड में नर्सिंग स्टूडेंट्स भी मौजूद थीं। जांच में कई स्टूडेंट्स ने लिखित बयान और शिकायत भी दी है। इस आधार पर यह कार्रवाई अमल में लाई गई है। सीएमओ डॉ. संजीव वर्मा ने इसकी पुष्टि की है।

जानकारी के अनुसार स्टाफ नर्सों द्वारा लगातार दो दिन से शराब पीकर ऐसा माहौल बनाया जा रहा था। पांच अगस्त यानी मंगलवार रात को भी यह घटना हुई थी। रिपोर्ट और नर्सिंग छात्राओं के बयान को देखें तो ऊना के क्षेत्रिय अस्पताल में दो स्टाफ नर्सों ने उस दिन इतनी शराब पी ली थी कि उन्हें उल्टियां होने लगी। इस दौरान ड्यूटी के दौरान हंगामा मच गया। एक नर्स मेडिकल वार्ड और एक सर्जिकल वॉर्ड में तैनात थी। इस दौरान दोनों ने ही ड्यूटी के दौरान शराब पी रखी थी, इसमें एक नर्स को डेपुटेशन पर यहां भेजा गया था, लेकिन मामला सामने आने के बाद उनकी डेपुटेशन को रद्द कर दिया गया है और तुरंत मूल स्थान पर भेज दिया गया था। मामले की जांच में यह भी पता चला है कि दोनों नर्सें स्टूडेंट्स के जिम्मे सारे मरीजों को छोड़ जातीं थीं।

जांच रिपोर्ट और ट्रेनी स्टूडेंट की मानें तो दोनों नर्सें रात 10 बजे से लेकर लगभग 2 बजे तक अस्पताल के अंदर ही शराब का सेवन करती रहीं। मंगलवार रात को स्थिति तब और बिगड़ गई, जब एक नर्स शराब के नशे में अस्पताल परिसर में ही उल्टियां करने लगी। क्षेत्रीय अस्पताल ऊना के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. संजय मनकोटिया ने कहा कि घटना की पूरी जानकारी एकत्र कर विस्तृत रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई थी। विभाग के निर्देशों का पालन करते हुए दोनों को सस्पेंड करने के बाद नालागढ़ और बिलासपुर में तैनाती दी गई है।

## धार्मिक स्थलों पर बाहरी राज्यों के श्रद्धालु अपने हिसाब से चला रहे यातायात व्यवस्था

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**



बाबा बड़भाग सिंह में यातायात व्यवस्था देखते लोग।

**अंब।** ऊना जिले के उपमंडल अंब में कानून व्यवस्था का जनाजा निकलता जा रहा है। हालत ऐसी हो गई है कि अब यहां के धार्मिक स्थलों पर बाहरी राज्यों से आए लोग अपने हिसाब से यातायात व्यवस्था और श्रद्धालुओं से कदमताल करवाने लगे हैं,जिसके चलते स्थानीय लोगों के साथ साथ श्रद्धालुओं में भी भय व्याप्त होने लगा है और कानून व्यवस्था और ज्यादा खराब होने का डर उन्हें सताने लगा है।

ऐसा ही मामला शुक्रवार को उत्तर भारत के प्रसिद्ध ऐतिहासिक धार्मिक स्थल बाबा बड़भाग सिंह मैड़ी में देखने को मिला, यहां पर राखी के पावन अवसर पर लगने वाले मेले के लिए बाहरी राज्यों से आए हुए कुछ लोगों द्वारा डंडे व कमर पर तलवार लटका कर यातायात व्यवस्था व श्रद्धालुओं को अपने हिसाब से व्यवस्थित करते देखा गया। इन लोगों द्वारा अलग-अलग जगहों पर बैरीकैट लगाए गए थे और श्रद्धालुओं को अपने हिसाब से इधर उधर भेजा जा रहा था। उनकी इस कार्रवाई से न केवल श्रद्धालुओं बल्कि स्थानीय लोगों में भी रोष देखा जा रहा था। इस सबसे परेशान लोगों द्वारा पुलिस प्रशासन को सूचित किया गया।

इसके बाद पुलिस थाना अंब से बाबा बड़भाग सिंह क्षेत्र पहुंचे कुछ कर्मचारियों ने इन लोगों को हटाया। बड़ा सवाल है कि ऐसे में बिना किसी आधिकारिक जानकारी के ऐसे लोगों द्वारा मैड़ी में की जा रही मनमर्जी के चलते अगर कोई अप्रिय घटना हो जाती है तो इसकी जिम्मेवारी किसके सिर पर आएगी। डीएसपी अंब वसुधा सूद ने कहा ये लोग अपनी मर्जी से लगे हुए थे, जिन्हें मौका पर जाकर हटा दिया गया है।

## कुटलैहड़ से लड़ूंगा चुनाव, टिकट भी मिलेगा : कंवर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अखिल भारतीय वॉलीबाल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रहे वीरेंद्र कंवर ने आने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर बड़ा बयान दिया है। एक साक्षात्कार में कंवर ने दावा किया कि आगामी चुनावों में भाजपा उन्हें कुटलैहड़ विस क्षेत्र से टिकट देगी और वह चुनाव लड़ेंगे भी तथा जीतकर क्षेत्र में विकास की नई गति लाएंगे। वीरेंद्र कंवर ने कहा कि मैं पूरी तरह से सक्रिय राजनीति में हूं।



जनता और कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए मैंने निर्णय लिया है कि आने वाले विस चुनावों में कुटलैहड़ से मैदान में उतरूंगा। मेरा उद्देश्य कुटलैहड़ में वर्षों से रुके पड़े विकास कार्यों को गति देना है।

## स्वां वुमन फेडरेशन ने मंडी के बच्चों को भेजी राहत

**अनंत ज्ञान, ऊना**



मंडी के बच्चों को पाठ्य सामग्री रवाना करते उपायुक्त जतिन लाल व फेडरेशन के सदस्य।

उत्तर भारत के सबसे बड़े महिला संगठन स्वां वुमन फेडरेशन ने मंडी जिले के बाढ़ पीड़ित परिवारों के बच्चों के लिए राहत सामग्री से भरे एक वाहन को ऊना जिला मुख्यालय से मंडी के लिए भेजा। ऊना जिले के उपायुक्त जतिन लाल ने शुक्रवार सुबह हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया। इस अवसर पर उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि ऊना जिला आपदा के समय हमेशा मदद के लिए आगे रहा है और मंडी जिले के आपदा प्रभावितों के लिए लगातार विभिन्न माध्यमों से राहत सामग्री भेजी जा रही है। उन्होंने स्वां वुमन फेडरेशन के मानवीय प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था ने न केवल महिला सशक्तिकरण में उल्लेखनीय कार्य किया है, बल्कि आपदा की घड़ी में भी जरूरतमंदों की सहायता कर सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।

स्वां वुमन फेडरेशन की चेयरपर्सन सुभद्रा रानी ने बताया कि ऊना जिला की 112 पंचायतों में संस्था अब तक 1015 स्वयं सहायता समूह गठित कर चुकी है, जिनसे लगभग 15,000 ग्रामीण महिलाएं सीधे तौर पर जुड़ी हैं। हर वर्ष लगभग 100 नए समूह भी बनाए जा रहे हैं। संस्था की वाइस चेयरपर्सन मीनू राणा ने बताया कि इन समूहों के माध्यम से महिलाएं आय सृजन, कृषि, मसाला प्रसंस्करण, पशुपालन, नशामुक्ति और लघु बचत योजनाओं से जुड़ी हैं। संस्था एक महिला सहकारी सभा का भी संचालन कर रही है, जिसकी कार्यपूंजी लगभग 18 करोड़ रुपए है।

स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को जरूरत पड़ने पर ऋण सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है और अब तक लगभग 1 करोड़ 40 लाख रुपए के ऋण विभिन्न कार्यों के लिए आसान ब्याज दर पर प्रदान किए गए हैं। मीनू राणा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण संस्था का प्रमुख उद्देश्य है और आज बाढ़ पीड़ित परिवारों के साथ एकजुटता दर्शाने के लिए यह सहायता भेजी जा रही है।

राहत सामग्री में 500 स्कूली बच्चों के लिए एक-एक बैग, 6-6 कॉपियां, पेन और पेंसिल शामिल हैं। इस अवसर पर फेडरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. आरके डोगरा, सलाहकार सतीश शर्मा एवं राजेश शर्मा तथा कार्यकारी अधिकारी ऋतु शर्मा भी उपस्थित रहीं।

## माता का दूध बच्चे के शारीरिक, मानसिक विकास के लिए जरूरी : डॉ. हरजिंद्र



रोटरी क्लब के सदस्यों को सम्मानित करते हुए डॉक्टर हरजिंद्र सिंह।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

रोटरी क्लब ऊना द्वारा विश्व स्तनपान जागरूकता सप्ताह के अवसर पर हरजिंदर अस्पताल में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ हरजिंदर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. हरजिंदर ने स्तनपान के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि स्तनपान न केवल नवजात शिशु के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी है, बल्कि यह माताओं के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। विशेषकर यह महिलाओं में गंभीर बीमारियों की संभावना को कम करता है। कार्यक्रम में डॉ. अद्वेता ने भी महिलाओं को स्तनपान के बारे में बताया। इस अवसर अस्पताल प्रबंधन द्वारा रोटरी क्लब अध्यक्ष यशपाल ठाकुर एवं अन्य पदाधिकारियों को सम्मानित किया।

रोटरी क्लब के अध्यक्ष यशपाल ठाकुर ने रोटरी क्लब की ओर से समाज हित में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर अस्पताल की निदेशक मोनिका सिंह, क्लब सचिव रंजीत जसवाल, सदस्य संजीव अग्निहोत्री, बलदेव चंद, बरजिंदर जीत सिंह गोल्डी,सुरिंदर ठाकुर,इंदरजीत सिंह व अन्य उपस्थित थे।

**परख** 'आप' हिमाचल ने 'सरकारी स्कूल विजिट कैंपेन' के अंतर्गत किया दौरा

## इमारत 'असुरक्षित'; स्कूल चालू, बच्चों की जान से हो रहा खिलवाड़

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**



जोल स्कूल का खस्ताहाल भवन, जिसमें बच्चे जान जोखिम में डालकर पढ़ रहे हैं।

**बंगाणा।** आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश द्वारा हाल ही में चलाए गए 'सरकारी स्कूल विजिट कैंपेन' के अंतर्गत प्रदेशभर में सरकारी स्कूलों की जमीनी हकीकत को परखा गया। इस अभियान का उद्देश्य प्रदेश की बदहाल सरकारी शिक्षा व्यवस्था की सच्चाई को उजागर करना और जनता के समक्ष जिम्मेदार सरकार की असलियत को लाना है। इसी क्रम में भोरंज उपमंडल के जोल मिडल स्कूल का निरीक्षण किया गया। यह स्कूल 1971 में स्थापित हुआ था और 2023 में इसे 'असुरक्षित' घोषित कर दिया गया, के बावजूद आज तक सरकार और प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की।

स्कूल में 50 बच्चे पढ़ते हैं, लेकिन केवल 2 शिक्षक हैं। भवन जर्जर है और किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती है, फिर भी बच्चे उसी में बैठते हैं। शौचालय बेहाल हैं, न दरवाजे, न साफ-सफाई। मैदान के बीचों-बीच उगे पेड़ संभावित दुर्घटना को न्योता दे रहे हैं। सुरक्षा मानकों के अभाव में बच्चों की जिंदगी खतरे में डाली जा रही है। चौंकाने वाली बात यह है कि यह स्कूल उस जिले में स्थित है, जिसे दो बार पूर्व मुख्यमंत्री धूमल और मुख्यमंत्री सुक्खू ने प्रतिनिधित्व किया है।

यही नहीं, दो बार प्रदेश के शिक्षा मंत्री भी इसी उपमंडल से रहे हैं, बावजूद इसके यदि यहां शिक्षा और सुरक्षा की यह दुर्दशा है, तो पूरे प्रदेश का हाल आसानी से समझा जा सकता है। डॉ. सुमित पुन्याल ने कहा कि सरकार खुद की गाड़ियों को हर 5 साल में असुरक्षित मानकर बदल देती है, लेकिन बच्चों की सुरक्षा की कोई कीमत नहीं समझती। प्रदेश सरकार हाल के वर्षों में बड़ी संख्या में सरकारी स्कूलों को बंद कर रही है।

जिन स्कूलों में बच्चों की संख्या कम है, उन्हें बंद करने का तर्क दिया जा रहा है, लेकिन सवाल यह है कि क्या संख्या कम होना स्कूल बंद करने का आधार होना चाहिए? कारण बिलकुल स्पष्ट है, शिक्षकों की भारी कमी, वर्षों से जर्जर स्कूल भवन, मूलभूत सुविधाओं की घोर कमी, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अभाव। सरकार इन खामियों को दूर करने के बजाए अपनी विफलताओं को छुपाने के लिए स्कूल बंद कर रही है। यह सीधा संकेत है कि सरकार निजी स्कूलों को बढ़ावा देना चाहती है, ताकि गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार मजबूरी में अपने बच्चों को महंगे प्राइवेट स्कूलों में भेजें।

### शिक्षा के निजीकरण की साजिश : डॉ. पुन्याल

डॉ. सुमित पुन्याल ने कहा कि सरकारी स्कूल बंद कर सरकार खुद सरकारी शिक्षा प्रणाली को खत्म कर रही है। यह शिक्षा को निजीकरण करने की साजिश है, जिससे शिक्षा एक व्यापार बन जाए और आम लोगों के बच्चे शिक्षा से वंचित हो जाएं। यदि सरकारी स्कूल बंद होते गए, तो आने वाले वर्षों में हजारों परिवार अपने बच्चों को शिक्षित ही नहीं कर पाएंगे, जिससे समाज में असमानता और गहराएगी। जिन स्कूलों को बंद किया गया है, उन्हें तुरंत पुनः खोला जाए। शिक्षकों की नियुक्ति, भवनों की मरम्मत व आवश्यक सुविधाओं की तत्काल पूर्ति हो। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार कर नामांकन बढ़ाने के प्रयास किए जाएं।

## बंगाणा भाजपा तिरंगा अभियान के तहत करेगी विभिन्न गतिविधियां : मलांगड़

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की गतिविधियों को सशक्त करने और आगामी राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर होने वाले आयोजनों की योजना तैयार करने के उद्देश्य से भाजपा के दोनों मंडलों की अहम बैठक 11 अगस्त को बंगाणा में दस बजे और 12 बजे डेरा बाबा रुद्रानंद मंडल में आयोजित की जा रही है। कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़ ने बताया कि इस बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कुटलैहड़ के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो उपस्थित रहेंगे।



उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान 11 से 15 अगस्त तक प्रस्तावित तिरंगा यात्रा तथा हर घर तिरंगा जैसे कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाएगी। राजेंद्र मलांगड़ ने बताया कि बैठक के उपरांत 10 अगस्त को ही बंगाणा बाजार में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा देश की एकता और अखंडता का संदेश लेकर क्षेत्र की जनता को जोड़ेगी और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रवादी दृष्टिकोण को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगी। उन्होंने बताया कि भाजपा द्वारा 11 से 15 अगस्त तक देशभर में चलाए जा रहे तिरंगा अभियान के तहत कुटलैहड़ में भी विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें झंडारोहण, प्रभात फेरी, रैलियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने जैसी गतिविधियां शामिल रहेंगी।

राजेंद्र मलांगड़ ने कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, मोर्चा प्रभारियों, बूथ अध्यक्षों एवं सक्रिय सदस्यों से आग्रह किया है कि वे संगठनात्मक रूप से आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। तिरंगा भारत के गौरव, इतिहास और बलिदान की पहचान है, जिसे हर घर तक पहुंचाना भाजपा का कर्तव्य है।

# राखी के लिए सज गई बहनों की थाली

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू


रक्षाबंधन पर्व पर अपने भाई के लिए राखी की खरीदारी करती महिलाएं और युवतियां।

भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व के लिए बहनों की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है।

कुल्लू जिले के विभिन्न बाजारों में रंग-बिरंगी और ब्रांडेड राखी से दुकानें सजी हुई हैं। बहनों ने भाइयों की कलाई सजाने के लिए शुक्रवार देर शाम तक जमकर खरीदारी की। रक्षाबंधन पर्व के लिए सभी जिले के सभी बाजारों में महिलाएं व युवतियां शुक्रवार को पूरे दिन राखी की दुकानों में रंग-बिरंगी राखियां खरीदने में व्यस्त रहीं। वहीं, भाई अपनी बहनों के लिए रक्षाबंधन पर गिफ्ट लेने के लिए कपड़ों, ज्वेलरी सहित अन्य दुकानों में दिखे। इसके चलते बाजारों में खूब भीड़ जुटी रही। देर रात तक ड्राईफ्रूट, मिठाई की दुकानें सजी रहीं। इस बार राखी बांधने का शुभ मुहूर्त सुबह साढ़े पांच बजे से दोपहर पौने दो बजे तक है। वहीं, जिनके भाई जिले से बाहर हैं, उन्हें इस बार भाइयों के पास पहुंचने में कुल्लू- मंडी नेशनल हाइवे दिक्कत दे सकता है। जगह-जगह हो रहे भूस्खलन के कारण रोजाना लोगों को मुश्किलें पेश आ रही हैं। वहीं, कुछ बहनें जो राखी बांधने मंडी जिला जाएंगी, उनके लिए यह सड़क मार्ग रोड़ा बन सकता है।

उधर, शुक्रवार को कुल्लू के लोअर ढालपुर, सरवरी, अखाड़ा बाजार सहित जिलेभर में काफी भीड़ रही। रक्षाबंधन की खरीदारी करने आई महिला प्रेमा देवी, भावना, चंपा, सोनू, वैशाली, सोमलता ने बताया कि इस बार बाजार में अलग-अलग वैरायटी की राखियां आई हैं और खुशी की बात यह है कि इस बार राखी के दामों में इजाफा नहीं हुआ है। राखी बांधकर बहनें अपने भाइयों से अपनी रक्षा का वचन लेती हैं और भाई भी राखी बंधवाकर उम्रभर अपनी बहन की रक्षा करने का प्रण लेते हैं। पहले जहां कुल पुरोहित द्वारा रक्षाबंधन के मौके पर हर घर में डोरी देने का प्रचलन था और इस डोरी को ही बहनें अपने भाइयों को बांधती थी। वहीं, अब सोने-चांदी की राखी से भाईयों की कलाई सजाई जाती है।

## रक्षाबंधन विशेष : भाई-बहन के पवित्र पर्व रक्षाबंधन को अनूठे अंदाज से मनाती है मनाली की कल्पना

# कल्पना पेड़ को रक्षासूत्र बांधकर पर्यावरण संरक्षण का देती है संदेश

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

कुल्लू। बहन-भाई के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन के अवसर पर बहनें, जहां अपने भाइयों को राखी बांधती हैं। वहीं, मनाली की एक बेटी ऐसी भी है, जो पेड़ को राखी बांधकर रक्षाबंधन मनाती है। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के मूलिंग गांव से संबंध रखने वाली और वर्तमान में मनाली के अलेउ में रह रही 20 वर्षीय कल्पना ठाकुर भाई-बहन के इस बंधन के पर्व को अनूठे अंदाज से मनाती है।

कल्पना पिछले करीब 17 वर्षों से पेड़ को राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रही है। तीन वर्ष की आयु से यह बेटी हर वर्ष रक्षाबंधन के दिन पेड़ों को राखी बांधकर पेड़ों को बचाने का संकल्प लेती है, साथ ही पर्यावरण को बचाने का संदेश और समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक भी कर रही हैं। कल्पना का अपना सगा भाई नहीं है और इसलिए वह हर वर्ष रक्षाबंधन के मौके पर एक पौधा लगाती है साथ ही राखी भी बांधती है। उन्होंने बताया कि उनका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है और इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए वह अपने पिता प्रसिद्ध पर्यावरणविद किशन लाल के पदचिन्हों पर चल रही हैं और उनके सपनों को साकार करने के लिए उन्होंने यह कदम उठाया है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष रक्षाबंधन के दिन वह पेड़ों को राखी बांधती हैं और अब उनके साथ अब इस मुहिम में और महिलाएं और बेटियां भी जुड़ गई हैं। कल्पना इतनी छोटी सी उम्र में पेड़ से भाई का रिश्ता जोड़ने वाली हिमाचल की पहली बेटी है और उनकी इस मुहिम से प्रेरणा लेकर अब और भी कई बेटियां व महिलाएं भी पेड़ों को राखी बांधकर पर्यावरण की रक्षा की कसम खा रही हैं।


अपने पिता प्रसिद्ध पर्यावरणविद एवं ग्रीनमैन किशन लाल के साथ कल्पना ठाकुर।

### कई अवॉर्ड से हुई सम्मानित

कल्पना की पर्यावरण के क्षेत्र में इस पहल के लिए उन्हें कई बार सम्मानित भी किया जा चुका है। इसमें ठाकुर वेदराम मैमोरियल सोशल कल्चरल एंवायरमेंट एंड वेलफेयर सोसायटी भुट्टी की ओर से 2016-17 में राज्य स्तरीय नई उड़ान अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा सूत्रधार कला संगम कुल्लू और ट्राइबल ट्रूडे इंडिया की ओर से भी कल्पना को सम्मान दिया गया है। ऊना की हिमोत्कर्ष साहित्य संस्कृति व जलकल्याण परिषद की ओर से कल्पना को राष्ट्रीय अवॉर्ड भी मिल चुका है। इसके अलावा राज्य व जिला स्तर पर भी कल्पना कई अवॉर्ड अपने नाम कर चुकी है।

### पिता के पदचिन्हों पर चल रही कल्पना

कल्पना के पिता और प्रसिद्ध पर्यावरणविद (ग्रीनमैन)किशन लाल का कहना है कि पर्यावरण को बचाने और देश व प्रदेश को हरा-भरा व सुंदर देखने का उनका सपना उनकी बेटी कल्पना पूरा कर रही है। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी का बचपन से ही पर्यावरण के प्रति प्रेम को देखते हुए उसने पहली बार तीन वर्ष की आयु में पेड़ को राखी बांधकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया था और यह सिलसिला अभी तक जारी है। उन्होंने बताया कि उन्हें अपनी बेटी पर गर्व है और अब कल्पना से प्रेरित होकर और बेटियां भी पर्यावरण को बचाने के लिए पहल कर रही हैं।

### खरदुंगला व मूलिंग चोटी को भी कर चुकी है फतेह

कल्पना ने अपने पिता के साथ खरदुंगला पीक पर भी तिरंगा लहराया। इस उपलब्धि पर जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने कल्पना ठाकुर की पीठ थपथपाई कल्पना ठाकुर प्रेस क्लब ऑफ कुल्लू की ब्रांड एंबेसडर रही है। इसके अलावा करीब चार साल पहले कल्पना ठाकुर अपने पिता और एक अन्य युवती के साथ मूलिंग चोटी को भी फतेह कर चुकी हैं। कोरोनाकाल में लगे लॉकडाउन में भी कल्पना अपने पिता के साथ मिलकर बेजुबान व बेसहारा पशु-पक्षियों की सेवा में जुटी रही। उन्होंने सुबह के समय पढ़ाई और अन्य कार्यों के बाद पक्षियों व आवारा कुत्तों और बेसहारा पशुओं को खाना, घास और दाना खिलाया था।

## थान देवता के मंदिर परिसर की सफाई की

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल। एक कदम स्वच्छता की ओर कार्यक्रम के अंतर्गत मंडलगढ़ पंचायत के शिम गांव में गांव की महिलाओं ने थान देवता के मंदिर परिसर की सफाई की। सुषमा ने बताया कि यह अभियान गांव को स्वच्छ और पॉलिथिन मुक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। महिलाओं ने संकल्प लिया कि गांव में पॉलिथिन का प्रयोग नहीं होगा और कोई भी गंदगी नहीं फैलाएगा। किरायेदारों को भी चेतावनी दी गई है कि खुले में शौच करते पाए जाने पर दंडित किया जाएगा। यह मंदिर परिसर न केवल धार्मिक कार्यों के लिए प्रयोग होता है, बल्कि शिशु स्कूल के बच्चों की शिक्षा और खेल गतिविधियों का केंद्र भी है। गांव की बैठकों का आयोजन भी यहीं होता है। इस स्वच्छता अभियान में देवंती, ओमा, सीता, तारा, मीना, बेबी और प्रेमा ने विशेष भागीदारी निभाई, जो प्रेरणादायक उदाहरण है।

## आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

# हर संभव मदद का दिया आश्वासन

अनंत ज्ञान, आनी

आनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक लोकेंद्र कुमार ने शुक्रवार को रहापू पंचायत के आपदा ग्रस्त क्षेत्रों उरटू और कुटली गांव का दौरा कर नुकसान का जायजा लिया।

उन्होंने बताया कि बुधवार तड़के करीब डेढ़ बजे नौणी नाले में बादल फटने से आई कुटली और उरटू गांव में भीषण बाढ़ में पांच परिवारों के घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। ये परिवार अब बेघर होकर दूसरों के घरों और हॉर्टिकल्चर भवन में आश्रय लेने को मजबूर हैं। सभी प्रभावित परिवार मजदूर वर्ग से हैं और दलित समुदाय से संबंध रखते हैं। विधायक ने बताया कि इस आपदा में 20 अन्य लोगों को भी भारी नुकसान हुआ है, कई घरों में दरारें आ गई हैं और कई वाहन मलबे में दब गए हैं। उन्होंने विशेष रूप से सतपाल नामक व्यक्ति का जिक्र किया। इसका घर पूरी तरह से नष्ट हो गया।


आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार आपदा प्रभावित क्षेत्रों में प्रभावितों की समस्याओं को सुनते हुए।

सतपाल के माता-पिता नहीं हैं और उसके पास अपनी जमीन भी नहीं थी, केवल मामा द्वारा दी गई तीन बिस्वा जमीन थी, जो अब पूरी तरह मलबे में दब चुकी है। लोकेंद्र ने आश्वासन दिया कि प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद प्रदान करने को लेकर प्रशासन से बात की जाएगी। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा सत्र में क्षेत्र में हुए नुकसान का मुद्दा प्रमुखता से उठाया जाएगा और सरकार से जल्द राहत प्रदान करने की मांग भी की जाएगी।

## बड़ोगी गांव में भारी बारिश से आई बाढ़

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। मणिकर्ण घाटी के बड़ोगी गांव में बाढ़ से नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार घाटी के खौली थाच में भारी बारिश के कारण बड़ोगी में बाढ़ आ गई। इससे क्षेत्र के तीन पुल बह गए हैं। साथ ही गांव में खेतों में भी मलबा भर गया है और सेब के बगीचों को भी भारी नुकसान हुआ है। उधर, एसडीएम कुल्लू निशांत ने बताया कि बड़ोगी गांव में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ से तीन पुल बह गए हैं। उन्होंने बताया कि आजा प्रशासन की टीम मौके पर जाकर नुकसान का जायजा लेगी। वहीं, छैउर पंचायत की प्रधान रमेश कुमारी ने बताया बाढ़ के कारण भारी नुकसान हुआ है। बाढ़ की चपेट में आने से तीन पुल बह गए हैं। इससे लोगों को आवाजाही में दिक्कतें आएंगी। वहीं, बड़ोगी गांव के लोगों के खेतों व सेब के बगीचों को भी भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि लोगों को जल्द राहत प्रदान की जाए।

## हिमाचल किसान सभा व सेब उत्पादक संघ आनी इकाई की बैठक आयोजित

# 13 अगस्त को आनी में होगा प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, आनी

हिमाचल किसान सभा और हिमाचल सेब उत्पादक संघ आनी इकाई की संयुक्त बैठक आनी में हुई। इसकी अध्यक्षता प्रताप ठाकुर ने की।

बैठक में भूमि से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई और निर्णय लिया गया कि 13 अगस्त को आनी में जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2000 में तत्कालीन भाजपा सरकार ने लैंड रेवेन्यू एक्ट में धारा 163-अ जोड़ी थी और 2002 में संशोधन के बाद 20 बीघा भूमि पर कब्जे को नियमित करने का प्रावधान किया गया था। प्रदेश के कई किसान और बागवान पीढ़ियों से सरकारी भूमि पर खेती करते आ रहे हैं। इसके तहत लाखों लोगों ने आवेदन किया था, लेकिन 23 साल बाद, 5 अगस्त को आए निर्णय में इस प्रावधान को रद्द कर दिया गया है। इस फैसले से किसानों में गहरा रोष है। किसान सभा और सेब उत्पादक संघ ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि इस मामले में उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की जाए और गरीब किसानों को कम से कम पांच बीघा भूमि प्रदान की जाए। संगठन ने सभी किसानों और आम जनता से अपील की है कि वे 13 अगस्त के प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। बैठक में सचिव हिमाचल किसान सभा आनी गीता राम, हिमाचल सेब उत्पादक संघ सचिव हेम राज, टिकम, वीर सिंह, ओमी चंद, डोला सिंह, दौलत, लच्छी, राम कृष्ण, भगत राम सहित कई सदस्य मौजूद रहे।


हिमाचल किसान सभा व सेब उत्पादक संघ आनी की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

## पतलीकूहल में पहली बार आयोजित हुआ पांच दिवसीय रक्षा बंधन मेला

# महिलाओं ने प्रदर्शित किए राखी व लोकल उत्पाद

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

रक्षा बंधन के पावन अवसर पर विकास खंड नगर के तत्वावधान में पतलीकूहल में पहली बार पांच दिवसीय रक्षा बंधन मेले का भव्य आयोजन किया गया। इस मेले का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें अपने हस्तनिर्मित उत्पादों को प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करना है।


पतलीकूहल में रक्षा बंधन मेले में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टॉल।

यह मेला पतलीकूहल की लाइब्रेरी के प्रांगण में आयोजित किया गया। इसमें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत आने वाले स्वयं सहायता समूहों की लगभग 30 महिलाओं ने भाग लिया। इनमें प्रेरणा, तारा, जहर देवता, शिव शक्ति, वीर नाथ, थान देवता और जमलू स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं शामिल रहीं। मेले में महिलाओं ने अपने हाथों से बनाई आकर्षक राखियों के अलावा, होममेड मिठाइयां, सिड्डू, कचौरी, मोमोज, पतरोड़ू जैसे लोकल व्यंजन और घर की सजावट से जुड़ी सामग्री भी प्रदर्शित की। इन सभी उत्पादों को स्थानीय लोगों द्वारा खूब सराहा जा रहा है, जिससे महिलाओं की आय में भी वृद्धि हो रही है।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, विकास खंड नगर की क्षेत्रीय समन्वयक नीरजा कटोच ने बताया कि यह मेला महिलाओं की मेहनत और हुनर को एक मंच देने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से न केवल ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलता है, बल्कि समाज में उनके योगदान को भी पहचान मिलती है। खंड विकास अधिकारी नगर, मुकेश ने कहा कि यह मेला एक छोटी सी कोशिश है महिलाओं को प्रोत्साहित करने की, ताकि वे अपने घर में बनाए उत्पादों को एक मंच पर बेच सकें। उन्होंने बताया कि इस मेले में हाथ से बनी राखियां मुख्य आकर्षण रही हैं और लोगों की ओर से उन्हें अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने भी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इस मेले के जरिए उन्हें अपने हुनर को प्रदर्शित करने और आर्थिक रूप से सशक्त बनने का अवसर मिला है।

# 23 को देवसदन में मनाया जाएगा 18वां मल्हार उत्सव

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

सूत्रधार कला संगम कुल्लू की कार्यकारिणी बैठक शुक्रवार को संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन की अध्यक्षता में सूत्रधार भवन के कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने कहा कि सूत्रधार कला संगम कुल्लू द्वारा हर वर्ष की भांति इस बारभी वर्षा ऋतु पर आधारित मल्हार उत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह 18वां सूत्रधार मल्हार उत्सव 23 अगस्त शनिवार को देव सदन सभागार में सायं 7 से रात्रि 10 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

इसमें वर्षा ऋतु पर आधारित सदाबहार गीतों की रंगारंग गीत-संगीत व नृत्य की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कार्यक्रम में सूत्रधार कला संगम के कलाकारों सहित अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारा डॉ. कविता पंडित (हरियाणा) तथा सुधीर शर्मा (ए ग्रेड आर्टिस्ट आल इंडिया रेडियो) की विशेष प्रस्तुतियां रहेंगी व इनके साथ में तरुण गौड़ संगत करेंगे। यह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम 18वां सूत्रधार मल्हार उत्सव सभी कला प्रेमियों व आम जनमानस के स्वस्थ मनोरंजन के लिए निशुल्क रहेगा। सूत्रधार कला संगम के अंतर्गत सूत्रधार भवन में वर्ष 2005 से सूत्रधार संगीत व नृत्य अकादमी निरंतर रूप से चल रही है। सूत्रधार संगीत व नृत्य अकादमी के माध्यम से पं. विद्या सागर के सानिध्य में अब तक हजारों प्रशिक्षुओं ने यहां से संगीत व नृत्य की शिक्षा ग्रहण की है और कुल्लू जनपद के अधिकतर विद्यालयों में संगीत व नृत्य शिक्षकों के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। बैठक में संस्था के अध्यक्ष दिनेश सेन सहित उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, महासचिव अतुल गुप्ता, वित्त सचिव जोगिंद्र सिंह, भंडार प्रभारी तिलक राज चौधरी, सचिव सुदेश कुमार, मंजू शर्मा, यशोदा शर्मा व हितेश कुमार गोगी आदि मौजूद रहे।

## बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल। बिजली उपमंडल कटराई के सहायक अभियंता जितेंद्र ने बताया कि उपमंडल के विभिन्न फीडरों की आवश्यक मरम्मत व रखरखाव के चलते बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। 11 अगस्त को बड़ाग्रां फीडर के अंतर्गत 14 मील से 18 मील, रामपुर, कक्षेरी, बरान, रियाड़ा, शांगचर, जैंडी, बड़ाग्रां पनंगा व हरिपुर-2 में, 12 अगस्त को रायसन फीडर के तहत पतलीकूहल, कटराई, वशकोला, बाड़ी, जौंग, छानी व दवाड़ा में, 13 को नग्गर फीडर के अंतर्गत रायसन, शिरड़, मालीपत्थर, कराल, हिमरी जलोरा, नांगाबाग सहित अन्य क्षेत्रों में, 14 को रायसन फीडर के डोभी, खडीहार, फोजल, नेरी काथी व आसपास के क्षेत्रों में प्रत्येक दिन सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। खराब मौसम की स्थिति में कार्य अगले दिन किया जाएगा। उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की गई है।

# मौहल में स्वास्थ्य जांच शिविर का 140 लोगों ने उठाया लाभ

अनंत ज्ञान, भुंतर

**समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाकर रोगों से बचा जा सकता है**

मौहल में भुंतर सुधार समिति की ओर से हिमालयन हॉलिस्टिक हेल्थ केयर सेंटर मौहल व वीवा केयर आई एंड डेंटल अस्पताल, कुल्लू के संयुक्त सौजन्य से स्वास्थ्य व आंखों की जांच का निशुल्क शिविर आयोजित किया गया।

इस स्वास्थ्य जांच शिविर में 140 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। भुंतर सुधार समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप ने कहा कि शिविर का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें नियमित जांच के लिए प्रेरित करना था। डॉ. आकांक्षा ने मरीजों की जांच करते हुए बताया कि आज के समय में बदलती जीवनशैली और असंतुलित खानपान के कारण कई गंभीर बीमारियां जन्म ले रही हैं। समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाकर इन रोगों से बचा जा सकता है। प्रख्यात आयुर्वेद विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. आकांक्षा द्वारा हेल्थ चेकअप कर पंचकर्म से रोगों के निदान की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त विवा केयर आई हॉस्पिटल के प्रख्यात नेत्र चिकित्सा टीम द्वारा नेत्रों की निशुल्क जांच की। वहीं, कम दाम में फुल बॉडी चेकअप भी किया गया। शिविर में महिमन चंद्र भुंतर सुधार समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह, उपाध्यक्ष रोशन लाल, सहसचिव झावे राम, कोषाध्यक्ष ऋषि, सहकोषाध्यक्ष घनश्याम, महिला विंग की सचिव मीना प्रवक्ता नीलम घई आदि उपस्थित रहे।

# नवजात शिशु को अवश्य करवाएं स्तनपान : डॉ. एनआर पवार


विश्व स्तनपान सप्ताह के समापन पर कार्यक्रम के दौरान विभाग की टीम व प्रशिक्षु छात्राएं।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के सभागार में शुक्रवार को विश्व स्तनपान सप्ताह के समापन पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नर्सिंग प्रशिक्षुओं ने स्तनपान के लाभ बताए और लोगों को भी स्तनपान के प्रति जागरूक किया।

सभागार में भी एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां पर पोस्टर मेकिंग से स्तनपान के फायदे बताए। इस दौरान सीएमओ कुल्लू डॉक्टर नागराज पवार ने कहा कि डब्ल्यूएचओ द्वारा 1992 से विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हर साल इसे 1 से 7 अगस्त तक मनाया जाता है। इसी कड़ी में क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में भी पूरे सप्ताह भर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं, शुक्रवार को नर्सिंग छात्राओं ने भी स्तनपान के प्रति लोगों को जागरूक किया। सीएमओ डॉ. नागराज ने कहा कि नवजात शिशु को स्तनपान करवाने से वह कुपोषित नहीं होता है। शिशु में बीमारियों से लड़ने की क्षमता भी बढ़ जाती है, ऐसे में शुरुआती छह माह में गर्भवती महिलाओं को अपने बच्चों को स्तनपान जरूर करवाना चाहिए। इस दौरान चामुंडा नर्सिंग इंस्टिट्यूट व क्रिश्चयन नर्सिंग इंस्टिट्यूट के नर्सिंग छात्रों को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

## दौरा जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी स्पीति प्रवास पर

# जनहित से जुड़े कार्यों में बर्दाश्त नहीं होगी लापरवाही

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा

राजस्व, बागवानी व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने शुक्रवार को जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के स्पीति उपमंडल का दौरा किया।

स्पीति के काजा में मंत्री की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा के लिए पीएसी बैठक हुई। बैठक में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। इनसे मंत्री ने स्पीति क्षेत्र के लंबित और प्रगति पर कार्यों की विस्तृत जानकारी ली और जवाब-तलब किया। बैठक में लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा भी विशेष रूप से मौजूद रहीं। विधायक ने मंत्री का पारंपरिक थंका और खतक पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर टीएसी सदस्यों ने भी भाग लिया और अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित सुझाव व समस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं। बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से हुर्लिंग के खेल मैदान को प्राथमिकता देते हुए


जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करते हुए।

संबंधित अधिकारियों को जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मूद-भावा सड़क, रोंगटोंग बिजली परियोजना सहित अन्य लंबित परियोजनाओं को भी शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनजातीय क्षेत्रों के विकास के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि मंत्री के इस दौरे को लेकर स्थानीय जनता व प्रतिनिधियों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखी गई और लोगों ने उम्मीद जताई कि स्पीति क्षेत्र के विकास को अब और गति मिलेगी।

## ब्रह्मकुमारी बहनों ने पत्रकारों को बांधी राखी

# जीवन में आत्मबल, शांति और प्रेम को मजबूत करने का किया आग्रह

अनंत ज्ञान, मनाली



मनाली की ब्रह्मकुमारी बहनों ने रक्षाबंधन के अवसर पर पत्रकारों को राखी बांधी और उन्हें आत्मिक बंधन का महत्व समझाया।

उनका संदेश था कि पत्रकार समाज का आईना होते हैं और उन्हें सत्य और सेवा के मार्ग पर चलना चाहिए। बहनों ने पत्रकारों से आग्रह किया कि वे अपने जीवन में आत्म-बल, शांति और प्रेम को मजबूत करें। ब्रह्माकुमारी बहनों ने रक्षाबंधन पर प्रेम, शांति और सेवा का संदेश दिया। ब्रह्मकुमारी बहनों ने पत्रकारों को राखी बांधते हुए उन्हें याद दिलाया कि वे सभी आत्मिक रूप से भाई-बहन हैं और इस बंधन को आत्म-बल, शांति और प्रेम से मजबूत बनाना ही सच्चा रक्षाबंधन है। इसके साथ ही, उन्होंने पत्रकारों से आग्रह किया कि वे अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार को त्यागने का संकल्प लें। ब्रह्माकुमारी बहनों ने पत्रकारों को राखी बांधने के साथ-साथ उन्हें मिठाई खिलाई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### रक्तदान शिविर 24 को मनाली में

ब्रह्मकुमारीज विश्व शांति भेजोगी मनाली की प्रमुख बहन संध्या ने बताया कि ब्रह्मकुमारीज द्वारा दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्य स्मृति दिवस व विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर 24 अगस्त को रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर ब्रह्मकुमारीज विश्व शांति भवन जीवन दर्शन आध्यात्मिक आर्ट गैलरी भजोगी मनाली में आयोजित किया जा रहा है।

## केलांग नगर में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था में अस्थायी परिवर्तन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग। हाल ही में जल स्रोतों में अत्यधिक गंदलापन और जल स्तर में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव के कारण केलांग नगर की पेयजल आपूर्ति प्रभावित हुई है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए जल शक्ति विभाग द्वारा त्वरित कदम उठाए गए हैं। जलशक्ति विभाग केलांग के सहायक अभियंता ने बताया कि विभाग ने शाकस नाला से एक लिफ्ट पेयजल योजना आरंभ की है। इसकी जल भंडारण क्षमता 1.15 लाख लीटर है।

इस योजना के माध्यम से केलांग नगर को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। नाले से गंदले पानी की आपूर्ति अब पूर्णत: बंद कर दी गई है, अब पेयजल आपूर्ति प्रात: 6 से 10 बजे तक तथा अपराह्न 3 बजे से सायं 7 बजे तक निर्धारित की गई है। कृपया सभी नागरिक निर्धारित समय में जल का समुचित भंडारण सुनिश्चित करें। जलशक्ति विभाग ने आम जनता से आग्रह किया कि पानी का सदुपयोग करें व अपव्यय से बचें। जल संग्रहण की व्यवस्था को दुरुस्त करें और जल भंडारण क्षमता को बढ़ाएं। प्रशासन के साथ पूर्ण सहयोग करें। जल शक्ति विभाग हालात पर लगातार नजर रखे हुए है और पेयजल सेवाओं की पूर्ण बहाली के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### विकास कार्यों में धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहा अवैध खनन

**अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** एक तरफ सरकार अवैध खनन पर सख्ती के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर माजरा पंचायत के अंतर्गत चल रहे विभिन्न विकास कार्यों में खुलेआम अवैध रेत, बजरी और पत्थर का इस्तेमाल किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि इन कार्यों की निगरानी कर रहे पंचायत प्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी और स्थानीय प्रशासन सब कुछ जानकर भी चुप्पी साधे हुए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पंचायत में हो रहे निर्माण कार्यों जैसे सड़क निर्माण, सीवरेज लाइन, नालियों और भवन निर्माण में ठेकेदार बिना किसी वैध रॉयल्टी के अवैध खनिज सामग्री का प्रयोग कर रहे हैं। न तो सामग्री लाने वाले ट्रकों के पास रसीदें हैं और न ही खनन विभाग की अनुमति, अगर कोई गरीब किसान या मजदूर अपने निजी कार्य के लिए एक ट्रॉली रेत भी लाता है, तो उस पर चालान ठोक दिया जाता है, लेकिन सरकारी कार्यों में करोड़ों की चोरी पर कोई सवाल नहीं उठता। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह के कार्यों से न सिर्फ सरकारी राजस्व को भारी नुकसान हो रहा है, बल्कि यह पूरे सिस्टम में भ्रष्टाचार की बू भी पैदा करता है। कई बार शिकायतें देने के बावजूद न तो खनन विभाग, न ही जिला प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई की है। स्थानीय ग्रामीणों और जागरूक नागरिकों ने डीसी सिरमौर, खनन विभाग और विधानसभा प्रतिनिधियों से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

### इंद्रपाल बने प्रदेश संघर्ष समिति के महासचिव

**अनंत ज्ञान, अर्की।** हमीरपुर में आयोजित प्रदेश के 11 प्रमुख पेंशनर संगठनों के राज्य स्तरीय संयुक्त सम्मेलन में हिमाचल पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति का गठन किया गया। इस समिति में जिला सोलन के भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ के प्रदेश महामंत्री इंद्रपाल शर्मा को सर्वसम्मति से महासचिव नियुक्त किया गया। इंद्रपाल शर्मा को यह जिम्मेदारी मिलने पर भारतीय राज्य पेंशनर संघ, जिला सोलन के पदाधिकारियों और विभिन्न इकाइयों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

### मुख्य न्यायाधीश ने किया क्लीनिक का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, सोलन।** नालसा वीर परिवार सहायता योजना के अंतर्गत विधिक सेवा क्लीनिक का शुभारंभ जिला सैनिक कल्याण बोर्ड सोलन में किया गया। इसका लोकार्पण हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश व हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संरक्षक न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया ने किया। विधिक सेवा क्लिनिक का उद्देश्य भूतपूर्व, सेवारत सैनिकों, वीरगति प्राप्त सैनिकों के परिजनों को विधिक सहायता प्रदान करना तथा उनको अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना है। ऑनलाइन लोकार्पण के अवसर पर न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर, न्यायाधीश उच्च न्यायालय व कार्यकारी अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण सहित अन्य न्यायाधीशगण उपस्थित थे। जिला सैनिक कल्याण बोर्ड सोलन में इस अवसर पर जिला व सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. अरविंद मल्होत्रा, अतिरिक्त जिला व सत्र न्यायाधीश सोलन अभय मंडयाल, अतिरिक्त जिला व सत्र न्यायाधीश सोलन विवेक खनाल, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सोलन दिव्या ज्योति पटियाल आदि उपस्थित थे।

### मेडिकल कॉलेज में रोगियों को भीड़ से मिलेगी राहत

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान, नाहन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार मेडिकल कॉलेज नाहन की ओपीडी में भीड़ के कारण मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। इसी समस्या के समाधान के लिए चौगान मैदान के सामने पुराने डिग्री कॉलेज भवन में एक सप्ताह के भीतर जनरल ओपीडी शुरू की जा रही है। प्रारंभ में यहां दो से तीन डॉक्टर बैठेंगे और उनके साथ अंतिम वर्ष के इंटर्न भी होंगे। रूटीन जांच, डॉग बाइट ट्रीटमेंट और हेल्थ एजुकेशन की भी सुविधा होगी। विधायक अजय सोलंकी ने बताया कि इस ओपीडी को भविष्य में शहरी वेलनेस सेंटर में परिवर्तित किया जाएगा। यहां लैब टेक्नीशियन की तैनाती से स्टील ब्लड व अन्य टेस्ट भी संभव होंगे। डॉग बाइट जैसी आपातकालीन स्थितियों में प्राथमिक दवाएं और इंजेक्शन की व्यवस्था भी होगी। वहीं, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एसएस डोगरा ने कहा कि हेल्थ एजुकेटर भी नियुक्त होंगे, जो नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करेंगे। पुराने डिग्री कॉलेज भवन का वातावरण खुला और हवादार है। इससे मरीजों को बैठने के लिए पर्याप्त जगह मिलेगी। यह स्थान मेडिकल कॉलेज के अपेक्षाकृत भीड़-भरे परिसर की तुलना में अधिक सुविधा देगा। प्राथमिक जांच के बाद गंभीर मरीजों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया जाएगा।

### डॉ. एमएस की शताब्दी जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हरित क्रांति के जनक कहे जाने वाले भारत रत्न डॉ. एमएस स्वामीनाथन को उनकी शताब्दी जन्म वर्ष के उपलक्ष्य में डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी व वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की ओर से एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा-बिहार के कुलाधिपति डॉ. पीएल गौतम मुख्य वक्ता रहे। डॉ. गौतम एक प्रख्यात वैज्ञानिक व शैक्षणिक प्रशासक हैं, जिन्होंने जीबी पंत कृषि व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर के कुलपति और आईसीएआर के उपमहानिदेशक सहित देश की विभिन्न प्रमुख संस्थाओं में महत्त्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर कार्य किया है। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. स्वामीनाथन को पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।

### आपदा प्रभावित की मदद को जुटाए 60,000

**अनंत ज्ञान, सराहां।** गत दिनों हिमाचल के मंडी में आई कुदरती आपदा में प्रभावित हुए परिवारों की सहायता के लिए भूतपूर्व सैनिक एकता मंच पच्छाद के सदस्य भी आगे आए हैं। प्रभावित क्षेत्र थुनाग, जिंजैहली, बगसयाड़ में आपदा प्रभावित लोगों की मदद को मंच के सदस्यों द्वारा एकत्रित की गई 60000 की राशि पूर्व सैनिक एकता मंच के प्रधान लाल चंद और सेक्रेटरी भीम दत्त ने प्रभावित परिवारों को दी। सभी पूर्व सैनिक एकता मंच पच्छाद के सदस्यों का इस सहायता के लिए प्रधान लाल चंद ने आभार प्रकट किया। गत वर्ष भी मंच द्वारा आपदा राहत कोष में मुख्यमंत्री को सहायता राशि भेंट की गई है।

### ओवरलोडिंग पर चालान का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, नाहन।** ओवरलोडिंग के कारण सरकारी बसों के किए जा रहे चालानों पर जनवादी महिला समिति ने कड़ा विरोध जताया है। समिति ने चालानों को रोकने और अतिरिक्त बसें चलाने की मांग की है। समिति की पूर्व राज्य अध्यक्ष संतोष कपूर, जिला सचिव अमिता चौहान, कोषाध्यक्ष आशा शर्मा और उपाध्यक्ष सेवती कमल ने संयुक्त बयान में आईटीआई नाहन के पास एक सरकारी बस के चालान पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि चालान करने के बजाय सरकार को ज्यादा बसें चलानी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार नियमित रूट भी बंद कर रही है। इससे परेशानी और बढ़ रही है। समिति ने कहा कि वे यातायात नियमों का सम्मान करते हैं, लेकिन पर्याप्त सुविधाओं के बिना नियमों का पालन करना संभव नहीं है। समिति ने विशेष रूप से रामाधौण रूट पर सुबह एक अतिरिक्त बस चलाने की मांग की है। साथ ही कौलांवालाभूड रोड और बाईला रोड पर भी एक-एक अतिरिक्त बस चलाने की मांग की गई है क्योंकि इन रूटों पर भीड़भाड़ बहुत ज्यादा रहती है। समिति ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### गोदरेज काठा में 81 ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** औद्योगिक क्षेत्र काठा स्थित एप्रिल पार्क स्थित गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड में आयोजित तीसरे रक्तदान शिविर में 81 कामगारों और अन्य ने किया रक्तदान किया। रक्तदान का शुभारंभ एसपी बद्दी विनोद कुमार धीमान ने किया। उन्होंने कंपनी के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। इसमें हमें बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए और अन्य संस्थाओं को भी आगे आना चाहिए। शिविर में कंपनी के प्लांट हेड संदेश बुरवांकर ने रक्तदानियों का आभार जताया तथा कहा कि कंपनी अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए ऐसे कार्यों को अंजाम देती रहती है। यह तीसरा शिविर है और भविष्य में भी जारी रहेंगे।

### सराहां में स्तनपान को लेकर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सराहां।** विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत स्वास्थ्य खंड पच्छाद सराहां में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। मातृ स्वास्थ्य केंद्र सराहां नारग व कुफ्ती मैदान सराहां में जागरूकता शिविर लगाए गए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में स्तनपान व विशेष रूप से कामकाजी महिलाओं को स्तनपान के प्रति जागरूक करना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार नवजात शिशु के लिए पिला, गाढ़ा व चिपचिपा पूयूमत मां दूध (कोलेस्ट्रॉल) प्रसव के उपरांत एक घंटे के भीतर पिलाना शुरू कर देना चाहिए।

### उज्ज्वला योजना के तहत 12000 करोड़ की सब्सिडी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने नाहन विधानसभा क्षेत्र के तीनों मंडल में सैनवाला-मुबारिकपुर, नाहन, जाड़ान वाला में रक्षा बंधन के उपलक्ष्य में कार्यकर्ताओं के साथ भाग लिया। उन्होंने कहा कि भाई बहन के स्नेह, प्यार और पवित्र बंधन के त्योहार रक्षाबंधन के पावन अवसर पर मुझे बहनों ने रक्षा सूत्र बांधकर अपना आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि हम केंद्र सरकार व प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद करना चाहते हैं कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत 2025-26 के लिए 12,000 करोड़ रुपए की सब्सिडी को मंजूरी दे दी। इससे 10.33 करोड़ परिवारों को लाभ मिलेगा। इस ऐतिहासिक योजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश में 1.36 लाख उपभोक्ता हैं। रक्षाबंधन के दिन पहले लिए गए इस फैसले से बड़े पैमाने पर देश और प्रदेश की महिलाओं को लाभ पहुंचेगा।

# सेब के दामों में गिरावट से बागवान निराश

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** मंडियों में बड़ी मात्रा में सेब की खेप तो पहुंच रही है पर बागवानों को अपनी फसल के उचित दाम नहीं मिलने से निराशा ही हाथ लग रही है। एक तरफ बाजार में ग्राहकों से सेब के मनमाने दाम वसूल किए जा रहे हैं। वहीं, मंडियों में बागवानों को उचित दाम न मिलने से यह वर्ग ठगा सा महसूस कर रहा है।

बंपर पैदावार, कम साइज, मौसम की बेरुखी, कलर न आना और कारोबारियों की मनमानी इसका मुख्य कारण है। सीजन के शुरुआत में जहां रॉयल क्वालिटी के बढ़िया सेब 2000 से 2500 रुपए प्रति बॉक्स बिक रहे थे। वहीं, अब यही रॉयल सेब 800 से 1400 रुपए के बीच बिक रहा है। अच्छी क्वालिटी के सेबों की कीमत भी 1400 से 1800 रुपए के बीच आ गई है। रेड गोल्ड वैरायटी की स्थिति भी कुछ खास नहीं रही। इसकी कीमतें घटकर 500 से 800 रुपए प्रति बॉक्स पर आ गई है। बागवानों का कहना है कि उन्होंने सीजन की अच्छी शुरुआत के बाद बढ़िया रेट की उम्मीद की थी, लेकिन अब उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है। औसत रेट शुरू में जहां 1800 रुपए प्रति बॉक्स चल रहा था, अब वह घटकर 1000 रुपए के आस-पास आ गया है। इससे बागवानों को लागत तक निकालना मुश्किल हो रहा है। सेब मंडी के आढ़तियों का मानना है कि रक्षाबंधन और जन्माष्टमी जैसे त्योहारों के चलते मांग में इजाफा हो सकता है।

इससे दामों में कुछ सुधार आ सकता है। इसके अलावा ऊंचाई वाले क्षेत्रों से अभी माल आना बाकी है और वहां उत्पादन अपेक्षाकृत कम है, जिससे अच्छे सेबों के अच्छे दाम मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। गाला वैरायटी के सेबों की इस बार बाजार में खूब मांग है, लेकिन सप्लाई बेहद सीमित है। यही कारण है कि सीजन की शुरुआत में इस वैरायटी का सेब 4500 रुपए प्रति बॉक्स तक बिका। जानकारों के मुताबिक अगर इस वैरायटी की सप्लाई थोड़ी और होती, तो बागवानों को अच्छा मुनाफा हो सकता था।



सोलन सेब मंडी में पहुंची सेब की पेटियां, जहां व्यापारी बोली लगाते हुए।

### फसल को जल्दबाजी में न तोड़ें : रोशन

**एपीएमसी** (कृषि उपज विपणन समिति) के चेयरमैन रोशन ठाकुर ने बागवानों से अपील की है कि वे अधपक्के सेब मंडी में न लाएं। उनका कहना है कि अधपक्की फसल की बिक्री से न केवल बागवानों को खुद नुकसान उठाना पड़ता है, बल्कि इससे मंडी की साख पर भी बुरा असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस बार सेब सीजन की शुरुआत शानदार रही है और कीमतें भी संतोषजनक थीं, लेकिन कुछ लोग जल्दबाजी में अधपक्के सेब भेज रहे हैं। इससे व्यापारियों का भरोसा टूट रहा है। सेब मंडियों में इस समय गिरते दामों से भले ही बागवान चिंतित हैं, लेकिन फेस्टिवल सीजन और ऊंचाई वाले क्षेत्रों से सीमित माल आने की स्थिति में दामों में सुधार की उम्मीद अब भी बाकी है। जरूरत है कि बागवान संयम बरतें और गुणवत्ता को प्राथमिकता दें।

# अदालत से उद्घोषित भगोड़ा अपराधी पंचकूला से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पुलिस थाना धर्मपुर में गठित पीओ सैल की टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है।

वर्षों से फरार चल रहे अदालत द्वारा उद्घोषित भगोड़े अपराधी राकेश कुमार पुत्र रोशन लाल निवासी रोपड़ रोड, नालागढ़, जिला सोलन (उम्र 55 वर्ष) को पंचकूला के माजरी चौक से गिरफ्तार किया गया है। एसपी सोलन ने बताया कि राकेश कुमार पर पुलिस थाना धर्मपुर में अभियोग संख्या 138/2025, दिनांक 08-08-2025 को धारा 209, 269 आईपीसी के तहत मामला दर्ज था। इससे पहले, आरोपी के खिलाफ एक सड़क दुर्घटना से संबंधित मामला भी दर्ज किया गया था। यह घटना 14 फरवरी, 2017 को घटी थी, जब चंडीगढ़ निवासी पंकज शर्मा ने रिपोर्ट दी थी कि वह अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल पर कसौली घूमने के बाद वापसी कर रहे थे। इस दौरान सनवारा के पास एक तेज रफ्तार टैक्सी ने उनकी बाइक को

#### सड़क हादसे के आरोप में भगोड़ा था घोषित

गलत दिशा में चलाकर टक्कर मार दी, जिससे दोनों को गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने मामला संख्या 20/2017, दिनांक 14-02-2017, धारा 279, 337, 338 आईपीसी के तहत दर्ज किया था। जांच में राकेश को आरोपी पाया गया था, जिसे गिरफ्तार कर बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया था। पुलिस द्वारा पर्याप्त साक्ष्य जुटाकर उसके खिलाफ आरोप पत्र तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था, लेकिन ट्रायल के दौरान आरोपी बार-बार अदालत में पेश नहीं हुआ, जिसके चलते माननीय न्यायालय ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया। आरोपी लगातार अपने ठिकाने बदलकर गिरफ्तारी से बचता रहा। पीओ सैल की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आखिरकार उसे पंचकूला से दबोच लिया। मामले में जांच जारी है।

# नैनीधार के दो नशा तस्करों की संपत्ति फ्रीज : एसपी

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला सिरमौर पुलिस द्वारा नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हाथ लगी है। शिलाई ब्लॉक के नैनीधार निवासी दो नशा तस्करों-बेसु राम और दीप राम की लगभग 52.72 लाख रुपए की अवैध चल-अचल संपत्ति फ्रीज कर दी गई है। एसपी एनएस नेगी ने बताया कि यह कार्रवाई केंद्रीय स्वीकृति प्राप्त करने के उपरांत की गई। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बेसु राम को जामली रेन शेल्टर शिलाई के पास से 2 किलो 105 ग्राम चरस व 39,700 की नकदी सहित पकड़ा था। आरोपी के खिलाफ 7 अप्रैल 2025 को एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। पूछताछ के दौरान बेसु राम ने कबूला कि उसने यह चरस दीप राम से खरीदी थी, जिसे 12 अप्रैल, 2025 को हिरासत में ले लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष अन्वेषण टीम गठित कर वित्तीय जांच की गई। जांच के बाद दोनों आरोपियों व उनके सहयोगियों की संपत्तियों की जानकारी न्यायनिर्णायक प्राधिकारी, नई दिल्ली को भेजी गई, जहां से फ्रीज करने की अनुमति प्राप्त हुई। एसपी ने बताया कि इससे पहले भी जिला सिरमौर पुलिस तीन अन्य मामलों में लगभग 2.20 करोड़ रुपए की अवैध संपत्ति सीज कर चुकी है, अब तक कुल 2.72 करोड़ रुपए से अधिक की अवैध संपत्ति जब्त की जा चुकी है। एसपी नेगी ने स्पष्ट किया कि सिरमौर पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ सख्त रुख अपनाए हुए है और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाइयां जारी रहेंगी।

## भोलेनाथ की महिमा का रसपान किया

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** श्री विश्वकर्मा मंदिर पांवटा साहिब में चल रही शिव महापुराण कथा का आध्यात्मिक वातावरण में समापन हुआ। पिछले एक माह से चल रही इस कथा में नगर के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भगवान भोलेनाथ की महिमा का रसपान किया। यह पावन कथा पंडित कविंद्र उनियाल के श्रीमुख से संपन्न हुई। इनके ओजस्वी प्रवचनों ने भक्तों को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। समापन दिवस पर प्रातः 10:30 बजे वैदिक विधि-विधान से हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर शांति और कल्याण की कामना की। इसके उपरांत भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। इससे वातावरण शिवमय हो उठा। कार्यक्रम के अंत में भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें आसपास के क्षेत्रों से आए हुए भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को 26 .53 करोड़ रुपए आवंटित





अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए चलाई जा रही योजनाओं की समीक्ष करते हुए।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा उपाध्यक्ष व अध्यक्ष जिला कल्याण समिति सिरमौर विनय कुमार ने अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक व विशेष रूप से सक्षम का सशक्तिकरण विभाग द्वारा जिला सिरमौर में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक समुदाय के लाभार्थियों, दिव्यागजनों, एकल नारियों विधवाओं, कुष्ठ रोगियों व वृद्धजनों के कल्याणार्थ चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की। यह बैठक विधायक पांवटा साहिब सुखराम चौधरी, विधायक पच्छाद रीना कश्यप, डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में अवगत करवाया गया कि वर्ष 2025-26 में विभाग द्वारा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के लिए अब तक लगभग 26 करोड़ 53 लाख, 30 हजार रुपए की राशि आवंटित की गई है।

## रेडक्रॉस क्लब की तेज होंगी गतिविधियां

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश रेडक्रॉस तथा जिला रेडक्रॉस शाखा सोलन के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय महाविद्यालय जयनगर में युवा रेडक्रॉस क्लब की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयनगर कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अंजना सूद ने की। अंजना सूद ने कहा कि युवा रेडक्रॉस क्लब का उद्देश्य युवाओं को विभिन्न मानवीय गतिविधियों में शामिल कर समाज की सेवा में भागीदार बनाना है। उन्होंने कहा कि युवा रेडक्रॉस क्लब के माध्यम से युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी के स्टेट पैटर्न लेखराज कौशिक तथा राज्य समन्वयक वीरेंद्र सिंह बिष्ट ने छात्रों को प्राथमिक चिकित्सा, स्वास्थ्य व सामाजिक सेवा से संबंधित जानकारी प्रदान की।

## आईटीआई नाहन में 12 तक बढ़ी प्रवेश की तिथि

**अनंत ज्ञान, नाहन।** आईटीआई नाहन के प्रधानाचार्य अशरफ अली ने बताया कि निदेशक तकनीकी शिक्षा हिमाचल प्रदेश से प्राप्त दिशा-निर्देशों के तहत द्वितीय काउंसलिंग में चयनित हुए छात्रों को प्रवेश के लिए दाखिला लेने की तिथि को अब 8 अगस्त से बढ़ाकर 12 अगस्त कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि चयनित हुए छात्र 12 अगस्त सायं 5 बजे तक अपना दाखिला करवा लें तथा वे अपने साथ दसवीं का प्रमाणपत्र, हिमाचली, चरित्र प्रमाण पत्र व मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र भी लेकर आएं। उन्होंने बताया कि जिन छात्रों का अब तक चयन नहीं हुआ है तथा जिन्होंने दाखिले के लिए आवेदन भी नहीं किया है, उनके के लिए स्पॉट राउंड 18 अगस्त से आरंभ हो रहा है, ऐसे अभ्यर्थी दाखिला लेने के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिन्हें स्पॉट राउंड में खाली बची सीटों के लिए स्वीकृति दी जाएगी।

# कालाअंब-पांवटा राष्ट्रीय राजमार्ग को किया जाए फोर लेन: विशाल

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सड़क सुरक्षा क्लब के पूर्व अध्यक्ष विशाल तोमर ने कहा कि यह एक अत्यंत दु:खद और चिंताजनक स्थिति है कि कालाअंब -पांवटा साहिब राष्ट्रीय राजमार्ग पर हर दिन सड़क दुर्घटनाएं पेश आ रही हैं।

उन्होंने कहा कि ये वही हादसे हैं, जिनके बारे में अक्सर कहा जाता है कि सरकार किसी बड़े हादसे के बाद ही जागेगी, लेकिन इस मामले में तो हर दिन कोई न कोई परिवार अपने भाई, बहन, पति, पत्नी या बच्चे को खो रहा है और फिर भी संबंधित विभाग और अधिकारी पूरी तरह से मौन हैं। तोमर ने कहा कि पिछले एक वर्ष से हमें सुनने को मिल रहा है कि यह सड़क चार लेन की जाएगी, लेकिन आज तक न कोई कार्य शुरू हुआ है और न ही कोई ठोस पहल सामने आई है। इस दौरान, राजमार्ग पर ट्रैफिक में लगातार वृद्धि हो रही है, लेकिन सड़क आज भी उतनी ही संकरी और खतरनाक बनी हुई है। खजुरना पुल, जो कि इस मार्ग का अहम हिस्सा है, उसकी हालत और भी खराब है। कुछ दिनों पहले यह आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त भी हो गया था, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई है।

उन्होंने मांग उठाई कि अब समय आ गया है कि प्रशासन इस मामले को गंभीरता से ले। उन्होंने कहा कि हम और अधिक परिवारों को उनके परिजनों को खोते नहीं देख सकते। यह केवल एक सड़क नहीं, सैकड़ों परिवारों की सुरक्षा और जीवन का सवाल है। उन्होंने प्रशासन व सरकार से अपील की है कि इस चार लेन प्रोजेक्ट को अविलंब शुरू किया जाए, ताकि आने वाले समय में कोई और हादसा न हो और किसी और परिवार को अपनों को खोने का दर्द न सहना पड़े।

# मतदान केंद्रों की सूचियों के प्रारूप तैयार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भारत के निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सोलन जिले के 50-अर्की, 51-नालागढ़, 52-दून, 53-सोलन तथा 54-कसौली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदान केंद्रों की सूचियां तैयार कर ली गई है।

यह सूचियां लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 25 के प्रावधानुसार प्रारुप के तहत तैयार की गई है। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी व डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने दी। मनमोहन शर्मा ने कहा कि मतदान केंद्रों की सूची की एक प्रति जिला निर्वाचन अधिकारी व डीसी कार्यालय सोलन तथा निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी अर्की, नालागढ़, बद्दी, सोलन तथा कसौली के कार्यालयों में 13 अगस्त तक कार्यालय समय के दौरान जनसाधरण के निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों की सूचियों के संबंध में कोई आपत्ति, सुझाव, प्रस्तावना जिला निर्वाचन अधिकारी व डीसी कार्यालय सोलन या संबंधित निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी व उपमंडलाधिकारी के कार्यालय में 13 अगस्त तक प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

## मतदान केंद्रों की स्थापना व समायोजन संबंधी आपत्ति और सुझाव मांगे

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला निर्वाचन अधिकारी व डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने जानकारी दी कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सिरमौर जिले के सभी पांचों विधानसभा क्षेत्र इसमें 55-पच्छाद, 56-नाहन, 57-श्री रेणुका जी, 58-पांवटा साहिब तथा 59-शिलाई, जो कि 4-शिमला, संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में भी शामिल है। इन सभी निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान केंद्रों की प्रारुप सूचियां तैयार कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों की प्रारुप सूचियां जनसाधारण के निरीक्षण के लिए 7 अगस्त से 13 अगस्त तक डीसी कार्यालय, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व उपमंडलाधिकारी पच्छाद के सराहां कार्यालय, नाहन, संगड़ाह, पांवटा साहिब व शिलाई तथा जिला की सभी तहसीलों/उप-तहसीलों में उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि यदि जन साधारण को इन प्रस्तावित मतदान केंद्रों की सूचियों की स्थापना तथा समायोजन के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति अथवा सुझाव हो तो वह 13 अगस्त तक अपने सुझाव व आपत्तियां डीसी कार्यालय अथवा संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व उपमंडलाधिकारी को प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जनसाधारण से प्राप्त आपत्तियों व सुझावों का निपटारा जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा 18 अगस्त तक किया जाएगा।

**आयोजन** पेंशनर कल्याण संघ सायरी के 20वें स्थापना दिवस पर डॉ. शांडिल ने किया संबोधित

# वरिष्ठ नागरिकों का अनुभव समाज के लिए अमूल्य

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य व परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय व अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों का अनुभव समाज के लिए अमूल्य है और सेवानिवृत्त अपने अनुभवों से सीखे हुए ज्ञान को युवाओं के साथ साझा कर युवा पीढ़ी का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।

डॉ. शांडिल सोलन जिले की ग्राम पंचायत सायरी में पेंशनर कल्याण संघ सायरी के 20वें स्थापना दिवस के अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। डॉ. शांडिल ने कहा कि एक अनुभवी व्यक्ति का मार्गदर्शन सभी के लिए उपयोगी है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों का जीवन भर का अर्जित ज्ञान अनेक मुश्किल परिस्थितियों में सही रास्ता चुनने में सहायता करता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में सेवानिवृत्त कर्मचारियों व वरिष्ठ नागरिकों का अहम योगदान है और प्रदेश सरकार सभी वरिष्ठ नागरिकों व सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सदैव ऋणी रहेगी। उन्होंने कहा कि हमारे वरिष्ठ नागरिकों व सेवानिवृत्त कर्मियों ने अपने जीवन का बहुमूल्य समय प्रदेश के विकास में लगाया है।



पेंशनर कल्याण संघ सायरी के 20वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम में नाटी डालते स्वास्थ्य मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल व अन्य।

डॉ. शांडिल ने सेवानिवृत्त कर्मियों व वरिष्ठ नागरिकों से आग्रह किया कि युवा पीढ़ी को समय-समय पर नशे जैसी बुराई के प्रति जागरूक करें, ताकि वह नशे से बचे रहे। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में अंशदान करने तथा पर्यावरण के संरक्षण के लिए पौधारोपण करने का आग्रह किया। उन्होंने पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने पेंशनर व वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ को अपनी ऐच्छिक निधि से 51 हजार रुपए देने की घोषणा की। डॉ. शांडिल ने इस अवसर पर जन समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को इनके निपटारे के निर्देश दिए। इस अवसर पर सूचना व जनसंपर्क विभाग के कलाकारों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। जिला सोलन पेंशनर कल्याण संघ के प्रधान केडी शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जबकि अखिल भारतीय अर्धसैनिक बल सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के प्रधान बीके शर्मा कार्यक्रम में विशेषातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# वामन भगवान की पालकी को शोभायात्रा में किया जाएगा शामिल

**अनंत ज्ञान, सराहां**

उपमंडल पच्छाद मुख्यालय सराहां में आगामी 4 से 6 सितंबर को आयोजित होने जा रहे राज्य स्तरीय वामन द्वादशी मेले को लेकर दूसरी महत्वपूर्ण बैठक एसडीएम डॉ. प्रियंका चंद्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें मेले को भव्य व सुनियोजित रूप देने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

एसडीएम ने बैठक में कहा कि इस बार वामन द्वादशी मेला सिर्फ धार्मिक आस्था का नहीं, बल्कि सांस्कृतिक समृद्धि, जनभागीदारी और स्थानीय विकास का भी प्रतीक बनेगा। बैठक में सबसे प्रमुख चर्चा इस बात पर हुई कि यह मेला वामन भगवान के नाम पर होता है इसलिए इस वर्ष विशेष रूप से वामन भगवान की पालकी को भी शोभायात्रा में शामिल किया जाएगा। आपको बता दें कि अब तक राम भगवान और शिरगुल देवता की पालकियां ही शोभायात्रा में निकली थी, लेकिन इस बार वामन भगवान की तीसरी पालकी के रूप में विधिवत रूप से जोड़े जाने पर स्थानीय जनता ने सहमति जताई। बैठक में सफाई और शौचालयों की कमी पर गहरी चिंता जताई गई। मेला ग्राउंड के आसपास शौचालयों की संख्या बेहद कम है और जो है वह भी खस्ता हालत में हैं। एसडीएम ने इस संबंध में स्थानीय पंचायत और बीडीओ पच्छाद को विशेष इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। डॉ. प्रियंका चंद्रा ने इस बार एक अनूठी पहल शुरू करते हुए मेरी दुकान, मेरी पहचान, मेरा अभिमान को शुरू किया जाएगा। इसमें सबसे सुंदर रूप से सजी दुकान को सम्मानित किया जाएगा, जिससे व्यापारियों में सजावट को लेकर उत्साह बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि शोभायात्रा पर फूलों की वर्षा भी की जाएगी। मेले का मुख्य आकर्षण दंगल को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस वर्ष बड़ी माली रखी जाएगी और महिला कुश्ती दंगल का आयोजन भी किया जाएगा। इसके अलावा मेडिकल सुविधा, बस व्यवस्था, सांस्कृतिक संध्या, खेलकूद प्रतियोगिताएं, मंदिरों की सजावट व रंगरोगन सहित तमाम अन्य तैयारियों पर भी गहन विचार-विमर्श हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### गोहाना के विकास में नहीं होगी कोई कोताही: अरविंद

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** प्रदेश के सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि गोहाना का विकास ही सभी जनप्रतिनिधियों का साझा संकल्प होना चाहिए। शुक्रवार को नगर परिषद परिसर गोहाना में अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डॉ. शर्मा ने निर्देश दिए कि सभी पार्षदों से प्राथमिकता के आधार पर अपने वार्डों के तीन-तीन कार्यों की सूची लेकर एस्टीमेट तैयार कर नगर निकाय मंत्री को भेजी जाए, ताकि बजट का प्रावधान हो सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में गोहाना के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। बैठक के दौरान उनकी पत्नी डॉ. रीटा शर्मा को छात्राओं ने राखी भी बांधी। डॉ. शर्मा ने नगर परिषद की मासिक बैठकें सुनिश्चित करने और जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान पर बल दिया।

### चुनाव आयोग का कार्य लोकतंत्र की रक्षा करना : लक्की

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भारत के चुनाव आयोग के लगातार पक्षपातपूर्ण रवैये पर गहरी चिंता और कड़ी निंदा व्यक्त की है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा किए गए हालिया खुलासों के बाद चुनाव आयोग की निष्पक्षता पूरी तरह से संदेह के घेरे में आ गई है। राहुल गांधी ने दस्तावेजी सबूतों के साथ एक विस्तृत खुलासा करते हुए यह बताया कि 2024 के आम चुनावों के दौरान चुनाव आयोग ने निष्पक्ष आचरण नहीं किया और इस प्रकार स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनावों के मूलभूत सिद्धांतों को ठेस पहुंचाई। उनके द्वारा प्रस्तुत तथ्यों ने इस संवैधानिक संस्था की स्वायत्तता और तटस्थता पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एचएस लक्की ने कहा, 'चुनाव आयोग का कार्य लोकतंत्र की रक्षा करना है, न कि सत्तारूढ़ सरकार का उपकरण बनना। राहुल गांधी द्वारा सामने लाए गए चौंकाने वाले खुलासों ने देश की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। खुलेआम उल्लंघनों, पक्षपातपूर्ण निर्णयों और विपक्ष की आवाज को दबाने पर आयोग की चुप्पी और निष्क्रियता अब पूरी तरह उजागर हो चुकी है।' उन्होंने आगे कहा, 'अब चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता ही सवालों के घेरे में है। चुनाव आयोग की मिलीभगत–चाहे वह चूक के रूप में हो या जानबूझकर–ने जनविश्वास को गहराई से चोट पहुंचाई है।

### एमसीएम ने सामुदायिक अभियानों के साथ वन महोत्सव मनाया




**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप वन महोत्सव के अंतर्गत और 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' पहल तथा भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के 'विकसित भारत युवा कनेक्ट' कार्यक्रम के तहत, मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय ने अंगीकृत गांव बधेरी और बुटेरला में दो वृक्षारोपण अभियानों का आयोजन किया। एनएसएस इकाइयों, यूबीए सेल और इको-क्लब परिवेश ने वन एवं वन्यजीव विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन, मिशन लाइफ और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सहयोग से चंडीगढ़ के सेक्टर 41-डी स्थित गांव बधेरी में वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया। इस अवसर पर गांव बधेरी के पार्षद हरदीप सिंह बुटेरला ने स्थानीय निवासियों और स्वयंसेवकों के साथ मिलकर सामुदायिक पार्कों में टेकोमा, कनेर, गुलाब, चंपा और रात रानी सहित 100 विभिन्न पेड़-पौधों के पौधे लगाए। इसके समानांतर, वनस्पति विज्ञान विभाग ने यूबीए सेल के सहयोग से गांव बुटेरला में एक और पौधरोपण अभियान आयोजित किया, जिसमें गुड़हल, चांदनी, रात रानी और कनेर जैसे कुल 150 पौधे विभिन्न स्थलों पर लगाए गए। इस अभियान की शुरुआत गांव बुटेरला के पार्षद एवं चंडीगढ़ के पूर्व उप मेयर हरदीप सिंह बुटेरला द्वारा पौधा लगाकर की गई।

# सीएम सैनी ने तंजानिया में उद्योग विस्तार के इच्छुक निवेशकों को दिया सहयोग का भरोसा

## तंजानिया के साथ दो समझौता ज्ञापनों पर हुए हस्ताक्षर

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार तंजानिया में अपने उद्योगों का विस्तार करने के इच्छुक हरियाणा के निवेशकों को हर संभव समर्थन और सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय साझेदारी को बढ़ावा देने और 'ट्रांसफॉर्मिंग हरियाणा थ्र गो ग्लोबल अप्रोच' को साकार करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने विदेश सहयोग विभाग का गठन किया है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को यहां 49वें दार-ए-सलाम अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले से लौटे उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ डीब्रीफिंग सत्र की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने उद्योगपतियों से तंजानिया में उद्योग स्थापित करने के अवसरों की पहचान करने का आग्रह किया और आश्वासन दिया कि राज्य सरकार उनके प्रयासों को संबंधित विभागों के माध्यम से पूरा सहयोग देगी।

इस प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी, उद्यमी, निर्यातक



और व्यापारी शामिल थे। दौरे के दौरान हरियाणा प्रतिनिधिमंडल और तंजानिया सरकार के प्रतिनिधियों के बीच आयात-निर्यात, कृषि उपकरण, आईटी, खनन, चिकित्सा, प्लाईवुड जैसे क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों पर विस्तृत बातचीत हुई। हरियाणा विदेश सहयोग विभाग के सलाहकार पवन चौधरी ने बताया कि मेले में 'हरियाणा पवेलियन' की स्थापना की गई, जहां राज्य की प्रगतिशील नीतियों और निवेश अवसरों को प्रदर्शित किया गया। इस दौरान दो महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। लुवास विश्वविद्यालय, हरियाणा और सोकोइन कृषि विश्वविद्यालय, तंजानिया के बीच और हारट्रोन और जंजीबार के सूचना, युवा, संस्कृति एवं खेल मंत्रालय के बीच।

इसके अतिरिक्त, हरियाणा के दो निजी निवेशकों ग्रीन इम्पेक्स लिमिटेड (प्लाईवुड क्षेत्र) और जय दादा दोहला ग्रुप कंपनी लिमिटेड (खनन क्षेत्र) ने तंजानिया में अपनी कंपनियों का पंजीकरण कराया। प्रतिनिधिमंडल ने 13 बैठकें और 4 क्षेत्रीय दौरे भी किए। दौरे के दौरान निवेशकों ने सरकार के सहयोग के लिए आभार जताया और कृषि, घरेलू उपकरण, शिक्षा, पैकेजिंग और अन्य क्षेत्रों में निवेश प्रस्ताव मुख्यमंत्री को सौंपे।

# चंडीगढ़ में 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' अभियान की शुरुआत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




स्वच्छता और देशभक्ति को एक साथ जोड़ते हुए चंडीगढ़ नगर निगम ने आज 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' अभियान की भव्य शुरुआत की। इस पहल का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के मौके पर नागरिकों को स्वच्छता और राष्ट्रीय गर्व के प्रति जागरूक करना है।

नगर निगम की मेयर हरप्रीत कौर बबला ने अभियान के पोस्टर का अनावरण कर 8 अगस्त से 15 अगस्त तक चलने वाले सप्ताहभर के कार्यक्रमों का औपचारिक शुभारंभ किया। अभियान के अंतर्गत तिरंगा मेला, तिरंगा कॉन्सर्ट, पर्यावरण के अनुकूल तिरंगों को बढ़ावा देने की पहल और विभिन्न सांस्कृतिक एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान स्कूलों, सार्वजनिक स्थलों और पर्यटन केंद्रों को तिरंगा थीम पर रंगोली, कला और स्वच्छता अभियानों से सजाया जाएगा, जिससे युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ-साथ स्वच्छता के प्रति भी जिम्मेदारी जागेगी।

मेयर बबला ने इस अवसर पर नागरिकों से अपील की कि वे इस स्वतंत्रता दिवस पर कचरा स्रोत पर ही अलग करने की शपथ लें और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

ईको-फ्रेंडली तिरंगा पहल के अंतर्गत लोगों से आग्रह किया गया है कि वे प्लास्टिक झंडों के स्थान पर कपड़े या पुनः उपयोग में आने वाली सामग्री से बने झंडों का प्रयोग करें। स्थानीय उद्यमियों को मंच देने हेतु तिरंगा मेला 'वोकल फॉर लोकल' को भी प्रोत्साहित करेगा। पूरे शहर में जन-जागरूकता के लिए घर-घर संपर्क, कचरा पृथक्करण की शिक्षा और कपड़े के थैलों के उपयोग को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

## चंडीगढ़ में नगर निगम ने बच्चों को दिया स्वच्छता का संदेश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



नगर निगम चंडीगढ़ ने शुक्रवार को सेक्टर 11 की ग्रीन बेल्ट में स्वच्छता अभियान चलाया। यह अभियान ओंकार चैरिटेबल फाउंडेशन और डॉन बोस्को नवजीवन सोसाइटी के सहयोग से आयोजित किया गया। 'स्वच्छ युवा दूत-ए ब्रिगेड फॉर क्लीनलीनेस' के तहत लगभग 50 बच्चों ने पार्क और ग्रीन बेल्ट की सफाई की और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

बच्चों ने न केवल गंदगी समेटकर उसे निगम की गार्बेज कलेक्शन व्हीकल में डाला, बल्कि पार्क में घूम रहे नागरिकों को अपने आसपास सफाई बनाए रखने का संदेश भी दिया।

इस अवसर पर एरिया पार्षद सचिन गालव, ओंकार फाउंडेशन के चेयरमैन रविंदर सिंह बिल्ला, फादर रेजी टॉम और निगम अधिकारियों ने भी भाग लिया। पार्षद गालव ने कहा कि हमें इन बच्चों से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने शहर को घर जैसा साफ रखना चाहिए।

## चुनाव आयोग पर लगाए आरोप राजनीतिक से प्रेरित : रवि रावत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ के मीडिया प्रभारी रवि रावत ने राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए हालिया आरोपों को बेबुनियाद, भ्रामक और पूरी तरह से राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित बताया है। उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी संवैधानिक संस्थाओं में से एक, चुनाव आयोग, को बार-बार निशाने पर लेकर कांग्रेस



यह साबित कर रही है कि वह न तो लोकतंत्र की मूल भावना में विश्वास रखती है और न ही देश की संस्थाओं की गरिमा का सम्मान करती है। रवि रावत ने कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव देश के इतिहास के सबसे निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण चुनावों में से एक रहे हैं। इसमें करोड़ों मतदाताओं ने पूरी स्वतंत्रता के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया और चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता की पुष्टि देश ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के चुनाव पर्यवेक्षकों ने भी की है। इसके बावजूद कांग्रेस पार्टी, विशेषकर राहुल गांधी द्वारा यह दावा करना कि चुनाव आयोग ने भाजपा को लाभ पहुंचाया है, पूरी तरह से लोकतंत्र का अपमान है।

## धराली आपदा: तीसरे दिन भी आपदा प्रभावित क्षेत्र में डटे मुख्यमंत्री धामी

**अनंत ज्ञान, देहरादून**



उत्तराखंड के धराली क्षेत्र में हाल ही में आई आपदा के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार राहत और बचाव कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन सीएम धामी ने आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर सर्च एवं रेस्क्यू अभियान का स्थलीय निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया।

सरकार के प्रयासों से शुक्रवार को क्षेत्र में बिजली और संचार नेटवर्क बहाल कर दिए गए हैं, जिससे लोगों को काफी राहत मिली है। सीएम धामी ने बताया कि सड़क, पानी और अन्य बुनियादी सेवाएं बहाल करने का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने डीएम को क्षतिग्रस्त संपत्तियों और फसलों के नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए।

इस दौरान ग्रामीणों ने धराली के पुनर्निर्माण को केदारनाथ धाम की तर्ज पर करने की मांग रखी, जिस पर मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि सरकार हरसंभव सहायता करेगी। अभी तक 600 से अधिक यात्रियों को एयर लिफ्ट कर सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। धराली और हर्षिल में सामुदायिक रसोई चलाई जा रही हैं। हर्षिल, गंगोत्री और झाला में फंसे यात्रियों को हेलिकॉप्टर से मातली भेजा जा रहा है।

## देश-विदेश

# चीन के साथ नाथू ला समेत तीनों मार्गों से व्यापार करने की बात कर रहा भारत

## राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने राज्यसभा में दी जानकारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



राज्यसभा सांसद दोरजी शेरिंग लेप्चा ने नाथू ला सीमा से व्यापार फिर से शुरू करने के बारे में सवाल पूछा। इस पर विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लिखित जवाब दिया। उन्होंने कहा कि भारत और चीन के बीच सीमा व्यापार करने के लिए तीन तय रास्ते हैं। सिक्किम में नाथू ला दर्रा (जुलाई 2006 से) उत्तराखंड में लिपुलेख दर्रा (साल 1992 से) और हिमाचल प्रदेश में शिपकी ला दर्रा (साल 1995 से)। साल 2020 में कोविड-19 महामारी के समय इन तीनों रास्तों से होने वाला व्यापार बंद हो गया था। तबसे अब तक यह व्यापार दोबारा शुरू नहीं हुआ है।

**कोविड महामारी में बंद हो गया था इन रास्तों से होने वाला व्यापार**

भारत सरकार चीन से बातचीत कर रही है, ताकि इन तीनों रास्तों से फिर से सीमा व्यापार शुरू किया जा सके। वहीं, बांग्लादेश के लालमोनिरहाट के एक एयरबेस को लेकर लोकसभा में पूछे सवाल कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा है कि भारत ने इस विषय पर बांग्लादेश की हालिया प्रेस ब्रीफिंग का संज्ञान लिया है। 26 मई को बांग्लादेश सेना के सैन्य संचालन निदेशक ने कहा था कि लालमोनिरहाट एयरबेस को सैन्य उद्देश्यों के लिए उपयोग में लाने की कोई योजना नहीं है। (अनंत ज्ञान)

## अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति पर रखा 50 करोड़ डॉलर का इनाम

**एजेंसी, काराकास।** अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरो की गिरफ्तारी पर 5 करोड़ डॉलर यानी 418 करोड़ इनाम रखा है। ट्रंप प्रशासन ने आरोप लगाया है कि मदुरो दुनिया के सबसे बड़े नार्को तस्करों में से एक हैं। मुदरो पर आरोप है कि वे ड्रग कार्टेल के साथ मिलकर अमेरिका में फेंटानिल मिला कोकीन भेज रहे हैं। अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी ने इनाम की घोषणा करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में मदुरो न्याय से नहीं बच पाएंगे और उन्हें अपने अपराधों के लिए जवाब देना होगा। न्याय विभाग ने मदुरो से जुड़े 70 करोड़ डॉलर से अधिक की संपत्ति जब्त की है। मदुरो पर 2020 में मैनहैटन की संघीय अदालत में नार्को-टेररिज्म और कोकीन तस्करी की साजिश के आरोप तय किए गए थे। उस समय ट्रंप प्रशासन ने उनकी गिरफ्तारी पर 1.5 करोड़ डॉलर का इनाम रखा था। (अनंत ज्ञान)

## सोना 1,01,406 रुपए प्रति 10 ग्राम के ऑलटाइम हाई पर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोना 8 अगस्त को ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 24 कैरेट सोना का दाम 703 रुपए बढ़कर 1,01,406 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। इससे पहले वीरवार को सोना 1,00,703 रुपए पर था। वहीं, चांदी की कीमत 357 रुपए घटकर 1,14,893 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,15,250 रुपए पर थी। 23 जुलाई को चांदी ने 1,15,850 रुपए ऑल टाइम हाई बनाया था। इस साल सोना 1 लाख 4 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। (अनंत ज्ञान)



# गाजा सिटी पर कब्जा करेगा इसराइल

## सुरक्षा कैबिनेट ने कब्जे के लिए इसराइली सेना को दी मंजूरी

**एजेंसी, तेल अवीव**



इसराइल की सुरक्षा कैबिनेट ने शुक्रवार को गाजा पट्टी के उत्तरी इलाके में मौजूद गाजा सिटी पर कब्जे के लिए इसराइली सेना को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने बयान जारी कर इसकी पुष्टि की है। फैसले के लिए कैबिनेट ने 10 घंटे तक चर्चा की है। बैठक करीब 10 घंटे चली और उसके बाद नेतन्याहू के कार्यालय से सुबह-सुबह एक बयान जारी किया गया, जिसमें कहा गया कि कैबिनेट के ज्यादातर सदस्य इस योजना के पक्ष में थे। इस योजना का मकसद गाजा शहर में उन इलाकों में घुसना है जहां हमास के कब्जे में अभी भी कई बंधक होने की आशंका है। ये वे इलाके हैं, जहां अब तक इसराइली सेना ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई नहीं की है।

**75 प्रतिशत गाजा पट्टी पर पहले से इसराइली सेना का है कब्जा**

इसराइली सेना का कहना है कि गाजा के लगभग 75 प्रतिशत हिस्से पर उसका नियंत्रण है। गाजा पट्टी उस 25 प्रतिशत इलाके में है, जो कि इसराइली सेना के कब्जे में नहीं हैं। (अनंत ज्ञान)

### गाजा युद्ध के कारण जर्मनी ने इसराइल को हथियार सप्लाई करने पर लगाई रोक

**एजेंसी, बर्लिन।** जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मत्ज ने शुक्रवार को ऐलान किया है कि जर्मनी अगले आदेश तक इसराइल को गाजा जंग में इस्तेमाल होने वाले हथियारों की सप्लाई नहीं करेगा। इसराइल पर जंग के दौरान गाजा में निर्दोष लोगों को मारने के कई आरोप लगे हैं। इस वजह से जर्मनी ने अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के मद्देनजर यह कदम उठाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब तक गाजा जंग में 60 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। वहीं, दूसरी तरफ इसराइल की सुरक्षा कैबिनेट ने शुक्रवार को गाजा पट्टी के उत्तरी इलाके में मौजूद गाजा सिटी पर कब्जे के लिए इजराइली सेना को मंजूरी दे दी है।

### गाजा में सैन्य कार्रवाई बढ़ाना गलत: स्टार्मर



**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टार्मर ने गाजा सिटी पर कब्जे के फैसले को गलत बताया है। साथ ही उन्होंने तुरंत इस पर दोबारा विचार करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस कदम से न तो युद्ध खत्म होगा, न ही बंधकों की रिहाई में मदद मिलेगी। इससे सिर्फ और खून-खराबा होगा। हर दिन गाजा में मानवीय संकट और गहरा रहा है। हमास की कैद में मौजूद बंधक अमानवीय हालात में हैं।

### समय पर खाली करूंगा सरकारी आवास : सीजेआई



**एजेंसी, नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बीआर गवई ने कहा कि नवंबर में रिटायरमेंट से पहले उपयुक्त (सूटेबल) घर मिलना मुश्किल है, लेकिन मैं नियमों के तहत तय समयसीमा में अपना सरकारी आवास खाली कर दूंगा। सीजेआई गवई ने ये बात जस्टिस सुधांशु धूलिया के विदाई कार्यक्रम में कही। गवई ने कहा, 'मैं जस्टिस धूलिया को सुप्रीम कोर्ट में आने के बाद से जानता हूं। वे बहुत ही गर्मजोश और न्यायपालिका को समर्पित व्यक्ति हैं। उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। धूलिया उन जजों में से एक होंगे जो रिटायरमेंट के बाद अपना सरकारी आवास तुरंत खाली कर देंगे।' चीफ जस्टिस गवई ने ये बातें पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ के सरकारी आवास खाली करने के 7 दिन बाद कही हैं। पूर्व चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ 10 नवंबर 2024 को रिटायर हुए थे, लेकिन उन्होंने 265 दिनों के बाद 1 अगस्त 2025 को सरकारी बंगला खाली किया। (अनंत ज्ञान)

### लॉरेंस गैंग ने कपिल शर्मा को फिर धमकाया



**एजेंसी, मुंबई।** कनाडा में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग की घटना के बाद लॉरेंस गैंग ने उन्हें फिर धमकाया है। लॉरेंस गैंग के हैरी बॉक्सर के नाम से एक ऑडियो सामने आया है, जिसमें कपिल शर्मा के साथ-साथ पूरी फिल्म इंडस्ट्री को चेतावनी दी गई है कि जो भी सलमान खान के साथ काम करेगा, उसे जान से मार दिया जाएगा। मुंबई का माहौल खराब कर देंगे। ऑडियो में कपिल के कैफे पर हुई फायरिंग का कारण बताते हुए कहा गया है कि उन्होंने द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 2 के पहले एपिसोड में सलमान खान को बुलाया था, जिसके चलते यह हमला किया गया। (अनंत ज्ञान)

### दुष्कर्म के दोषी ऑस्ट्रेलियाई सांसद का इस्तीफा



**एजेंसी, मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के एक सांसद ने शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया। सांसद को दो युवकों से दुष्कर्म का दोषी पाया गया है और फिलहाल वह जेल में बंद हैं। दोषी सांसद को पद से हटाने के लिए सदन में शुक्रवार को मतदान होना था, लेकिन मतदान से कुछ क्षण पहले ही सांसद ने खुद इस्तीफा दे दिया। न्यू साउथ वेल्स राज्य के निर्दलीय सांसद गैरेथ वार्ड को जुलाई में दो युवकों के खिलाफ यौन अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया था। हालांकि दोषी ठहराए जाने के बावजूद वार्ड ने अपनी सीट से इस्तीफा देने से इनकार कर दिया था। जब सांसद को पद से हटाने के लिए असेंबली में मतदान होना था तो वार्ड ने कानूनी दांवपेंच से इसे रोकने की कोशिश की, लेकिन कोशिश असफल रही तो वार्ड ने खुद ही इस्तीफा देने का फैसला किया। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 765 अंक टूटकर 79,858 पर बंद

## 50 शेयरों वाला निफ्टी 233 अंक गिरकर 24,363.30 पर पहुंचा

**एजेंसी, मुंबई**




भारतीय बाजार में शुक्रवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुआ। बेंचमार्क सूचकांक और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 765.47 अंक या 0.95 प्रतिशत गिरकर 79,857.79 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 232.85 अंक या 0.95 प्रतिशत गिरकर 24,363.30 पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 8 पैसे गिरकर 87.66 (अनंतिम) पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

### एशियाई बाजारों में मिलाजुला असर

**एशियाई** बाजारों में, जापान का निक्केई 225 सूचकांक सकारात्मक दायरे में बंद हुआ, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार अधिकतर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे।

### टैरिफ का गलत यूज हो रहा: चीन

**एजेंसी, बीजिंग।** टैरिफ के मुद्दे पर अमेरिकी मनमानी के खिलाफ भारत को चीन का साथ मिला है। चीन ने कहा कि अमेरिकी सरकार द्वारा टैरिफ का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है और हमारा इसके प्रति विरोध साफ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने के लिए भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने संबंधी कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं, जिसके बाद अमेरिका द्वारा भारत पर लगाया गया कुल टैरिफ बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है। जब इसे लेकर चीन से प्रतिक्रिया मांगी गई तो चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि टैरिफ के दुरुपयोग के प्रति चीन का विरोध सही और स्पष्ट है। (अनंत ज्ञान)

**आलोचना** अमेरिकी सांसद ग्रेगरी मिक्स ने भारत से संबंधों को लेकर दी हिदायत

# टैरिफ को लेकर अपने ही घर में घिरे डोनाल्ड ट्रंप

**एजेंसी, वॉशिंगटन**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए नए आयात शुल्क को लेकर अब अमेरिका में ही घिरते ही नजर आ रहे हैं। एक अमेरिकी सांसद ग्रेगरी मिक्स ने भारत पर बढ़ते टैरिफ को लेकर चिंता जताई है। साथ ही ट्रंप को भारत के साथ संबंधो पर हिदायत भी दी।

उन्होंने कहा है कि ट्रंप की यह टैरिफ तानाशाही वर्षों से तैयार की जा रही अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी को नुकसान पहुंचा सकती है। मिक्स अमेरिका की हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के डेमोक्रेटिक रैंकिंग मेंबर हैं।

दरअसल, ट्रंप प्रशासन ने हाल ही में भारत पर 25 प्रतिशत का नया शुल्क लगाया है, जो सात अगस्त से लागू हो गया है। इसके अलावा भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने को लेकर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क भी लगाया गया है, जो 21 दिन बाद यानी 27 अगस्त से प्रभावी होगा। इस तरह भारत पर कुल शुल्क 50 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जो अमेरिका की ओर से किसी भी देश पर लगाए गए सबसे अधिक टैरिफ में से एक है। (अनंत ज्ञान)

### सम्मानजनक तरीके से हो समाधान

**ग्रेगरी** मिक्स ने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच गहरे रणनीतिक, आर्थिक और सामाजिक संबंध हैं। ऐसे में किसी भी विवाद या चिंता का समाधान लोकतांत्रिक मूल्यों के तहत आपसी सम्मान के साथ किया जाना चाहिए। उन्होंने चेताया कि ट्रंप की यह कठोर नीति उन रिश्तों को नुकसान पहुंचा सकती है, जो वर्षों की मेहनत से बने हैं।

### ट्रंप-मोदी की दोस्ती पर भरोसा : मेसन

**भारतीय-अमेरिकी** उद्यमी और भू-राजनीतिक विश्लेषक अल मेसन ने कहा कि ट्रंप और मोदी के बीच संबंध सिर्फ औपचारिक नहीं हैं, बल्कि दोनों नेताओं के विचार और रणनीति एक जैसी हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक राजनीति के मंच पर ऐसे रिश्ते स्थायी होते हैं और असहमति के बावजूद टिके रहते हैं क्योंकि ये आपसी सम्मान और साझा उद्देश्यों पर आधारित होते हैं।


## स्पोर्ट्स विंडो

### बीसीसीआई ने खिलाड़ियों के सत्यापन के लिए आमंत्रित कीं निविदाएं

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने खिलाड़ियों के पंजीकरण की सत्यापन सेवाओं के लिए निविदाएं आमंत्रित की हैं और दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 22 अगस्त तय की है। बोर्ड ने मीडिया विज्ञप्ति में कहा, ''बीसीसीआई निविदा प्रक्रिया के माध्यम से खिलाड़ियों के पंजीकरण के लिए सत्यापन सेवाओं के प्रावधान सहित सेवाएं प्रदान करने के अधिकार और दायित्व हासिल करने के लिए प्रतिष्ठित संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित करता है।'' बीसीसीआई ने निविदा के लिए अनुरोध (आरएफपी) जारी किया है जिसमें इससे संबंधित विस्तृत नियम और शर्तें दी गई हैं। बोर्ड ने कहा, ''एक लाख रुपए की गैर-वापसी योग्य फीस और लागू वस्तु एवं सेवा कर का भुगतान प्राप्त होने पर आरएफपी उपलब्ध कराया जाएगा।'' (अनंत ज्ञान)

### क्रिस्टियानो रोनाल्डो की हैट्रिक से अल नास्र ने रियो आवे को 4-0 से हराया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पुर्तगाल के एस्टाडियो डो अल्गार्वे में खेले गए प्री-सीजन फ्रेंडली मैच में शुक्रवार (भारतीय समयानुसार) को क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हैट्रिक लगाकर अपनी टीम अल नास्र को रियो आवे के खिलाफ 4-0 की जोरदार जीत दिलाई।



मैच की शुरुआत में ही 15वें मिनट में मोहम्मद सिमाकान ने गोल कर अल नास्र को बढ़त दिलाई। हाफ टाइम से ठीक पहले रोनाल्डो ने नए साथी खिलाड़ी जोआओ फेलिक्स के साथ बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए गोल दागा और स्कोर 2-0 कर दिया। दूसरे हाफ में रियो आवे ने वापसी की कोशिश की, लेकिन डिफेंडर नेल्सन एबी की गलती से पेनल्टी मिल गई। रोनाल्डो ने यह मौका साथी खिलाड़ी सादियो माने को दिया, लेकिन माने गोल करने में नाकाम रहे। मात्र 16 सेकंड बाद रोनाल्डो ने हेडर से अपना दूसरा गोल कर दिया। एबी की परेशानी यहीं खत्म नहीं हुई और उन्होंने फेलिक्स को बॉक्स में फाउल कर एक और पेनल्टी दे दी। इस बार रोनाल्डो ने खुद जिम्मेदारी संभाली और सहजता से गोल कर हैट्रिक पूरी की। रोनाल्डो 2022 में मैनचेस्टर यूनाइटेड छोड़ने के बाद अल नास्र से जुड़े थे और तब से अब तक 105 मैचों में 93 गोल कर चुके हैं। हाल ही में क्लब के फीफा क्लब वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई न करने के बाद उनके भविष्य को लेकर अटकलें थीं, लेकिन उन्होंने दो साल के लिए करार बढ़ाकर सभी अफवाहों पर विराम लगा दिया। अल नास्र अब अपना अगला प्री-सीजन मैच 10 अगस्त को स्पेन की सेकेंड डिवीजन टीम यूडी अल्मेरिया के खिलाफ खेलेगा। (अनंत ज्ञान)

### अप्सरा ने कम नहीं है सफा बेग

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान की पत्नी का नाम सफा बेग है। सफा मूल रूप से गुजरात के बड़ौदा की रहने वाली है। वह अकसर अपनी खूबसूरती को लेकर चर्चाओं में रहती हैं।



# टीम इंडिया का अब वेस्टइंडीज-द. अफ्रीका से टेस्ट

## दोनों से 4 मैच, सभी जीते तो डब्ल्यूटीसी रैंकिंग में टीम इंडिया पहुंचेगी टॉप-2 पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत ने इंग्लैंड में 5 टेस्ट की सीरीज 2-2 से ड्रॉ खेलकर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) प्वॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर जगह बना ली। टीम के 28 प्वॉइंट्स हैं। भारत को अब इसी साल होमग्राउंड पर वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका से टेस्ट सीरीज खेलनी हैं। दोनों को जीतकर टीम टॉप-2 टीमों में जगह बना सकती है।

डब्ल्यूटीसी का नया साइकल भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज से ही शुरू हुआ। इस दौरान वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका ने बांग्लादेश से घरेलू मैदान पर सीरीज खेलीं। न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका की टीमें अब तक कोई सीरीज नहीं खेल सकीं। 3 टेस्ट जीत से 100 प्रतिशत प्वॉइंट्स लेकर ऑस्ट्रेलिया नंबर-1 पर है। वहीं, एक जीत और एक ड्रॉ से 67 प्रतिशत प्वॉइंट्स लेकर श्रीलंका दूसरे नंबर पर है। भारत तीसरे, इंग्लैंड चौथे, बांग्लादेश पांचवें और वेस्टइंडीज छठे नंबर पर हैं। बाकी 3 टीमों का खाता नहीं खुला। (अनंत ज्ञान)




फाइल फोटो

### सीरीज ड्रॉ तो भारत को इंग्लैंड से ज्यादा पॉइंट्स क्यों?

**एंडरसन**-तेंदुलकर ट्रॉफी में भारत और इंग्लैंड दोनों ने 2-2 टेस्ट जीते। वहीं, एक मुकाबला ड्रॉ रहा। एक जीत से 12 प्वॉइंट्स और एक ड्रॉ से 4 प्वॉइंट्स मिलते हैं, इसलिए दोनों टीमों को प्वॉइंट्स तो 28-28 ही मिले, लेकिन इंग्लैंड पर आईसीसी ने पेनल्टी भी लगा दी। तीसरे टेस्ट में स्लो ओवर रेट के कारण इंग्लैंड पर 2 प्वॉइंट्स की पेनल्टी लगे, जिस कारण उनके 26 प्वॉइंट्स हो गए और टीम चौथे नंबर पर खिसक गई।

### अगले साल न्यूजीलैंड और श्रीलंका से सीरीज

**2026** में टीम इंडिया को न्यूजीलैंड और श्रीलंका जाकर 2-2 टेस्ट की सीरीज खेलनी है। इनके नतीजों से तय होगा कि टीम को फाइनल में पहुंचने के लिए आखिरी सीरीज में कितनी जीत की जरूरत पड़ेगी। भारत की आखिरी सीरीज फरवरी 2027 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होमग्राउंड पर ही होगी। कंगारू टीम पिछले 2 दौरों पर भारत को 1-1 टेस्ट हरा चुका है। इसलिए ऑस्ट्रेलिया सीरीज से पहले ही टीम इंडिया को फाइनल में अपनी जगह पक्की कर लेनी होगी।

### भारत अब अक्तूबर में सीरीज खेलेगा

**डब्ल्यूटीसी** के एक साइकल में टीमें 6 टेस्ट सीरीज खेलती हैं, 3 अपने होमग्राउंड पर और 3 विदेशी टीमों के होमग्राउंड पर। भारत ने इंग्लैंड में सीरीज खेल ली। अब टीम इसी साल अक्तूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर 2 टेस्ट की सीरीज खेलेगी। अगले ही महीने फिर टीम साउथ अफ्रीका से भी घर में ही 2 टेस्ट की सीरीज खेलेगी। होम ग्राउंड पर चारों टेस्ट जीतकर टीम इंडिया के 76 प्वॉइंट्स हो जाएंगे। जिनसे 70 प्रतिशत प्वॉइंट्स के साथ भारत प्वॉइंट्स टेबल में नंबर-2 पर पहुंच जाएगा। फिलहाल श्रीलंका के करीब 67 प्रतिशत प्वॉइंट्स हैं। इस दौरान भारत का एक भी मैच ड्रॉ रहा तो टीम तीसरे नंबर पर ही रहेगी। इससे खराब नतीजे होने पर टीम नंबर-3 से नीचे भी जा सकती है। फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बनाए रखनी हैं तो भारत को होमग्राउंड पर सभी मैच जीतने ही होंगे।

## मैकग्रा की भविष्यवाणी: एशेज में 5-0 से जीतेगा ऑस्ट्रेलिया

**एजेंसी, लंदन**

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज सीरीज शुरू होने में अभी तीन महीने से अधिक का समय बाकी है, लेकिन दिग्गज तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा ने भविष्यवाणी की है कि ऑस्ट्रेलिया इसमें 5-0 से क्लीन स्वीप करेगा। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच यह प्रतिष्ठित सीरीज 21 नवंबर को पर्थ में शुरू होगी। मैकग्रा ने कहा कि उनकी भविष्यवाणी भारत के खिलाफ हाल में समाप्त हुई सीरीज में इंग्लैंड के प्रदर्शन पर आधारित है। भारत ने एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए खेली गई इस सीरीज में इंग्लैंड को 2-2 से बराबरी पर रोका था।



मैकग्रा ने कहा, ''मैं अमूमन भविष्यवाणी नहीं करता हूं लेकिन एशेज के लिए मेरी भविष्यवाणी है कि ऑस्ट्रेलिया इसमें 5-0 जीत हासिल करेगा।'' उन्होंने कहा, ''मुझे अपनी टीम पर पूरा भरोसा है। जब पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क, जोश हेज़लवुड और नाथन लियोन अपने घरेलू हालात में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हों, तो इंग्लैंड के लिए यह काफी मुश्किल होने वाला है। इसके अलावा इंग्लैंड का ऑस्ट्रेलिया में रिकॉर्ड भी अच्छा नहीं है।'' इंग्लैंड इस वर्ष के अंत में पांच मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगा। उसने 2015 के बाद से एशेज नहीं जीती है।

इसके अलावा इंग्लैंड को 2002-03 के बाद से ऑस्ट्रेलिया में एक सीरीज को छोड़कर बाकी सभी श्रृंखलाओं में 0-5 या 0-4 से हार का सामना करना पड़ा है। इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया में आखिरी टेस्ट मैच 2010-11 में जीता था। इंग्लैंड ने तब सीरीज 3-1 से अपने नाम की थी। ऑस्ट्रेलिया ने 2021-22 में जब इंग्लैंड का आखिरी दौरा किया था, तब 4-0 से जीत हासिल की थी। यही नहीं ऑस्ट्रेलिया ने अपनी धरती पर जो पिछले 15 टेस्ट मैच खेले हैं उनमें से 11 में उसने जीत दर्ज की है। उसने इस बीच केवल दो मैच हारे जबकि दो अन्य मैच ड्रॉ समाप्त हुए थे। (अनंत ज्ञान)

## अमेरिका के बेन शेल्टन बने टोरंटो में चैंपियन

**एजेंसी, टोरंटो**

अमेरिका के बेन शेल्टन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के रूप में अपने करियर का तीसरा और सबसे बड़ा खिताब जीता। उन्होंने फाइनल में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोव को 6-7 (5), 6-4, 7-6 (3) से हराया।

चौथी वरीयता प्राप्त 22 वर्षीय शेल्टन 2003 में एंडी रोडिक के बाद मास्टर्स 1000 हार्ड-कोर्ट प्रतियोगिता जीतने वाले अमेरिका के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। शेल्टन ने 2023 में तोक्यो में हार्ड कोर्ट पर और पिछले साल ह्यूस्टन में क्ले कोर्ट पर भी जीत हासिल की थी। इस जीत से शेल्टन विश्व रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच जाएंगे। पुरुष युगल के फाइनल में जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल ने जो सैलिसबरी और नील स्कुप्स्की को 6-3, 6-7 (5), 13-11 से हराया। (अनंत ज्ञान)



## ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम में भारतीय खिलाड़ी शामिल

**एजेंसी, मेलबर्न**

भारतीय मूल के दो क्रिकेटरों आर्यन शर्मा और यश देशमुख को अगले महीने भारत अंडर-19 टीम के खिलाफ होने वाली घरेलू सीरीज के लिए शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया।

शर्मा जहां विक्टोरिया के बल्लेबाज हैं, वहीं ऑलराउंडर देशमुख न्यू साउथ वेल्स के उन पांच खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें टीम में चुना गया है। इस टीम को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व मुख्य कोच टिम नीलसन कोचिंग देंगे। इस सीरीज की शुरुआत 21, 24 और 26 सितंबर को ब्रिस्बेन के इयान हीली ओवल में खेले जाने वाले तीन एकदिवसीय मैचों से होगी। इसके बाद 30 सितंबर से तीन अक्तूबर तक ब्रिस्बेन में और सात से 10 अक्तूबर तक मैकाय में दो चार दिवसीय मैच खेले जाएंगे। नीलसन की अंडर-19 टीम के कोच के रूप में यह पहली सीरीज होगी। वह इससे पहले 2007 से 2011 तक ऑस्ट्रेलिया की सीनियर पुरुष टीम के कोच रह चुके हैं। (अनंत ज्ञान)



## कनाडा की विक्टोरिया एमबोको ने जीता पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब

**एजेंसी, मॉन्ट्रियल**



कनाडा की किशोरी विक्टोरिया एमबोको ने अपना स्वप्निल अभियान जारी रखते हुए फाइनल में नाओमी ओसाका को तीन सेट तक चले मुकाबले में पराजित करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता।

इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका को 2-6, 6-4, 6-1 से हराकर अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता। इस जीत से वह विश्व रैंकिंग में 85वें से 25वें स्थान पर पहुंच जाएंगी।

**ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका को 2-6 6-4, 6-1 से हराया**

विक्टोरिया ओपन युग में यह खिताब जीतने वाली कनाडा की तीसरी खिलाड़ी बन गई हैं। उनसे पहले 1969 में फेय अर्बन और 2019 में बियांका एंड्रीस्कू ने यह उपलब्धि हासिल की थी।

इस टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली विक्टोरिया को पूरे मैच के दौरान दर्शकों का भरपूर समर्थन मिला। ओसाका ने मैच प्वांइट पर जैसे ही नेट में शॉट मारा विक्टोरिया घुटनों के बल बैठ गई और दर्शक खुशी से झूमने लगे। विक्टोरिया वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली तीसरी ऐसी खिलाड़ी बन गई हैं जिन्होंने डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीता। उनसे पहले 2011 में सिनसिनाटी में मारिया शारापोवा और 2019 में इंडियन वेल्स में एंड्रीस्कू ने खिताब जीता था। (अनंत ज्ञान)

## वीनस विलियम्स सिनसिनाटी ओपन के पहले दौर में बाहर

**एजेंसी, सिनसिनाटी**

एक साल से अधिक समय तक खेल से दूर रहने के बाद पिछले महीने वापसी करने वाली वीनस विलियम्स सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में स्पेन की जेसिका बुजास मानेरो से 6-4, 6-4 से हारकर बाहर हो गईं। सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन को अब अमेरिकी ओपन में भाग लेना है जहां उन्हें मिश्रित युगल में अपने जोड़ीदार रीली ओपेल्का के साथ वाइल्ड-कार्ड से प्रवेश मिला है। वीनस ने अपनी बहन सेरेना के साथ महिला युगल में 14 ग्रैंड स्लैम और मिश्रित युगल में दो खिताब जीते हैं। दुनिया में 51वीं रैंकिंग की खिलाड़ी 22 वर्षीय मानेरो का जब जन्म हुआ तब तक वीनस चार ग्रैंड स्लैम खिताब जीत चुकी थी। वह पिछले सप्ताह मांट्रियल में नेशनल बैंक ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी। 45 वर्षीय वीनस के खिलाफ यह उनका पहला मुकाबला था। (अनंत ज्ञान)



## ऑस्ट्रेलिया का दौरा एशिया कप की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण: हरमनप्रीत

**एजेंसी, बेंगलुरु**




भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने शुक्रवार को कहा कि मजबूत ऑस्ट्रेलियाई टीम का उसके घरेलू मैदान पर सामना करने से उनकी टीम को इस महीने के आखिर में होने वाले एशिया कप से पहले उन क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिलेगी जिनमें सुधार की जरूरत है।

भारतीय टीम शुक्रवार को तड़के ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो गई, जहां वह 15 से 21 अगस्त तक पर्थ हॉकी स्टेडियम में मेजबान टीम के खिलाफ चार मैचों की महत्वपूर्ण सीरीज खेलेगी।

हरमनप्रीत ने टीम के रवाना होने से पहले कहा, ''ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनके घरेलू मैदान पर खेलना हमेशा बड़ी चुनौती होती है और एशिया कप के लिए तैयारी के इस चरण में हमें इसी की जरूरत है।''

उन्होंने कहा,''हम इस सीरीज को एशिया कप की तैयारी के एक महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में देख रहे हैं। हमारा ध्यान एक इकाई के रूप में सुधार करने, मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खुद को परखने और एशिया कप के लिए राजगीर जाने से पहले जरूरी लय हासिल करने पर है।''

हरमनप्रीत ने कहा, ''ऑस्ट्रेलिया के इस दौर से हमें एशिया कप से पहले उन क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिलेगी, जिनमें सुधार करने की आवश्यकता है। हम ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हैं।'' ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच 15, 16, 19 और 21 अगस्त को खेले जाएंगे। इस सीरीज से टीम प्रबंधन को एशिया कप के लिए अंतिम टीम के चयन करने में भी मदद मिलेगी। एशिया कप 29 अगस्त से राजगीर में शुरू होगा। इस टूर्नामेंट का विजेता विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेगा। (अनंत ज्ञान)

## दुष्कर्म के आरोप में पाकिस्तानी क्रिकेटर हैदर अली गिरफ्तार

**एजेंसी, मैनचेस्टर**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा है कि उसके बल्लेबाज हैदर अली के खिलाफ इंग्लैंड में आपराधिक जांच चल रही है और उसे तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस बीच ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस ने कहा है कि बलात्कार के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पीसीबी ने कहा कि क्रिकेटर हैदर अली से जुड़ी जांच पाकिस्तान शाहीन टीम (पाकिस्तान ए टीम) के हालिया इंग्लैंड दौरे के दौरान हुई एक घटना को लेकर की जा रही है। पीसीबी ने 24 वर्षीय अली के खिलाफ जांच की प्रकृति के बारे में कुछ नहीं बताया। ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि सोमवार को उन्हें बलात्कार के आरोप की एक शिकायत मिली है।



पुलिस ने बयान ने कहा ''हमने इस संबंध में एक 24 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि यह घटना बुधवार, 23 जुलाई 2025 को मैनचेस्टर के एक परिसर में हुई थी। आगे की पूछताछ तक उस व्यक्ति को जमानत पर रिहा कर दिया गया है।'' ब्रिटेन में पुलिस आमतौर पर जांच के इस चरण में संदिग्धों का नाम नहीं बताती है। पाकिस्तान की टीम का 15 दिवसीय दौरा 22 जुलाई को शुरू हुआ था। पीसीबी ने बयान में कहा, ''अली को जांच के परिणाम आने तक तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पीसीबी यूनाइटेड किंगडम की कानूनी प्रक्रिया का पूरी तरह से सम्मान करता है और जांच को अपनी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार चलने देने के महत्व को स्वीकार करता है।''

अली ने 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से पाकिस्तान के लिए दो एक दिवसीय और 35 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। पीसीबी ने कहा कि अली को उचित कानूनी सहायता प्रदान की गई। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा, ''एक बार कानूनी कार्रवाई पूरी हो जाने और सभी तथ्य सामने आने के बाद पीसीबी को अगर जरूरी हुआ तो अपनी आचार संहिता के तहत उचित कार्रवाई करने का अधिकार है।'' (अनंत ज्ञान)

**संकेत**

### चेन्नई सुपर किंग्स संजू सैमसन की बन सकती है अगली मंजिल?

# संजू सैमसन राजस्थान रॉयल्स से तोड़ेंगे रिश्ता!

**एजेंसी, नई दिल्ली**

फैंस के दिल और दिमाग में यही होगा की क्या संजू सैमसन अब आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए नहीं खेलेंगे। बता दें कि संजू सैमसन ने राजस्थान रॉयल्स से आईपीएल 2026 से पहले उन्हें ट्रेड करने या रिलीज करने का अनुरोध किया है। आईपीएल फ्रैंचाइजी ने कई विकल्प तलाशे हैं, जिनमें सीएसके भी शामिल है, जिसने इसमें रुचि दिखाई है, लेकिन आरआर पूरी तरह से इसके पक्ष में नहीं है।

खबर यह भी है की सैमसन के परिवार के कुछ करीबी सदस्य यह संकेत दे चुके हैं कि संजू अब राजस्थान रॉयल्स के साथ अपना भविष्य नहीं देख रहे। साथ ही कुछ आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर, जो सैमसन के नजदीकी माने जाते हैं, उनका भी कहना है कि राजस्थान रॉयल्स का टीम माहौल अब पहले जैसा नहीं रहा। इस बीच खबर यह भी है की सैमसन के परिवार के कुछ करीबी यह संकेत दे चुके हैं कि संजू अब राजस्थान रॉयल्स के साथ अपना भविष्य नहीं देख रहे क्योंकि राजस्थान रॉयल्स का टीम माहौल अब पहले जैसा नहीं रहा।




संजू सैमसन ने राजस्थान रॉयल्स से आईपीएल 2026 से पहले टीम छोड़ने या ट्रेड की मांग की है। राजस्थान रॉयल्स ने सैमसन के लिए कई विकल्प तलाशे हैं, जिनमें चेन्नई सुपर किंग्स की रुचि भी शामिल है। चेन्नई सुपर किंग्स सैमसन को एमएस धोनी का संभावित उत्तराधिकारी मान सकती है, लेकिन अभी तक कोई पुष्टि नहीं हुई है।

आईपीएल 2025 के बाद से ही यह कयास लगाए जा रहे हैं कि चेन्नई सुपर किंस (सीएसके) सैमसन को एमएस धोनी के संभावित उत्तराधिकारी के रूप में देख रही है। कुछ रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि सीएसके मैनेजमेंट ने आंतरिक बैठकों में भविष्य की रणनीति पर विचार किया है। हालांकि, अभी तक यह पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता कि संजू सैमसन के नाम पर सीएसके की बैठकों में चर्चा हुई है या नहीं। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहता है आईपीएल का नियम?

**आईपीएल** के नियमों के तहत, कोई भी खिलाड़ी जिसे नीलामी में खरीदा गया हो या जिसे फ्रैंचाइज़ी ने रिटेन किया हो, वह तीन साल तक उसी टीम के साथ बंधा होता है। इस स्थिति में खिलाड़ी अपने स्तर पर टीम नहीं छोड़ सकता, इसलिए अगर संजू टीम से अलग होना चाहते हैं, तो यह फैसला केवल राजस्थान रॉयल्स की फ्रेंचाइज़ी ही ले सकती है. चाहे वो उन्हें रिलीज करे या फिर किसी दूसरी टीम के साथ ट्रेड। संजू का मौजूदा कॉन्ट्रैक्ट 2027 सीजन के बाद खत्म होगा, यानी अभी उनके पास राजस्थान रॉयल्स के साथ दो और सीजन बाकी हैं।